रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 26 जून 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 305 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### मोदी जी-7 शिखर बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह जर्मनी में जी 7 की शिखर बैठक में पर्यावरण, ऊर्जा, जलवायु, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, आतंकवाद से मुकाबला, लैंगिक समानता और लोकतंत्र जैसे सामयिक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। मोदी ने 26 से 28 जून तक जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात की यात्रा आरंभ करने से पहले अपने वक्तव्य में कहा, मैं जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के निमंत्रण पर वहां श्लॉस एल्माउ शहर जा रहा हूं जहां जर्मनी की अध्यक्षता में जी-7 देशों का शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

### सरकार ने आपदा प्रबंधन को पूर्व तैयारी आधारित बनाया : शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार ने आपदा प्रबंधन के प्रति एक समग्र दृष्टिकोण अपनाया है और इसे राहत-केन्द्रित, पूर्वचेतावनी-केन्द्रित, सक्रिय और पूर्व तैयारी-आधारित बनाया है। शाह ने गुजरात के केवड़िया में 'आपदा प्रबंधन' पर गृह मंत्रालय की संसदीय परामर्शदात्री समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि पहले आपदा प्रबंधन के प्रति देश में सिर्फ़ राहत-केन्द्रित दृष्टिकोण होता था जिसमें जान-माल के नुक़सान को कम करना शामिल नहीं था, लेकिन मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस दृष्टिकोण में काफ़ी बदलाव आया है।

### अग्निपथ योजना की नियमित समीक्षा कर खामियों को दूर किया जाएगा : राजनाथ



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तीनों सेनाओं में जवानों की भर्ती की नई योजना अग्निपथ पथ को लेकर उठ रही आशंकाओं को बेवजह करार देते हुए कहा कि इस योजना की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी और खामियों को समय-समय पर दूर किया जाएगा। सिंह ने कहा की सरकार ने इस योजना को बहुत सोच समझ कर तैयार किया है और इसे लागू करने में जो भी चुनौती आने की संभावना थी उनका निराकरण किया गया है।

# तपकरा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और नायब तहसीलदार लिंक कोर्ट खोला जाएगा : भूपेश

पायनियर संवाददाता कुनकुरी/रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले के तपकरा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और नायब तहसीलदार लिंक कोर्ट खोले जाने की घोषणा की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले में अपने भेंट मुलाकात के कार्यक्रम के दौरान पंपशाला गांव पहुंचकर जिले के तपकरा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल और नायब तहसीलदार लिंक कोर्ट खोले जाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने फरसाबहार विकास खंड में 67 स्थानों पर देवगुड़ी के लिए दो करोड़ रूपए की स्वीकृति दी। यहाँ कोल्हेनझरिया में प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास और फरसाबहार में सहकारी बैंक की शाखा प्रारंभ करने की घोषणा की गई।

बघेल ने दुलदुला विकास खण्ड के ग्राम पतराटोली में एक किसान अर्जुन सिंह दीवान के घर दोपहर का भोजन किया। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू. डी. मिंज भी उनके साथ थे। इस मौके पर श्री बघेल ने कहा कि गांव के किसान के घर खाना खाकर जो आनंद की अनुभूति हुई, वो किसी रेस्टोरेंट में खाकर भी नहीं हो पाती है। शुद्ध देशी और छतीसगढिया खाने का यह स्वाद हमेशा याद रहेगा। घर आगमन पर घर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का परम्परागत तरीके से आत्मीय स्वागत्व किया। अस्सी वर्षीय किसान अर्जुन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ भोजन कर वह बेहद खुश है। किसान ने कहा कि यह मेरा और परिवार का सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री मेरे घर भोजन पर आए। भोजन उपरांत मुख्यमंत्री ने घर के सदस्यों को उपहार भी भेंट किए।



### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कंवर समाज द्वारा निर्मित राधा कृष्ण मंदिर के किये दर्शन...

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कंवर समाज द्वारा निर्मित राधा कृष्ण मंदिर के किये दर्शन ईब नदी के तट पर बसा राधा कृष्ण मंदिर कंवर समाज का ऐतिहासिक मंदिर है। यहां पर मकर संक्रांति के दिन कंवर समाज का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर सामूहिक विवाह तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत विवाह भी संपन्न कराए जाते हैं। वहीं मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में आम के पौधे का रोपण किया।

### विपक्षी दलों को कुचलने की नीति का खामियाजा भुगतना पड़ेगा भाजपा को : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केन्द्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर विपक्षी दलों को रौदने और कुचलने का आरोप लगाते हुए कहा हैं कि इसका खामियाजा देर सबेर उन्हे भी भुगतना पड़ेगा। बघेल ने प्रदेश व्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम के लिए रवाना होने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा विपक्षी दलों को बर्दास्त नही कर पा रही हैं और असहमति का वह सम्मान करना नही जानते।वह विपक्षीदलों को रौद देने और कुचलकर समाप्त कर देने की नीति पर काम कर रही हैं।

लोकतांत्रिक देश में इसे स्वीकार नही किया जा सकता हैं।उन्हे देर सबेर इसका खामियाजा जरूर भुगतना पड़ेगा। उन्होने महाराष्ट्र के घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि भाजपा तीन दलों के वहां मजबूत गठबंधन को लेकर डरी हुई है और उसे भय है कि इस गठबंधन के रहते उसको महाराष्ट्र में 2024 में भारी नुकसान हो सकता हैं। उन्होने कहा कि जो विधायक विद्रोह किए है वह पहले गुजरात जाते है फिर भाजपा शासित असम में डेरा डाल दिए है।अगर उन्हे विद्रोह करना ही था तो महाराष्ट्र में रहकर कार्यकर्ताओं और जनता के बीच में रहकर करना था तथा उन्हे अपने निर्णय से सन्तुष्ट करना था।उन्होने कहा कि महाराष्ट्र की जनता सब देख रही हैं और भाजपा एवं विद्रोहियों दोनो को सबक सिखायेंगी। बघेल ने सेना में लागू की गई अग्निपथ योजना को लेकर मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वन रैंक वन पेंशन का वादा कर सत्ता में आई सरकार ने इस योजना के जरिए नो रैंक नो पेंशन को लागू कर दिया हैं। उन्होने कहा कि सेना में बहादुरी के लिए अभी तक मेडल मिलते है अब चार वर्ष बाद रिटायर्ड होने के बाद युवा शादी के कार्ड पर पूर्व अग्निवीर छपवायेंगे।उन्होने कहा कि देश के तमाम सेवानिवृत सेना के ख्यातिनाम मेडल प्राप्त अधिकारियों ने इस योजना की आलोचना की है और इसे सेना के साथ मजाक करार दिया हैं।

## राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करेगी बसपा : मायावती

पायनियर संवाददाता लखनऊ
www.dailypioneer.com

अगले महीने होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू का समर्थन करने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा अध्यक्ष मायावती ने जानकारी देते हुए कहा कि आदिवासी समाज को बसपा के आंदोलन का खास हिस्सा मानते हुए उनकी पार्टी ने मुर्मू को एक आदिवासी महिला होने के नाते समर्थन देने का फैसला किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बसपा ने राजग को नहीं बल्कि आदिवासी महिला उम्मीदवार का समर्थन किया है। साथ ही उन्होंने सत्ता पक्ष एवं विपक्ष पर बसपा को अलग थलग करने की राजनीतिक साजिश रचने का भी आरोप लगाया है। गौरतलब है कि 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्पति चुनाव में आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली मुर्मू ने राजग उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया है। वहीं विपक्षी दलों ने अपने साझा उम्मीदवार के रूप में पूर्व केन्द्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा का नाम घोषित किया है। सिन्हा 27 जून को नामांकन करेंगे। उत्तर प्रदेश में बसपा के दस सांसद और एक विधायक है। मायावती ने एक बयान जारी कर अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि बसपा, राष्ट्रपति चुनाव में अपना फैसला खुद लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि इसके तहत ही, हमारी पार्टी ने



आदिवासी समाज को अपनी मूवमेन्ट का खास हिस्सा मानते हुये, द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद के लिए अपना समर्थन देने का फैसला लिया है। हमने यह अति-महत्वपूर्ण फैसला, बीजेपी व इनके एनडीए के पक्ष में नहीं और ना ही इनके विपक्ष यपूीए के विरोध में लिया है, बल्कि अपनी पार्टी व मूवमेन्ट को विशेष ध्यान में रखकर ही एक आदिवासी समाज की महिला को देश का राष्टपति बनाने के लिए यह खास फैसला लिया है। मायावती ने यह भी कहा कि हालांकि वह (मुर्मू) कितना फ्री होकर व बिना किसी दबाव के कार्य कर पायेंगी, यह तो आगे चलकर, समय ही बतायेगा। मायावती ने भाजपा एवं अन्य विपक्षी दलों पर सर्वसम्मति से राष्टपति पद का उम्मीदवार चुनने की कोशिशों को महज प्रपंच करार देते हुए इस मुहिम में बसपा को अलग थलग रखने का आरोप भी लगाया।

### नियंत्रण रेखा के पास प्रशिक्षण कैम्पों में 500-700 आतंकवादी मौजूद

**श्रीनगर।** सेना ने कहा कि नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम के बावजूद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में प्रशिक्षण शिविरों में 500-700 आतंकवादी मौजूद हैं और कश्मीर घाटी में घुसपैठ करने के लिए लगभग 150 आतंकवादी



लांचपैड पर इंतजार कर रहे हैं। कश्मीर में सेना के एक अधिकारी ने कहा कि नियंत्रण रेखा के पार मनशेरा, कोटली और मुजफ्फराबाद तीन प्रशिक्षण शिविरों में 500 से 700 आतंकवादी मौजूद हैं। सेना के अधिकारी ने नाम ने छापने की शर्त पर कहा कि लॉन्चपैड्स पर घाटी के सामने से करीब 150 लोग घुसपैठ के लिए तैयार हैं। सेना के अधिकारी ने कहा कि कश्मीर में मई के अंत तक कोई घुसपैठ सफल नहीं हुई है। इसके बाद आतंकवादी भारतीय सीमा में घुसने के लिए वैकल्पिक रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की वारदात को अंजाम देने के लिए अब काफी हद तक पीर पंजाल के दक्षिण में ध्यान दिया जा रहा है और ऐसी भी खबरें मिल रही है कि कि कुछ लोग नेपाल के रास्ते भी घुसपैठ कर सकते हैं। अधिकारी ने कहा कि हालांकि घुसपैठ की संभावना बनी हुई है, लेकिन एलओसी पर बाड़, सुरक्षा बलों की तैनाती और निगरानी उपकरणों ने घुसपैठ करने की घटनाओं को कम कर दिया है।

### अग्निपथ विवाद पर कांग्रेस 20 राज्यों में करेगी प्रेस कॉन्फ्रेंस

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में कांग्रेस लगातार मुखर हो रही है और उसने रविवार को 'अग्निपथ की बात युवाओं के साथ विश्वासघात' नाम से देश के 20 राज्यों की राजधानियों में प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का फैसला किया है। कांग्रेस ने यह जानकारी देते हुए बताया की इन प्रस्तावित



प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिये युवाओं को बताया जाएगा कि अग्निपथ को लेकर सरकार युवाओं को किस तरह से भ्रमित कर रही है। इन प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए कांग्रेस प्रवक्ता अग्निपथ की असलियत की बात युवाओं से करेंगे और उन्हें समझाएगी कि सरकार इस योजना के माध्यम से किस तरह युवाओं के साथ विश्वासघात कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन लखनऊ, कैप्टन अजय यादव जम्मू, कन्हैया कुमार पटना, डॉ अजय कुमार गुवाहाटी, पवन खेड़ा कोलकाता, शोभा ओझा रायपुर, अखिलेश प्रताप सिंह भोपाल, गौरव गोगई चेन्नई, पल्लमराजू बेंगलुरु, सुप्रिया श्रीनेत मुंबई, अलका लांबा अहमदाबाद, रंजीता रंजन चंडीगढ़, मानवेंद्र सिंह देहरादून, शक्ति सिंह गोहिल दिल्ली सहित देश के 20 राज्यों की राजधानियों में पार्टी के प्रवक्ता संवाददाताओं को संबोधित करेंगे।




**जिन्होंने हमें छोड़ दिया है, वह हमारे पैतृक नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकते**

# बागियों का होगा 'हिसाब', नहीं इस्तेमाल करने देंगे बालासाहेब का नाम : संजय राउत

एजेंसी मुंबई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में चल रही पॉलिटिकल क्राइसिस में हर पल एक नया मोड़ आ रहा है। इस बीच बागियों के खिलाफ शिवसेना की मीटिंग के बाद पार्टी नेता संजय राउत ने बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि हम बागियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। राउत ने कड़े लहजे में कहा कि बागियों का हिसाब किया जाएगा। शाम तक उनका हाल लोगों को पता चल जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपनी स्वार्थभरी राजनीति के लिए बालासाहेब के नाम का इस्तेमाल किया, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। जिन्होंने हमें छोड़ दिया है, वह हमारे पैतृक नाम का इस्तेमाल नहीं कर सकते।



**बालासाहेब के नाम पर वोट नहीं मांग सकेंगे बागी-** संजय राउत ने कहा कि हमने छह प्रस्ताव पास किए हैं। साथ ही तय किया है कि शिवसेना बालासाहेब ठाकरे के बताए हिंदुत्व के रास्ते पर चलेगी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की एकता के लिए हम इससे कोई भी समझौता नहीं करने वाले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने स्पष्ट कर दिया है कि जिन लोगों ने शिवसेना छोड़ दी है, वह इस पार्टी और बालासाहेब ठाकरे के नाम पर वोट नहीं मांग सकते। उन्होंने कहा कि यह लोग अब अपने पिता के नाम पर वोट मांगें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि महाविकास अघाड़ी पूरी तरह से अखंड है।

**कहा-उद्धव ठाकरे ने शानदार काम किया-** इसके साथ ही संजय राउत ने यह भी स्पष्ट किया कि शाम तक लोगों का पता चल जाएगा कि बागियों पर क्या कार्रवाई हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने जो काम किया है, वह शानदार है।

### उद्धव सरकार के खिलाफ जिरवाल ने खारिज किया अविश्वास प्रस्ताव

महाराष्ट्र विधानसभा के उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस को खारिज कर दिया। यह नोटिस शिवसेना के बागी विधायकों और उनके नेता एकनाथ शिंदे ने भेजा था। सूत्रों के अनुसार जिरवाल के कार्यालय ने बताया कि सेना बागी 16 विधायकों की सदन सदस्यता समाप्त करने के नोटिस भेजे गये हैं और उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए मुम्बई में हाजिर होने को कहा गया है। इस बीच, शिवसेना के दोनों गुटों ने शनिवार को अपनी आगे की रणनीति तय करने के लिए बैठकें बुलाई हैं। मुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे की अध्यक्षता में पार्टी की कार्यकारिणी एक बैठक दोपहर बाद सेना भवन में हुई। उधर, शिंदे के नेतृत्व में गुवाहाटी के एक होटल में बैठक की जहां वह पिछले कई दिनों से जमे हुए हैं। शिंदे के नेतृत्व में बागी गुट ने 'शिवसेना बालासाहब ठाकरे' के नाम से एक नयी पार्टी बनाने का फैसला किया है। इस बीच, मुंबई शिवसेना की कार्यकारिणी की बैठक से मिली जानकारी के अनुसार ठाकरे के गुट ने प्रस्ताव पारित किया है कि किसी अन्य गुट या खेमे को शिवसेना और इसके संस्थापक बालासाहब ठाकरे के नाम का इस्तेमाल करने की छूट नहीं होगी।

# पंजाब की अमन-शांति भंग करने की इजाजत किसी को नहीं : मान

वार्ता चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गैंगस्टरों को जड़ से खत्म करने के प्रति अपनी सरकार की वचनबद्धता दोहराते हुये कहा है कि प्रदेश सरकार हर हालत में कानून-व्यवस्था बनाये रखेगी तथा किसी को भी अमन-शांति भंग करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मान विधानसभा में राज्यपाल अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदेश की समृद्धि तथा शांति अमन बनाये रखना है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि नशीले पदार्थ के खिलाफ जेहाद जारी है तथा नशा माफिया से कड़ाई से निपटने के पुलिस को निर्देश दे दिये गये हैं। नशीला पदार्थ बेचने में शामिल 'बड़ी मछलियों' को गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं। मान ने सदन को बताया कि राज्य में गैंगस्टरों की गतिविधियों पर लगाम कसने की कोशिश कर रही है तथा सरकार जल्द ही विटनेस प्रोटेक्शन बिल लायेगी तथा जेलों को अति सुरक्षित जेलों के रूप में अपग्रेड करेगी। सरहद पार से आ रहे नशीले पदार्थ तथा हथियारों की तस्करी रोकने के लिये एसटीएफ ने तकनीकी सहयोग के लिये जिला पुलिस ,खुफिया इकाई, बीएसएफ और एनसीबी तथा अन्य एजेंसियों के साथ तालमेल करके बड़ी कार्रवाई कर रही है। आप सरकार की तीन माह का खाका पेश करते हुये मान ने कहा कि वह चुनौतीपूर्ण हालात का सामना कर इन परीक्षाओं से पास होकर निकलेंगे। उन्होंने दलगत भावनाओं से उपर उठकर सदन के सभी सदस्यों को भरोसा दिलाया कि वे प्रदेश के सभी मुद्दों को हल करने में सहयोग करें तो पंजाब प्रगति और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ेगा। मान ने कहा कि सभी सदस्यों के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ी है कि पूर्व विधायकों के लिये एक पेंशन दिलाने की मिसाल कायम की है और इसमें सभी के सहयोग की अपेक्षा है। इसी तरह भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने की सरकार की वचनबद्धता से वह कभी पीछे नहीं हटेंगे। यही कारण है कि पिछले सौ दिनों में भ्रष्टाचार विरोधी हेल्पलाइन जारी कर 29 मामले दर्ज किये तथा 47 गिरफ्तारियां की गईं। सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिये सरकार खाली पदों को भरने जा रही है तथा 5994 ईटीटी अध्यापक तथा 8393 प्री प्राइमरी शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। अब शिक्षकों को केवल पढ़ाई संबंधी कार्य की जिम्मेदारी दी जायेगी तथा गैर शिक्षक कार्यों के लिये अलग काडर बनाया जायेगा। उनके अनुसार विभिन्न विभागों, बोर्ड, निगम और एजेंसियों में 25 हजार खाली पड़े पदों को भरने के का सरकार ने फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि अब पंजाब से दिल्ली हवाई अड्डे तक सीधी बसें चलाकर लोगों को बड़ी राहत दी है। आधुनिक सुविधाओं से लैस लक्जरी बसों का किराया प्राइवेट बसों से 50 फीसदी कम है। मान ने कहा कि ई-गर्वनेंस की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुये सरकार ने नागरिकों के लिये आवश्यक मंजूरी वाला आधार नंबर पर आधारित ई-लर्नर लाइसेंस शुरू किया है जो मोबाइल फोन में डाउनलोड होगा। लोगों को अब धक्के खाने नहीं पड़ेंगे । इससे सालाना पांच लाख लोगों को लाभ मिलेगा। उनकी सरकार शत-प्रतिशत आबादी को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों में सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये पंचायती जमीनों को पर हुये अवैध कब्जे छुड़ाने के मिशन की शुरुआत की है। इसके तहत 6100 एकड़ पंचायती जमीन पर अवैध कब्जे छुड़ाये गये हैं। इसके अलावा साल 2022-23 के लिये अलग अलग स्कीमों के तहत 1.2 करोड़ से अधिक पौधे लगाकर जंगल का रकबा बढ़ाया जायेगा ताकि 'व्यापक जंगलात तथा हरियाली' मुहिम शुरू की जा सके।

# भविष्य के विकास के लिए शोध महत्वपूर्ण : मांडविया

वार्ता पुडुचेरी
www.dailypioneer.com




केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि देश में भविष्य के विकास के लिए शोध बेहद जरुरी है। मांडविया ने आईसीएमआर के वेक्टर नियंत्रण अनुसंधान केंद्र (वीसीआरसी) में एक भवन निर्माण की आधारशिला रखने के बाद कहा कि जब कोविड- 19 ने एक चुनौती बना हुआ था तब हमारे शोधकर्मियों ने कड़ी मेहनत के साथ काम कर के इसके वैक्सीन का विकास किया। उन्होंने कहा कि देश के 130 करोड़ आबादी के पास वैक्सीन पहुंचाना बहुत ही मुश्किल काम था। मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसमें गहरी रुचि दिखाई और शोधकर्मियों की मदद से हमने वैक्सीन को विकसीत कर लिया। उन्होंने कहा कि देश में विकसित वैक्सीन को सिर्फ हमने इस्तेमाल नहीं किया, हमने वैक्सीन को दूसरे अन्य देशों में भी वितरीत की, जो देश के लिए गर्व की बात है। मांडविया ने कहा कि मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी और एनआर कांग्रेस-भाजपा सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश में कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए बेहद प्रभावी ढ़ंग से काम किया था।

## प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर शिवसेनिको ने शिंदे का पुतला फूंका

**अलवर।** राजस्थान में प्रत्येक जिला मुख्यालय पर आज शिव सैनिकों द्वारा शिवसेना से बगावत करने वाले शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के खिलाफ नारेबाजी कर पुतला फूंका गया। शिवसेना के पूर्व राज्य प्रमुख राज कुमार गोयल ने बताया कि शिवसेना प्रमुख रहे बाला साहब ठाकरे ने एक शिवसैनिक को सड़क से उठाकर एक बड़ा नेता बना दिया और आज वही शिवसैनिक एकनाथ शिंदे सरकार तोड़ने पर आमादा है। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रत्येक जिला मुख्यालय पर पुतला दहन किया गया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पूरी पार्टी शिवसैनिक सुप्रीमो उद्धव ठाकरे के साथ है। उन्होंने शिंदे को गद्दार बताते हुए कहा की जो इस चाल के पीछे नेता है उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

# अहमदाबाद में बच्चों के अस्पताल वाली वाणिज्यिक इमारत में लगी भीषण आग, 70 लोगों को बचाया गया

एजेंसी अहमदाबाद
www.dailypioneer.com



गुजरात के अहमदाबाद में शनिवार को एक चार मंजिला वाणिज्यिक इमारत की तीसरी मंजिल पर भीषण आग लग गई। इमारत में बच्चों का एक अस्पताल भी है। हालांकि, समय रहते तीन नवजात बच्चों सहित करीब 70 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि परिमल गार्डन चौराहे के पास स्थित देव कॉम्प्लेक्स में दोपहर बाद आग लगने की सूचना मिली थी। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की 27 गाड़ियों को तुरंत मौके पर भेजा गया। आग के बाद पूरा परिसर घने धुंए से भर गया था। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया प्रतीत होता है कि सबसे पहले आग इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित अकाउंटिंग फर्म के सर्वर रूम में लगी। उन्होंने बताया कि घटना के समय इमारत में 60-70 लोग फंसे थे, जिनमें बच्चों के अस्पताल में मौजूद 13 बच्चे भी शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि करीब 70 लोगों को इमारत से सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिनमें से तीन नवजात बच्चे जिन्हें नवजात गहन चिकित्सा शाखा (एनआईसीयू) में भर्ती किया गया था और 10 अन्य बच्चे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मरीजों को नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। इससे पहले शुक्रवार को गुजरात के ही वडोदरा शहर के मकरपुरा इलाके स्थित फिनिक्स स्कूल की बहुमंजिला इमारत में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी और इमारत में धुंआ भर गया था।

# राजस्थान में जनहित के कार्यों से हमारी सरकार दुबारा आयेगी : गहलोत

वार्ता सीकर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपेक्षा जताते हुए कहा है कि जिस तरह पिछले करीब चार साल में प्रदेश में हुए जनहित के कार्यों से लग रहा है कि हमारी सरकार दुबारा आयेगी। गहलोत सीकर जिले के कोठ्यारी गांव में पूर्व विधायक सांवरमल मोर की प्रतिमा का अनावरण एवं श्रद्धा शिक्षा बालिका महाविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनाव में हार जीत होना एक अलग बात है लेकिन जनता के प्रति जवाबदेही होना महत्वपूर्ण है। हमने अब तक के कार्यकाल में जनहित के कार्य किये है। ऐसे में अपेक्षा भी रखी जाती है कि सरकार दुबारा आएगी। अपनी सरकार की तमाम योजनाओं की चर्चा करने के साथ मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 42 लाख लोगों का बिल बिजली का बिल शून्य आ रहा है। जिनमें से सात लाख किसानों का बिजली का बिल भी शामिल है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार का बजट पूरे देश के लिए नजीर बन गया है।बजट में समाज के प्रत्येक तबके का पू 'महत्व और उसकी आवश्यकताओं को समावेश किया गया है। उन्होंने कहा एक अच्छी सरकार के लिए कर्मचारियों का सहयोग बहुत जरूरी है हमने उनकी पेंशन की मांग को स्वीकार कर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है ।

## स्कूटी फिसलने से किशोर की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में शनिवार दोपहर एक दोपहिया वाहन स्कूटी फिसलने से उसको चला रहे किशोर की मृत्यु हो गई। जिला आपदा प्रबन्धन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के पास स्थान मातली के पास एक स्कूटी वाहन संख्या यूके-07-बीएल-3261 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस पर एक ही व्यक्ति सवार था। जिसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पुष्टि अंकित कुमार (14) पुत्र श्रीदास, निवासी इन्द्र कालोनी, बाड़ाहाट उत्तरकाशी के रूप में हुई है।

# गुजरात दंगा : तीस्ता सीतलवाड़ को मुंबई थाने ले गई एटीएस, होगी पूछताछ

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



2002 गुजरात दंगों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अगले दिन गुजरात एटीएस की दो टीमें तीस्ता सीतलवाड़ के मुंबई स्थित घर पहुंची है। गुजरात दंगों में सीतलवाड़ के एनजीओ की जांच के लिए एटीएस की टीम उन्हें पूछताछ के लिए अहमदाबाद ले जाएगी। जानकारी सामने आ रही है कि उन्हें पहले मुंबई के सांताक्रूज थाने में ले जाया गया है। बता दें कि गुजरात दंगों में सीतलवाड़ के एनजीओ की भूमिका पर भी सुप्रीम अदालत ने और जांच की जरूरत बताई थी। गुजरात दंगों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित एसआईटी में पीएम नरेंद्र मोदी समेत 55 राजनेताओं और अधिकारियों को मिली क्लीन चिट के खिलाफ जाकिया जाफरी ने याचिका दायर की थी। जिसे शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कानून का दुरपयोग करना ठीक नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी जांच की तारीफ की और तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि जितने लोग कानून का खिलवाड़ करते हैं उनके खिलाफ ऐक्शन लिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तीस्ता सीतलवाड़ का नाम भी लिया और कहा कि सीतलवाड़ के खिलाफ और जांच की जरूरत है।

**सीतलवाड़ के घर पहुंची एटीएस-** मीडिया रिपोर्ट्स हैं कि एटीएस तीस्ता सीतलवाड़ के घर पहुंची है। इससे पहले शनिवार सुबह एक इंटरव्यू में गृह मंत्री अमित शाह ने भी तीस्ता सीतलवाड़ का जिक्र किया था। उन्होंने कहा था कि सीतलवाड़ का एनजीओ पूरे केस में खासा सक्रिय था। गृह मंत्री ने तहलका मैगजीन के स्टिंग ऑपरेशन का भी जिक्र किया और कहा कि अदालत ने उसको खारिज कर दिया। बकौल अमित शाह मीडिया से लेकर एनजीओ और राजनीतिक जमात ने नरेंद्र मोदी को बदनाम करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी।

# द्रौपदी मुर्मू ने हेमंत सोरेन से की बात, राष्ट्रपति चुनाव में मांगा समर्थन

एजेंसी रांची
www.dailypioneer.com



राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता व झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से फोन पर बात की और उनसे राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन करने की अपील की। सूत्रों ने बताया कि मुर्मू ने सोरेन से व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया और उनसे उनकी उम्मीदवारी का समर्थन करने का अनुरोध किया है। मुर्मू ने 18 जुलाई को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने से पहले कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) प्रमुख शरद पवार, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी संपर्क किया था। सूत्रों ने बताया कि तीनों नेताओं ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इस बीच, आदिवासी पार्टी कही जाने वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आगामी राष्ट्रपति चुनाव पर चर्चा करने के लिए शनिवार को अपने सांसदों और विधायकों की बैठक बुलाई है। झामुमो कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) का घटक दल है और झारखंड में अभी गठबंधन की ही सरकार है। मुर्मू ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पीठासीन अधिकारी पी.सी.मोदी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस मौके पर उनके साथ अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी सहित कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे।

## रिलायंस फाउंडेशन की असम बाढ़ पीड़ितों के लिए 25 करोड़ की मदद

**नई दिल्ली।** असम के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और उनके बेटे अनंत अंबानी आगे आए हैं जिसमें रिलायंस फाउंडेशन ने असम मुख्यमंत्री राहत कोष में 25 करोड़ रुपये दिए हैं। कंपनी ने शनिवार को एक बयान में बताया कि रिलायंस फाउंडेशन पिछले एक माह से बाढ़ पीड़ितों की मदद में जुटा है। इसके लिए हमारी टीमें असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग, जिला प्रशासन तथा अन्य नागरिक समाजिक संगठनों के साथ मिल कर काम कर रही है। बयान में बताया गया कि चिकित्सा शिविरों और पशुधन शिविरों के साथ, रिलायंस फाउंडेशन तत्काल राहत प्रदान करने के लिए सूखा राशन और स्वास्थय जरूरतों के लिए किट वितरित कर रहा है। अब तक 5,000 से अधिक परिवारों को किट दी गई हैं। पहली जून को शिविरों की शुरुआत की गई थी तब से 1,900 से अधिक लोगों की स्वास्थय जांच और इलाज किया गया। पशुधन शिविरों में 10,400 से अधिक बेजुबान जानवरों का इलाज किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ हेमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण मोड़ पर असम के लोगों के साथ खड़े होने के लिए मुकेश अंबानी और अनंत अंबानी का हार्दिक आभार।

# गुजरात के षडयंत्रकारी देश से मांगे माफी : योगी

वार्ता लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2002 के गुजरात दंगों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत करते हुए षड्यंत्रकारियों को माफी मांगने को कहा है। योगी ने शनिवार को ट्वीट किया माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात दंगों के संबंध में आदरणीय प्रधानमंत्री जी को दी गई क्लीन चिट सत्य के सकुशल व विजयी होने का उद्घोष है। षड्यंत्रकारियों को देश से सार्वजनिक क्षमा मांगनी चाहिए। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने 2002 में गुजरात दंगों में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट देने वाली एसआईटी रिपोर्ट के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका जाकिया जाफरी की ओर से दाखिल की गई थी। कोर्ट ने एसआईटी की जांच रिपोर्ट को सही माना है। जस्टिस एएम खानविलकर, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने ये फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सात महीने पहले 9 दिसंबर 2021 को जाकिया जाफरी की याचिका पर मैराथन सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। गुजरात दंगों की जांच के लिए बनी एसआईटी ने तब गुजरात के मुख्यमंत्री रहे अब के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्लीन चिट दी थी।

# ब्रह्माकुमारी की माताओं, बहनों की ताकत से बदल रही दुनिया : राजे


वार्ता माउंट आबू
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर आज भी महिलाओं को कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। राजे ने यह बात यहां ब्रह्माकुमारी संगठन की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती की 57वीं पुण्यतिथि पर संगठन के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कही। ब्रह्माकुमारी संगठन की बहनों ने समाज के विभिन्न वर्गों को एकता के सूत्र में पिराने के लिए कड़े संघर्ष किए हैं। उन्होंने मातेश्वरी जगदम्बा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संस्थान माताओं बहनों से संचालित होती है कितनी बड़ी ताकत है। यह संस्थान पूरी दुनिया में जन जन तक ज्ञान फैलाने का कार्य कर रहा है। ऐसे बहुत कम संस्थान है जो इस तरह का कार्य कर रहे हैं। जब हम खुद को बदलते है तो उसका समाज पर बहुत बड़ा असर पड़ता है। हमें मेडिटेशन से अपने अन्दर बदलाव लाने की जरूरत है। इतना बड़ा संगठन है जो दुनिया भर में कार्य करता है। आज यहॉं आकर महसूस हो रहा है कि मेडिटेशन और ध्यान मनुष्य के जीवन में कितना जरूरी है। जगदम्बा का व्यक्तित्व समस्त नारी जगत के लिए गौरव की बात है। उन्होंने मानव सेवा का कार्य उस समय हाथ में लिया जब समाज में महिलाओं का घर से निकलना बहुत कठिन होता था। ब्रह्माकुमारीज संस्थान की संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके मुन्नी ने कहा कि जगदम्बा सरस्वती का जीवन एक उदाहरणमूर्त रहा। उनका हमेशा एक ही स्लोगन रहा कि जो कर्म हम करेंगे हमें देख और करेंगे। इसलिए हमेशा अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर ब्रह्माकुमारीज के कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय, संयुक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी डॉ निर्मला समेत कई लोगों ने अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान जालोर सिरोही सांसद देवजी भाई पटेल, आबू रोड रेवदर विधायक जगसीराम कोली, आबू पिण्डवाड़ा विधायक समाराम गरासिया, बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व मंत्री यूनुष खान, ओटाराम देवासी, पूर्व उर्जामंत्री पुष्पेन्द्र सिंह राणावत, पूर्व जिला प्रमुख पायल परसराम पुरिया, माउण्ट आबू डीएसपी योगेश शर्मा, आबू रोड सदर थानाधिकारी हरचन्द समेत कई लोग उपस्थित थे। इस मौके पर बीजेपी के शहर एवं ग्रामीण कार्यकर्तृता उपस्थित थे।

# आंध्र, तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिमी मानसून सक्रिय

वार्ता चेन्नई
www.dailypioneer.com



आंध्र प्रदेश और तेलंगाना समेत देश के दक्षिणी हिस्से में दक्षिण पश्चिमी मानसून सक्रिय है जिसके कारण दोनों राज्यों में अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक केरल, लक्ष्वीप और तटीय कर्नाटक के अधिकांश क्षेत्रों में बारिश हुई, जबकि तटिय आंध्र प्रदेश, यानम और तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों में बारिश हुई। आंतरिक कार्नाटक, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी और रायलसीमा के कुछ जगहों पर बारिश हुई, जबकि कराईकल इलाके में मौसम शुष्क रहा। इस दौरान तमिलनाडु के कोयंबटूर में सात सेमी बारिश हुई, जबकि पुदुकोट्टई में पांच सेमी, तिरूवल्लुर में चार सेमी, थेनी में तीन सेमी बारिश हुई।

केरल के आलप्पुझा, कन्नूर में नौ सेमी बारिश हुई जबकि कोट्टय, कोझीकोड में सात सेमी बारिश हुई। इस दौरान पुड्डुचेरी में छह सेमी बारिश हुई। कर्नाटक के उत्तरी कर्नाटक और दक्षिण कर्नाटक में क्रमशः नौ सेमी बारिश हुई, जबकि बेलगावी जिले में पांच सेमी बारिश हुई। रायलसीमा के चित्तूर में एक सेमी बारिश हुई, जबकि तेलंगाना के निजामाबाद और कोमुरम भीम में नौ सेमी तथा निर्मल में आठ सेमी बारिश हुई। तटीय कर्नाटक के विभिन्न इलाकों में शनिवार को भारी से भारी बारिश होने की अनुमान है, जबकि निलगिरि, कोयंबटूर, तिरुपूर, थेनी और तमिलनाडु के डिंडीगुल, केरल, आंतरिक कर्नाटक तटीय आंध्रप्रदेश तथा तेलंगाना में भारी बारिश होने के आसार हैं। तटीय कर्नाटक के विभिन्न क्षेत्रों में रविवार को भारी से बहुत भारी बारिश होने की अनुमान है, जबकि आंतरिक कर्नाटक और केरल के कई स्थानों पर भारी बारिश होने के आसार हैं। केरल और तटीय कर्नाटक के विभिन्न इलाकों में सोमवार को भारी बारिश होने के अनुमान है। तटीय कर्नाटक के कई इलाकों में मंगलवार को भारी से भारी बारिश होने के अनुमान है, जबकि केरल और दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं। तटीय कर्नाटक के विभिन्न इलाकों में बुधवार को भारी से भारी होने के अनुमान है, जबकि केरल और आंतरिक कर्नाटक के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक आकाश में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस दौरान कुछ इलाके में हल्की से मध्यम बारिश होने के अनुमान है।

अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 36 डिग्री सेल्सियस और 27 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं।

## सेल्वम ने की पुड्डुचेरी के विकास के लिए 1000 करोड़ की मांग

**पुड्डुचेरी।** केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी विधानसभा के अध्यक्ष आर. सेल्वम ने शनिवार को केंद्र सरकार से प्रदेश को एक हजार करोड़ रुपये देने का आग्रह किया। सेल्वम ने इस संबंध में प्रदेश के दौरे पर शनिवार को आये केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को एक ज्ञापन पत्र प्रस्तुत किया। श्री सेल्वम ने इस पत्र में सरकारी अस्पतालों के विकास व इनमें आधारभूत संरचना को सुधारने, प्रदेश में एक चिकित्सा विश्वविद्यालय, नशामुक्ति केंद्रों, एक संक्रामक रोगी अस्पताल और एक अनुसंधान केंद्र को स्थापित करने के लिए एक हजार करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता के रूप में मांग की है। उन्होंने कराईकल में जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (जिपमेर) को 500 बिस्तरों के साथ एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में परिवर्तित करने, कराईकल जिपमेर में 62 आयुर्विज्ञान तथा शल्य-चिकित्सा स्नातक (एमबीबीएस) में और 100 सीटों तक बढ़ाने और जिपमेर द्वारा कराईकल सरकारी अस्पताल को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में उपयोग करने के लिए 30 करोड़ रुपये प्रदान करने का भी आग्रह किया। अध्यक्ष ने कमजोर वर्ग के मरीजों के मामले में मंडाविया के हस्तक्षेप का भी आग्रह किया, जिन्हें जिपमेर में दवाओं की कमी के कारण बाहर से दवाएं खरीदने के लिए कहा जाता है।

# लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करें : कलेक्टर

■ दंतेवाड़ा को एनीमिया मुक्त बनाने के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



संयुक्त जिला कार्यालय के डंकिनी सभाकक्ष में बुधवार को कलेक्टर श्री दीपक सोनी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के विकासखंडवार गौधन न्याय योजना अंतर्गत गोबर खरीदी एवं भुगतान की वर्तमान स्थिती के बारे में जानकारी ली। श्री सोनी ने गौठान अंतर्गत बने वर्मी कंपोस्ट, सुपर कंपोस्ट का नियमित रूप से उठाव करने के निर्देश दिए। साथ ही नगरीय क्षेत्रों के गौठानो का सुचारू रूप से संचालन करने को कहा। आवर्ती चराई गौठानो में मॉनिटरिंग करने को कहा।ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सचिवालय में प्राप्त आवेदनों व निराकरण की स्थिती को देखते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान भेंट मुलाकात में प्राप्त आवेदन मांगो एवं मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणा एवं निर्देश का विभागवार समीक्षा करते हुए प्राथमिकता से त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। एनीमिया मुक्त दंतेवाड़ा के लिए सबन्धित अधिकारियों से किये जा रहे कार्यों के सबंध में जानकारी ली। उन्होंने सबन्धित विभागों को कार्ययोजना अनुसार समन्वय कर मैदानी स्तर पर क्रियान्वयन करने को कहा। साथ ही टेस्टिंग करने के साथ ही समय पर उपचारित करने को कहा। सोनी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में सुझाव पेटी लगाई जाए। जिसमे अस्पताल से सबन्धित कोई परेशानी हो या बेहतर व्यवस्था हेतु सुझाव के लिए आवेदन दे सकते हैं। सुझाव पेटी में प्राप्त आवेदनों को सबन्धित एसडीएम के द्वारा खोला जाएगा व प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। श्री सोनी ने समय सीमा में लंबित आवेदनों का समय से निराकरण करने को कहा। उन्होंने जिले में नए सत्र में स्कूल एवं आश्रमों को निर्धारित समय पर संचालित करने के साथ ही स्कूल के बच्चों को टीकाकरण करने को कहा। पंचायत स्तर पर राशन कार्ड के लिए प्राप्त आवेदनों के बारे में जानकारी लेते हुए वंचित परिवारों को राशन कार्ड वितरण करने के निर्देश दिए। जिले में सभी स्थानों पर कहीं भी अनुपयोगी बोरवेल खुले न हो यह सुनिश्चित करते हुए बोरवेल को ढककर रखने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री आकाश छिकारा, संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेन्द्र ठाकुर, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार एवं सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं से हुए रूबरू

समय-सीमा की बैठक के पश्चात कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के समक्ष जनदर्शन में आये आम नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया। आये हुए आमजन ने आवेदन जैसे दुकान संचालन ऋण प्रदान करने हेतु, घर की आर्थिक स्थिति हेतु मदद, सोलर पंप लगाने, रोजगार दिलाने इत्यादि से संबंधित आवेदन सौंपे। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदन सबन्धित विभाग को प्रेषित करते हुए तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# विधायक ने किया 49 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन शाला भवन का शुभारंभ

■ स्कूली बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर विधायक ने दी बधाई

पायनियर संवाददाता < पखांजूर
www.dailypioneer.com



विधायक अनूप नाग शनिवार को शासकीय हाई स्कूल बुलावण्ड में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव एवं 49 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन स्कूल भवन के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर मार्ल्यापण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक अनूप नाग ने इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। बच्चों को स्कूल बस्ता, पुस्तक और गणवेश का वितरण किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि खूब मन लगाकर पढ़े और पढ़ने के साथ ही खेल-कूद में भी हिस्सा लें । विधायक नाग ने अपने उद्बोधन में बच्चों को शाला प्रवेश और नवीन स्कूल भवन की शुभकामनाएं दी और उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन स्तर को सुधारती है और शिक्षा से ही हमारी पहचान बनती है। हम शिक्षा पाकर अपना और देश का भविष्य उज्जवल बना सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी को अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। अपने शरीर की स्वच्छता के लिए हमें ध्यान देना होगा और स्वस्थ शरीर से ही स्वस्थ मन की उत्पत्ति होती है। विधायक नाग ने कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण दो वर्षों के दौरान बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई, लेकिन हमने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई में कोई बाधा न हो, और उनका साल व्यर्थ न जाए । उन्होंने कहा कि नए शिक्षा सत्र की शुरूआत हम बहुत सी उम्मीदों के साथ कर रहे हैं कि इस वर्ष नियमित शालाएं संचालित हो। साथ ही पिछले सत्र में पढ़ाई के हुए नुकसान की भरपाई की जा सके। विधायक ने कहा कि कोरोना लॉकडाउन के दौरान हमने पढ़ाई तुंहर दुआर प्लेटफार्म उपलब्ध कराया था, जिसका अच्छा उपयोग शिक्षकों, पालकों और विद्यार्थियों ने किया। उन्होंने उम्मीद जताई की नवाचार और नई तकनीकों को अपनाने का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। विधायक नाग ने स्कूली बच्चों की मांग पर हाई स्कूल बुलावण्ड में बाउंड्री वॉल निर्माण करने की घोषणा किए।

**ये रहे मौजूद-** जनपद पंचायत सदस्य कुबेर सिंह चूरपाल, सरपंच पारस कौड़ो, रमेश बघेल, अविनाश गणविरे, निर्मल जैन, दुर्जन कोर्राम, रामधन कोरोटी, सरिता यूइके, प्रमोद सिंह ठाकुर, बलदेव यादव, नीलिमा साहू, अनिता चंद्राकर, कमल टेकाम, राधिका उईके, श्रीभगवान नेताम, प्रेम सिंह उईके, राधेश्याम नेगी, सियाबत्ती कोर्राम, कमला उईके, आसन जैन, राम बाई उईके, नोमिल, जोहरूराम यादव, सरिता नेताम समेत सैकड़ों स्कूली बच्चे एवं स्कूल के शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नही होने देंगे : विधायक नाग

विधायक अनूप नाग ने कहा की हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी शिक्षा के क्षेत्र में ांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए कृत संकल्पित हैं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए उन्होंने कहा की हमारी बच्चों की शिक्षा में कोई कमी नहीं होने देगी उन्होंने कहा की शिक्षा के क्षेत्र में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के संवेदनशीलता के कारण ही आज नक्सली प्रभावित क्षेत्रों में बंद हो चुके 260 स्कूलों को पुनः आरंभ कर रहे हैं उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की शत् प्रतिशत शाला प्रवेश के लक्ष्य को लेकर कार्य करें तथा किसी कारणवश अपनी पढ़ाई अधूरी छोड़ चुके बच्चों को ढूंढकर उनकी कठीनाईयों को दूर कर शाला में प्रवेश दिलवाएं शिक्षा की गुणवत्ता को कायम रखने तथा कैरियर गाइडेंस पर भी जोर देने की बात कही ।

## अंत्योदय स्वरोजगार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजनान्तर्गत व्यवसाय शुरू करने आवेदन पत्र आमंत्रित

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति बीजापुर द्वारा अंत्योदय स्वरोजगार योजनांतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों तथा आदिवासी स्वरोजगार योजनान्तर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों से स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। जिसके तहत उक्त वर्ग के बीपीएल परिवारों के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों सहित पुरूष एवं महिला आवेदकों को लाभान्वित किया जायेगा। वर्ष 2022-23 के तहत अंत्योदय स्वरोजगार योजना में लक्ष्य 31 इकाई तथा आदिवासी स्वरोजगार योजना में लक्ष्य 52 इकाई निर्धारित है। उक्त स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित होकर बेकरी, चाट की दुकान, हेयर कटिंग सेलून, कुक्कुटपालन, सायकल दुकान, मसाला उद्योग, वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण, लघु वनोपज प्रसंस्करण ईत्यादि व्यवसाय किया जा सकता है। इन दोनों योजनाओं से लाभान्वित होने पात्रता के तहत आवेदक को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए। आवेदक जिले का मूल निवासी होना चाहिए। आवेदक की पारीवारिक वार्षिक आय शहरी क्षेत्र की स्थिति में 51 हजार 500 रूपए तथा ग्रामीण क्षेत्र की दशा में 40 हजार 500 रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदक को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र सरपंच, पार्षद या पटवारी से सत्यापित कर संलग्न करना होगा। आवेदक की आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य होना चाहिए। आवेदक को दो पासपोर्ट साईज फोटो, अंकसूची, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड आदि दस्तावेजों को सक्षम अधिकारी से सत्यापित करवाकर दो प्रतियों में आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा।

## भैरमगढ़ में दिव्यांगजन चिन्हांकन एवं चिकित्सा शिविर




**बीजापुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार जिले में समाज कल्याण की दिशा में सेवाएं देने वाली क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के द्वारा चिल्ड्रन इन इंडिया कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के सहयोग से गत दिवस भैरमगढ़ में दिव्यांगजन चिन्हांकन एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से दिव्यांग बच्चों एवं अन्य दिव्यांगजनों का चिन्हांकन करने सहित चिकित्सा जांच किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम ने दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान क्योर इंटरनेशनल इंडिया ट्रस्ट के क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक अतेरी भंज ने बताया कि चिन्हाकित दिव्यांग बच्चों को जरूरत के अनुरूप चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। वहीं इन दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास एवं समुचित देखरेख हेतु अभिभावकों एवं माता-पिता को प्रशिक्षण प्रदान कर काउन्सलिंग किया जायेगा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ रवि साहू, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी लुपेन्द्र महिनाग, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आदित्य साहू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## आदिवासी छात्र युवा संगठन ने गोंड़वाना साम्राज्यगढ़ की वीरांगना रानी दुर्गावती का 458 वीं शहादत दिवस मनाया

पायनियर संवाददाता < पखांजुर
www.dailypioneer.com



आदिवासी छात्र युवा संगठन के अध्यक्ष राजेश नुरूटी ,सचिव संगीता दुग्गा,संगठन प्रभारी निखलेश नाग,महामंत्री गीता दुग्गा ने कहा रानी दुर्गावती मडावी का यह सुखी और सम्पन्न राज्य पर मालवा के मुसलमान शासक बाजबहादुर ने कई बार हमला किया, पर हर बार वह पराजित हुआ। मुगल शासक अकबर भी राज्य को जीतकर रानी को अपने हरम में डालना चाहता था। उसने विवाद प्रारम्भ करने हेतु रानी के प्रिय सफेद हाथी (सरमन) और उनके विश्वस्त वजीर आधारसिंह को भेंट के रूप में अपने पास भेजने को कहा। रानी ने यह मांग ठुकरा दी। इस पर अकबर ने अपने एक रिश्तेदार आसफ खां के नेतृत्व में गोण्डवाना साम्राज्य पर हमला कर दिया। एक बार तो आसफ खां पराजित हुआ, पर अगली बार उसने दुगनी सेना और तैयारी के साथ हमला बोला। दुर्गावती के पास उस समय बहुत कम सैनिक थे। उन्होंने जबलपुर के पास नरई नाले के किनारे मोर्चा लगाया तथा स्वयं पुरुष वेश में युद्ध का नेतृत्व किया। इस युद्ध में 3,000 मुगल सैनिक मारे गये लेकिन रानी की भी अपार क्षति हुई थी। अगले दिन 24 जून 1564 को मुगल सेना ने फिर हमला बोला। आज रानी का पक्ष दुर्बल था, अतः रानी ने अपने पुत्र नारायण को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। तभी एक तीर उनकी भुजा में लगा, रानी ने उसे निकाल फेंका। दूसरे तीर ने उनकी आंख को बेध दिया, रानी ने इसे भी निकाला पर उसकी नोक आंख में ही रह गयी। तभी तीसरा तीर उनकी गर्दन में आकर धंस गया।रानी ने अंत समय निकट जानकर वजीर आधारसिंह से आग्रह किया कि वह अपनी तलवार से उनकी गर्दन काट दे, पर वह इसके लिए तैयार नहीं हुआ। अतः रानी अपनी कटार स्वयं ही अपने पेट में भोंककर आत्म बलिदान के पथ पर बढ़ गयीं। अध्यक्ष राजेश नुरुटी, संगठन प्रभारी निखलेश नाग, सचिव संगीता दुग्गा, संगठन महामंत्री गीता दुग्गा, सुनिता कोवाची, मैंनी दुग्गा, सुमित कोवाची, प्रकाश कड़ियाम आदि उपस्थित थे।

## उगता सूरज पैनल ने चुनाव प्रचार को किया तेज



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

बीटीओए चुनाव को अब महज दो दिन बचे हैं और समस्त प्रत्याशी अपने अपने पक्ष में वोट कराने में लगे हैं।आपको बता दें कि हर गली-मोहल्ले सहित जहां-जहां बीटीओए सदस्य हैं उन्हें अपनी ओर रिझाने में सभी प्रत्याशी लगे हुए हैं।बता दें इस बीच आज उगता सूरज पैनल के प्रत्याशियों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है जिसमें समर्थकों द्वारा डोर टू डोर चुनाव प्रचार कर अध्यक्ष पद हेतु ए अनिल सचिव पद हेतु गौरांग साहा,उपाध्यक्ष पद हेतु आकाश गोयल, प्रकाश मंडल, कोषाध्यक्ष पद हेतु संतोष दुबे, सहसचिव पद हेतु आशीष सिन्हा एवं लक्ष्मण कुमार को उगता सूरज छाप में वोट करने हेतु अपील किया।

## बहीगांव में संपन्न हुआ संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**केशकाल।** केशकाल विकासखंड क्षेत्र के ग्राम बहीगाँव में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी अथितियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात विद्यालयीन छात्र छात्राओं द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष गिरधारी सिन्हा ने विद्यालयीन छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए समस्त छात्र छात्राओं को अनुशासित रूप से मन लगाकर विद्या अध्ययन करने की सलाह दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सत्येंद्र राणा, मोहन राणा, पप्पू नाग, हीरालाल जैन, सहदेव कुमेटी, श्यामलाल नेताम, कैलाश कुमार, संकुल समन्वयक सी.एल पटेल, धनीराम साहू, लोकेश राना, राजेश कुमार साहू समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, संकुल के समस्त शिक्षक और पालकगण उपस्थित थे।



## संकुल केंद्र डीहीपारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्रवेश उत्सव, स्थानीय जनप्रतिनिधि भी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < केशकाल
www.dailypioneer.com



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संकुल डीहीपारा विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु छात्र-छात्राओं के प्रवेश हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम छात्राओं द्वारा राष्ट्गीत व राष्ट्गान का गायन किया। ततपश्चात जनप्रतिनिधियों द्वारा समूचे प्रदेश में चल रहे प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के संबंध में मुख्यमंत्री की ओर से दिए गए संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के पश्चात नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का अतिथियों के द्वारा तिलक वंदन, मुंह मीठाकर गणवेश और पुस्तक देकर सम्मान किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पार्षद यासीन मेमन से माइक सेट की मांग की गई। पार्षद यासीन मेमन ने इस मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए तत्काल माइक सेट उपलब्ध करवाने की घोषणा की।

**मेधावी छात्र-छात्राओं का प्रतिवर्ष करेंगे सम्मान- पार्षद यासीन** - आपको बता दें कि इसके पूर्व में भी यासीन मेमन द्वारा बोरगांव के बच्चो के द्वारा पहली क्लास से लेकर आठवीं क्लास तक के उत्कृष्ट नंबरों से प्राप्त होने वाले बच्चों को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया था। इस सम्बंध में बच्चों से बातचीत करते हुए पार्षद यासीन मेमन ने बताया कि मेरा हमेशा से प्रयास रहता है कि बच्चों की पढ़ाई में किसी प्रकार की कमी ना हो और मेधावी बच्चों का सम्मान हो। इसके तहत मैं बोरगांव के उत्कृष्ट नंबरों से प्राप्त होने वाले बच्चों को सम्मानित किया हूं और भविष्य में भी करता रहूंगा।

# सुदूर अंचल के तेंदूपत्ता संग्राहकों को विधायक नाग ने किया नगद भुगतान, संग्राहकों में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता < अन्तागढ़
www.dailypioneer.com



अंतागढ़ विधायक अनूप नाग ने आमाबेड़ा में तेंदूपत्ता सत्र 2022 के संग्राहकों को पारिश्रमिक के नकद भुगतान स्वयं अपने हाथो से किया। ज्ञात हो विगत वर्ष भी संग्राहको की मांग पर विधायक नाग ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके पारिश्रमिक का नगदीकरण कराया था जिससे क्षेत्र के हजारों संग्राहकों को इसका सीधा लाभ मिला था।

आज क्षेत्रीय विधायक अनूप नाग आमाबेड़ा पहुंचकर स्वयं हितग्राहियों को उनके पारिश्रमिक का नगद भुगतान अपने हाथो से किया उन्होंने आमाबेड़ा एवं उसेली के सैकड़ों तेंदूपत्ता संग्राहकों को कुल 3 करोड़ 70 लाख रुपए के नगद राशि का भुगतान किया जहां आमाबेड़ा के तेंदूपत्ता समिति के संग्राहकों को 2 करोड़ 42 लाख रुपए तो वही उसेली के तेंदूपत्ता समिति के संग्राहकों को 1 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि का नगद भुगतान किया गया।

संग्राहकों ने बताया की नगद राशि पाकर वे बेहद खुश है विधायक अनूप नाग ने कहा की नगद राशि के लिए आमाबेड़ा एवं उसेली सहित पुरे अंतागढ़ विधानसभा के ग्रामीणों को बैंक से राशि लेने में कई तकलीफों का सामना करना पड़ता है इसके चलते उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं वनमंत्री मोहम्मद अकबर से नगदीकरण के लिए निवेदन किया था जहां उन्होंने संग्राहको की कठिनाइयों को समझा और नगदीकरण के लिए विभागीय आदेश पारित करवाया। जिसके परिणाम स्वरूप अब संग्राहकों को नगद राशि दी जा रही है।

विधायक नाग के हाथो से नगद राशि प्राप्त कर हितग्राहियों ने विधायक नाग का आभार तो व्यक्त किया ही साथ ही उन्होंने खुशी से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, वनमंत्री मोहम्मद अकबर, सीएम के संसदीय सलाहकार राजेश तिवारी के प्रति भी आभार व्यक्त किया है ग्रामीणों ने कहा हमारा जीवन कोरोनाकाल में बिलकुल अस्त व्यस्त हो गया था परंतु तेंदूपत्ता की रिकॉर्ड कीमत में विक्री और नगद भुगतान से हमारे और हमारे परिजनों के लिए पुनः खुशियों का वरदान लेकर आया है हम सभी हमारे विधायक अनूप नाग जी के आभारी है।

### ये रहे मौजूद

अंतागढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश चंदेल, आमाबेड़ा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर मरकाम, रफीक खान, कुलदीप लावत्रे, दिलीप सरकार, भूरू वर्मा, अविनाश गणविरे, जगदेव नेगी, श्रीपद सिंह ठाकुर, लोकेश बघेल, भंजन यादव, पिलाराम यादव, रेणुराम सेठिया, रामसिंह कांगे, रामकुमार हिडको, राजमन सलाम, अशोक सलाम, दिनेश नाग, शशिकुमार राणा, सगनू टेकाम, गंगाराम कोर्राम, देवकी हिडको, परमेश्वरी सर्फे, विजया सर्फे, महेर सर्फे, विशाल नेगी, सगनू टेकाम, ज्ञानू नेताम, रामेश्वर मंडावी, सहदेव गोटा, मनाहुराम गोटा, बिनेश सेनापति, रानू मंडावी, अर्जुन कोरेटी, राजेंद्र नेगी, जोहरू कोर्राम, शामसिंह सर्फे, रामबत्ती समेत सैकड़ों ग्रामीण एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## विश्रामपुरी मंडल में भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस

पायनियर संवाददाता < केशकाल/विश्रामपुरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार विश्रामपुरी में भाजपा मंडल ने 25 जून को काला दिवस के रूप में याद किया। इस दिन देश मे आपातकाल कांग्रेस शासन में 1975 में लगा था जो बहुत ही भयावह था। इस कार्यक्रम में बतौर प्रभारी शामिल हुए संगीता पोयाम एवं मंडल अध्यक्ष परदेशी नाग की उपस्थिति में सर्वप्रथम भारत माता की छायाचित्र में तिलक लगाकर व माल्यर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसी तारम्य में पूर्व विधायक सेवकराम नेताम एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किशन पांडे ने आपातकाल के समय की परिस्थितियों एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए हुए आंदोलन एवं कई हिंसक झड़प पर प्रकाश डालते हुए उस समय स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक समय के बारे में जानकारी दी। यह भी बताया गया कि आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए थे और सभी नागरिक के लिए अधिकार को समाप्त कर दिया गया था।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर (छत्तीसगढ़)

### // मैन्युअल पद्धति से अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना //

निविदा क्रमांक: 115/नि.शा./का.अ./लो.स्वा.यां./ खण्ड
कांकेर, दिनांक 22/06/2022

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित सामग्री प्रदाय के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में मुहरबंद निविदायें प्रपत्र ''सी'' में सामग्री के निर्माता एवं अधिकृत विक्रेताओं से दिनांक 28.06.2022 तक आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्रमांक | सामाग्री का नाम | अनुमानित लागत रू. लाख में |
|---|---|---|
| 01 | जिला स्तरीय प्रयोगशाला हेतु सामाग्री क्रय कार्य। शेडयूल अनुसार | 5.77 |

निविदा से संबंधित अन्य सभी जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
कांकेर छत्तीसगढ़

G- 92451/3

# जातिसूचक टीका-टिप्पणी,जान से मारने की धमकी देने वाले महंत की गिरफ्तारी की मांग

## सर्व समाज ने धरना प्रदर्शन कर निकाली रैली

पायनियर संवाददाता ◄ बागबाहरा
www.dailypioneer.com



250 वर्ष से भी अधिक प्राचीन एवं ऐतिहासिक राधाकृष्ण जगन्नाथ हनुमान मंदिर के चोरी हुए मुकुटों के कार्यवाही की विशेष जांच की मांग को लेकर एवं सूअरमालगढ़ के राजपरिवार पर आरोपी महंत द्वारा किए गए आदिवासी जातिसूचक टीका टिप्पणी एवं जान से मारने की धमकी पर महंत की गिरफ्तारी की मांग को लेकर अमात्य गोंड़ समाज 18 गढ़ सुअरमाल राज एवं राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट के नेतृत्व में सर्व समाज के सहयोग से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन बस स्टैंड कोमाखान में किया गया। वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के अवसर पर उनके चल चित्र एवं राज परिवार के पूर्वजों पर माल्यार्पण करते हुए विभिन्न समाज से पधारे पदाधिकारियों की उपस्थिति में के समक्ष कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राज परिवार के सदस्य राजा थियेन्द्रप्रताप द्वारा अपने उदबोधन में आए हुए सभी लोगों का स्वागत अभिनंदन करते हुए उन्होंने राधाकृष्णा मंदिर,सुअरमालगढ़ के इतिहास एवं संपूर्ण घटनाक्रम से सभी को अवगत कराया,सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष मनोहर ठाकुर ने पुलिस प्रशासन द्वारा आरोपी महंत के मामले में जांच में कई गयी लापरवाही पर प्रकाश डाला। यादव समाज के प्रमुख विनोद यादव ने कहा कि धर्म और संस्कृति के इस लड़ाई में जब तक न्याय नहीं मिल जाएं हम सभी को इसी तरह एकजुट होकर डटकर शासन एवं प्रशासन के समक्ष अपनी बातों को समय-समय पर रखना होगा। आदिवासी अमात्य गोंड़ समाज सर्कल के पदाधिकारी रैनसिंग सोर्रे,सुरेंद्र मांझी,देवसिंग मरई,अंजोर सिन्हा समाज से सरपंच प्रेमशंकर सिन्हा,जैन समाज कोमाखान से नरेंद्र जैन,कुम्हार पांडे समाज से युवा कांग्रेस नेता जनपद सदस्य उत्तम राणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल,जिला पंचायत सदस्य बसंता ठाकुर,पूर्व मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर एवं गोंडवाना समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष घामसिंग मांझी ने भी आंदोलन के विषयों को लेकर सभा को संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के समाप्ति के पश्चात 5 सूत्रीय 1.विगत 21 वर्षों से महंत दीपकदास एवं उसके पिताजी द्वारा मंदिर के कृषि भूमि से प्राप्त होने वाले आय एवं व्यय की संपूर्ण जांच 2.महंत परिवार द्वारा गबन किए गए बहुमूल्य चांदी के पांच नग कीमती मुकुटों को आगामी 1 जुलाई को रथयात्रा के पूर्व मंदिर समिति को सुपुर्द करने 3.महंत दीपकदास एवं उसके पिता द्वारा राजा थियेन्द्रप्रताप को दिए गए जान से मारने की धमकी एवं आदिवासी समाज पर की गई जातिसूचक टिप्पणी पर तत्काल प्रभाव से एसटी/एससी एक्ट के तहत कार्यवाही 4.सूअरमाल गढ़ के राजा एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष थियेन्द्रप्रताप को उचित सुरक्षा प्रदान करने एवं आरोपी महंत को तत्काल मंदिर परिसर से बाहर करने 5.मुकुट के चोरी मामले में आरोपी महंत पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए जांच में लापरवाही मामले पर अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर राज्यपाल,मुख्यमंत्री,जिलाधीश के नाम पर राजस्व तथा पुलिस प्रशासन के उच्चअधिकारियों की उपस्थिति में एसडीएम बागबाहरा को ज्ञापन सौंपा गया।

# अग्निपथ योजना युवाओं को वीर, पराक्रमी और अनुशासित नागरिक बनायेगी : शिवरतन



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता युवा मोर्चा भाटापारा द्वारा भाजपा कार्यालय में सेना में जाने की तैयारी कर रहे युवाओ के लिए आयोजित कार्यक्रम में युवाओं को केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के विषय मे विस्तार से उपाध्यक्ष भाजपा, विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा ने संबोधित किया. विधायक शर्मा ने कहा कि अग्निपथ योजना आज समय की महत्वपूर्ण जरूरत है राष्ट्रीय सुरक्षा सबसे अहम है भारत के आसपास माहौल बदल रहा है ऐसे में सेना में भी बदलाव जरूरी है 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब सत्ता में आए तो उनकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक भारत को सुरक्षित और मजबूत बनाना था युद्ध अब बड़े बदलाव के दौर से गुजर रहा है,हम संपर्क रहित युद्धों की ओर जा रहे हैं और हमारी लड़ाई अदृश्य शत्रुओं से है। हथियारों की जगह टेक्नोलॉजी का सहारा लिया जा रहा है यदि कल की तैयारी करनी है तो हमें खुद को बदलना होगा इसके लिए उपकरणों की आवश्यकता है प्रौद्योगिकी में बदलाव की आवश्यकता है पुरानी प्रणालियों और संरचनाओं के बदलाव की आवश्यकता है साथ ही जनशक्ति नीतियों में बदलाव की आवश्यकता है।

शिवरतन शर्मा ने युवाओं से कहा कि सेना में चार साल बिताने के बाद जब अग्निवीर वापस जाएंगे तो समाज के अन्य नागरिकों की तुलना में अधिक स्किल्ड व ट्रेंड होंगे। अग्निपथ योजना में शामिल सेना के जवानों को अग्निवीर के नाम से संबोधित किया जाएगा। वर्तमान समय में बढ़ रही बेरोजगारी को खत्म करके रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जाएगा तथा उन्हें अनुशासन में रहने का भी पाठ पढ़ाया जाएगा। युवाओ को भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यद्दु ने संबोधित करते हुए कहा कि अग्निवीरो को सुयोजित तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा उसके साथ ही साथ प्रशिक्षण का सर्टिफिकेट भी अनिवार्य रूप से दिया जाएगा। देश की सुरक्षा को सुदृढ़ एवं जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य किया जाएगा। भारतीय सेवा में अग्निपथ योजना के तहत जो अग्निवीर अपनी सेवा देंगे उन्हें सालाना वेतनमान के तौर पर लगभग पहले वर्ष ?4.76 लाख जोकि चौथे वर्ष आते-आते लगभग 6.92 लाख हो जाएगा जोकि शुरुआत में मासिक वेतन के तौर पर प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही साथ अग्निवीरों को सेवा से मुक्त होने के बाद 4 वर्षों के बाद 11 लाख 71 हजार रुपए भी प्रदान किए जाएंगे जो की सेवा कर से मुक्त रहेंगे और उन्हें भारतीय सेना के स्थाई जवानों की तरह ही सभी प्रकार के शक्ति भी प्रदान किए जाएंगे। उक्त अवसर पर भाजयूमो जिलाध्यक्ष सुनील यद्दु, भाजपा जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा उपाध्यक्ष परस देवांगन, मंडल अध्यक्ष मनिन्दर सिंह गुम्बर, मंडल उपाध्यक्ष राजा कामनानी, ग्रामीण मंडल महामंत्री पवन वर्मा, भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष सतीश सोनी, रवि आडिल, भाजयूमो मंडल अध्यक्ष आशीष टोडर, गोलू देवांगन, काके थद्वानी, शुभम राजपूत, दरवेस हबलानी, गोपी ध्रुव, सतीश साहू, मुकेश साहू, नंद किशोर वैष्णव, पुष्कर देवांगन सहित बड़ी संख्या में सेना में जाने की तैयारी कर रहे युवा वर्ग उपस्थित थे।

# आवेदक फर्जी फोन कॉल से रहे सावधान तत्काल पुलिस को करे सूचित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिलें में चल रहे विभिन्न विभागों के भर्तियों प्रक्रिया अंतर्गत आवेदकों से पैसे मांगने संबंधित फर्जी फ़ोन कॉल आने की गंभीर शिकायत आवेदकों द्वारा की गयी है। जिस कलेक्टर डोमन सिंह एवं एसपी दीपक झा ने सभी आवेदकों से फ्रॉड कॉल से बचने कहा है। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की आवश्यक जानकारी फोन से साझा नहीं करने कहा गया है। ऐसे कॉल आते ही आवेदक अनिवार्य रूप से अपने नजदीकी पुलिस थाना में जाकर शिकायत दर्ज कराए एवं संबंधित विभाग को भी अवगत कराएं। भर्ती प्रक्रिया के बारे में अधिकृत जानकारी केवल जिले के वेबसाइट, विभाग की वेबसाइट, विभाग की सूचना पटल एवं जनसम्पर्क विभाग के द्वारा समय समय पर जारी समाचार से ही दी जाती। सभी आवेदक नियमित रूप से जिले की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट जीओवी डॉट इन का नियमित रूप से अवलोकन करते रहे। भर्ती प्रक्रिया के बारे में किसी भी तरह की अन्य जानकारी प्राप्त करने सीधे संबंधित विभागों के जिला कार्यालय में जाकर प्राप्त कर सकते है। साथ ही विभिन्न विभागों के जिला प्रमुखो ने बताया कि किसी भी कार्यालय से इस तरह की फोन नही किया जाता। गौरतलब है कि जिले में स्वामी आत्मनंद इंग्लिश मीडियम में।शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक पदों,आदिवासी विभाग में एकलव्य विद्यालय हेतु शिक्षक एवं अन्य पद, एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉफ नर्स सहित अन्य पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इनके आवेदकों को ऑफिस के नाम कॉल किया जा रहा है।

# कर्मचारी कांग्रेस जिला कार्यकारिणी घोषित

**बलौदाबाजार।** छ.ग. कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा बलौदाबाजार भाटापारा की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के लोगो ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। छ.ग. कर्मचारी कांग्रेस के प्रान्ताध्यक्ष बी पी शर्मा के निदेर्शानुसार संतोष साहू जिलाध्यक्ष छ.ग. कर्मचारी कांग्रेस बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा संघ में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर छ.ग. कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा बलौदाबाजार भाटापारा की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें मनोज कुमार साहू सहायक ग्रेड 2 वन मंडल कार्यालय बलौदाबाजार को जिला सचिव एवं पूर्णेन्द्र वर्मा सहायक ग्रेड 3 वन मंडल कार्यालय बलौदाबाजार को महामंत्री छ.ग. कर्मचारी कांग्रेस जिला शाखा बलौदाबाजार भाटापारा नियुक्त यिका गया है। उक्त नियुक्त होने पर आशीष कुमार शर्मा, हरिकृष्ण यदु, विक्रम सिंह ठाकुर, श्याम कुमार डडसेना, मनीष कश्यप, संजय कुमार बंजारे, सत्तु जायसवाल, गांधी राम वर्मा, नीतिन शर्मा, दीपक कुमार यादव, प्रीतम दास मानिकपुरी, सुरज प्रताप यदु आदि ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# कलेक्टर मलिक को धरातल में लगातार देख कर्मचारी-अधिकारियों के हाथ पांव फुले

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



इन दिनों कलेक्टर प्रभात मलिक को धरातल में लगातार देख कर्मचारी अधिकारियों के हाथ पाव फुले दिखाई पड़ रहा है क्योंकि लापरवाह जिम्मेदारों को तत्काल नोटिस जारी कर जवाब मांगा जा रहा है ऐसे ही आज भी छूरा ब्लॉक के आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण कर धीमी गति काम को देख कलेक्टर भड़क उठे और संबधित एसडीओ को जमकर फटकार लगाते नोटिस जारी कर जवाब मांगा है इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अधिकारी को एकलव्य विद्यालय में पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया और आत्मानंद स्कूल कमरा की असुविधा को दूर करने का भी आदेश दिया है इसके बाद कलेक्टर सीधा बेहरभाटा गौठान पहुंचे और बारी बारी से योजनाओं की जानकारी लिया महिला स्वसहायता समूह से वर्मी कंपोस्ट सब्जी उत्पादन मुर्गी पालन बकरी पालन सहित तमाम योजनाओं का किस हद तक क्रियावाह्न और कितना लाभ होने की पुरी जानकारी लिया और अंतिम में विभागीय अधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा शासन की योजनाओं से आम लोगों को जोड़ने का निर्देशित किया है।

# ग्राम उड़ेला में नशामुक्ति के लिए चलाया अभियान



पायनियर संवाददाता ◄ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

नशे से आजादी पखवाड़ा अभियान के तहत चौकी भंवरपुर के ग्राम उड़ेला में नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव और उससे होने वाली अपराधों के संबंध में अवगत कराया गया और लोगों को नशा मुक्त समाज के लिए संकल्प दिलाया गया।साथ ही ग्रामीणों को यातायात नियमों,पॉक्सो एक्ट, टोनही प्रताड़ना अधिनयम,शासन की विभिन्न योजनाओं के सम्बंध में जानकारी दी गई।

# डीएपी के जगह अन्य उर्वरको का किया जा सकता है उपयोग, कृषि विभाग ने जारी की विस्तृत गाइडलाइन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिलें में डीएपी की उपलब्धता कम होने के चलते कृषि विभाग ने डीएपी की जगह अन्य उर्वरको का उपयोग कैसे किया जा सकता है इस बारे में विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। खरीफ की फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए डीएपी के स्थान पर उन्य उर्वरकों का उपयोग किया जा सकता है। फसलवार उर्वरक अनुशंसा के आधार पर निम्न विकल्प हो सकते हैं। जिसके अनुसार धान एवं मक्का फसल के लिए अनुशंसित पोषक तत्व एनपीके 40-24-16 (नाईट्रोजन 40, फास्फोरस 24, पोटाश 16) कि.ग्रा. प्रति एकड़ मात्रा आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाए। यूरिया एक बोरी (50कि.ग्रा.), एनपीके (2-20-0-13) - दो बोरी (100कि.ग्रा.) एवं पोटाश (27 कि.ग्रा.) अथवा यूरिया (65 कि.ग्रा.) एवं एनपीके (12-32-16)- दो बोरी (100 कि.ग्रा.) एवं सिंगल सुपर फास्फेट (50 कि.ग्रा.) अथवा यूरिया दो बोरी (100 कि.ग्रा.), सिंगल सुपर फास्फेट - तीन बोरी (150 कि.ग्रा.) एवं पोटाश- 27 कि.ग्रा. का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्वंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग कर सकते है।



**खरीफ दलहनी फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्व :** एनपीके 8-20-8 (नाइट्रोजन 8, फास्फोरस 20, पोटाश 8) कि.ग्रा. प्रति एकड़ मात्रा की आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाए. यूरिया 18 कि.ग्रा., पोटाश 14 कि.ग्रा. एवं सिंगल सुपर फास्फेट ढाई बोरी (125 कि.ग्रा.) अथवा यूरिया 5 कि.ग्रा. एन.पी.के. (12-32-16) - 1 बोरी (50 कि.ग्रा.) पोटाश - 14 कि.ग्रा., सिंगल सुपर फास्फेट 25 कि.ग्रा. साथ ही वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्वंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग कर सकते है।

**खरीफ तिलहनी फसलों के लिए अनुशंसित पोषक तत्व :** एन.पी.के. (8-20-8) (नाइट्रोजन 8, फास्फोरस 20, पोटाश 8) (सोयाबीन एवं मूंगफली) कि.ग्रा. प्रति एकड़ आपूर्ति के लिए निम्न उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाए- यूरिया (17 कि.ग्रा.) पोटाश (13 कि.ग्रा.) एवं सिंगल सुपर फास्फेट (125 कि.ग्रा.) साथ वर्मी कम्पोस्ट कम से कम 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग करें। रामतील अनुशंसित पोषक तत्वों की मात्रा (12-12-8) कि.ग्रा. नत्रजन, स्फूर एवं पोटाश प्रति एकड़। इस पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए यूरिया 26 कि.ग्रा. सिंगल सुपर फास्फेट 25 कि.ग्रा. एवं म्यूरेट ऑफ पोटाश 13 कि.ग्रा. का प्रयोग किया जा सकता है, साथ ही वर्मी कम्पोस्ट 1 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से उपयोग कर सकते है।

### गन्ना फसल के लिए अनुशंसित पोषक तत्व

एनपीके 120-32-24 (नाइट्रोजन 120, फास्फोरस 32, पोटाश 24) कि.ग्रा. प्रति एकड़ मात्रा आपूर्ति के लिए उर्वरक एवं मात्रा का उपयोग किया जाए- यूरिया पांच बोरी 5 बोरी (250 कि.ग्रा.), एन.पी.के. (12-32-16)- दो बोरी (100 कि.ग्रा.) एवं पोटाश (14 कि.ग्रा.) अथवा यूरिया (260 कि.ग्रा.) सिंगल सुपर फास्फेट - चार बोरी (200 कि.ग्रा.) एवं पोटाश - 40 कि.ग्रा. अथवा यूरिया (200 कि.ग्रा.) एन.पी.के. (20-20-0-13) - 03 बोरी (150 कि.ग्रा.) एवं पोटाश-40 कि.ग्रा. का प्रयोग किया जा सकता है।

## जिले में मनाया जा रहा है गहन डायरिया पखवाड़ा

# जल स्रोतों की सफाई तथा ओ आर एस का किया जा रहा है वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




बरसात के इस मौसम में विभिन्न प्रकार की मौसम जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए राज्य शासन द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुरूप जिले में भी इस संबंध में पूरी तैयारी की गई है। इसी कड़ी में बलौदा बाजार जिले में 21 जून से 5 जुलाई तक गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा जारी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि,डायरिया पाचन से संबंधित एक बीमारी है जिसमें व्यक्ति को दस्त आना शुरू हो जाते हैं। यह दूषित पानी और भोजन के सेवन से होता है। डायरिया में व्यक्ति को लगातार दस्त आते हैं जो यदि ठीक न हो तो निर्जलीकरण का कारण बन सकते हैं जिससे जान का खतरा हो सकता है। कुपोषित लोगों, शिशुओं, छोटे बच्चों, और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में इस तरह के खतरनाक संक्रमण का शिकार होने का खतरा अधिक होता है। डायरिया के कुछ लक्षण हैं -पतला दस्त,पेट में ऐंठन या ऐंठन होना,मतली और उल्टी, बुखार,निर्जलीकरण,भूख में कमी। जिले में डायरिया के किसी भी संक्रमण के प्रसार को रोकने हेतु जमीनी स्तर पर स्वास्थ विभाग द्वारा कार्य किए जा रहे हैं इसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा मितानिनों को डायरिया प्रबंधन हेतु प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही गांव स्तर पर प्रचार-प्रसार के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वच्छता की उपयोगिता एवं तैयारी के साथ ही विद्यार्थियों के बीच जागरूकता हेतु कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

क्योंकि डायरिया में निर्जलीकरण से बचाव अत्यंत आवश्यक है इसे ध्यान में रखते हुए गांव में ऐसे घर जहां 5 वर्ष से कम के बच्चे निवासरत हैं वहां मितानिनों के माध्यम से ओ आर एस के पैकेट वितरित करवाए गए हैं । साथ ही जल स्रोतों की सफाई के साथ-साथ स्वच्छता बाबत क्लोरीन टेबलेट का भी वितरण किया गया है।

उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे ईट भट्ठा खानाबदोश स्थल बाढ़ प्रवण क्षेत्र प्रवासी मजदूर सड़क पर रहने वाले बच्चे मलिन बस्ती आदि जगहों पर भी ओआरएस की पूर्व उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में ओ आर एस एवं जिंक हेतु विशेष कॉर्नर बनाए गए हैं। जहां यह निःशुल्क उपलब्ध हैं इस संबंध में निजी चिकित्सालयों को भी ऐसे कॉर्नर बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही प्रत्येक विकासखंड में एक रैपिड रिस्पांस टीम का भी गठन किया गया है जो डायरिया के किसी भी प्रकरण की सूचना मिलने पर त्वरित रूप से कार्यवाही करती है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**// निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेण्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 24/100075 | Board & Road Furniture Work In Various Road Under P.W.D. Sub Division No.2, Raipur (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 30.00 लाख |
| 32/103064 | S/R, MOw, Deposit Work At H.C.M. House Civil Line Raipur (Head Qtr. Section No.1) Under Sub-Division No.-1. Raipur (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |
| 282/103065 | Special Repair Work on Various Road Under Section No 3, Kashiram Nagar And Kachana-Section Sub Division No. 3. Nawa Raipur Atal Nagar (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 40.00 लाख |
| 20/103066 | S/R, M.O.W. Works At Buildings of Kharora Section Raipur, Under Sub Division No.-4 (Arang) Raipur (C.G.) (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 25.00 लाख |

एन.आई.टी. क्र. 24 सिस्टम टेन्डर नं. 100075, एन.आई.टी.क्र. 32 सिस्टम टेन्डर नं. 103064 एवं एन.आई.टी.क्र. 20 सिस्टम टेन्डर नं. 103066 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 09.07.2022 समय सायं 5:30 बजे तक एवं एन.आई.टी. क्र. 282 सिस्टम टेन्डर नं. 103065 निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 04.07.2022 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G-92456/5

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं में लेटलतीफी देख भड़के आयुक्त

- आजीविका विभाग प्रभारी ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ रिसाली
www.dailypioneer.com

नेवई गोठान में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने दिए निर्देश के पालन में लापरवाही बरतने पर निगम आयुक्त आशीष देवांगन जमकर भड़के। उन्होंने अपनी उपस्थिति में मिट्टी फैलाने टेऊक्टर बुलवाया। तालाब को आकार देने बैक होल लोडर से काम शुरू कराया।

नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन ने पूरी टीम के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करने नेवई गोठान पहुंचे। आयुक्त ने मिट्टी फैलाने के कार्य पूर्ण नहीं होने पर आश्चर्य व्यक्त किया। उन्होंने तत्काल स्वास्थ्य विभाग फोन कर टैऊक्टर मंगाया और मिट्टी ढुलाई का कार्य का महज 4 घंटे में पूर्ण करने कहा।

इसी तरह बैक होल लोडर से तालाब को आकार देने के लिए शाम तक का मोहलत दी। आयुक्त ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि 10 दिनों के अंदर प्रत्येक महिला समूहों को आवश्यकता अनुसार संसाधन हर हाल में उपलब्ध हो जाना चाहिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर, उपअभियंता अखिलेश गुप्ता, उमयंती ठाकुर, गोपाल सिन्हा आदि उपस्थित थे।





**1000 कबूतर के लिए बनेगा शेड :** शासन की योजना के तहत नेवई की महिलाओं ने समूह का गठन कर कबूतर व खरगोश पालन करने निर्णय ली है। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को ऋण भी मिल चुका है। आयुक्त आशीष ने महिलाओं से चर्चा कर 15 दिनों की मोहलत देते हुए शेड निर्माण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि हर हाल में महिलाएं जुलाई प्रथम सप्ताह तक कार्य आरंभ कर लेवे।

### गोठान में बनेगा दोना पत्तल

आयुक्त ने कहा कि गोठान निर्माण के उद्देश्य को समझना होगा। उद्देश्य के अनुरूप ही महिलाएं कार्य करे। उन्होंने महिला स्वसहायता समूह के पदाधिकारियों से कहा कि दोना पत्तल निर्माण के लिए निगम शेड तैयार कर रहा है। वे मशीन व कच्चा माल खरीदना शुरू करे, ताकि उत्पादन शीघ्र हो। उन्होंने महिलाओं को सब्जी की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### महिला एवं बाल विकास विभाग ने की समीक्षा

महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी ईश्वरी साहू ने सलाहकार समिति की बैठक में आजीविका मिशन के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान पार्षद सद्स्यों ने नेवई गोठान की सुरक्षा पर जोर दिया। बैठक में एमआईसी के लिए प्रस्ताव तैयार करते कहा कि गोठान के चारो ओर बाउंड्रीवाल तैयार हो। वही आजीविका मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी कि निगम क्षेत्र में कुल 156 महिला समूह पंजीकृत हैं इसमें से 45 समूह आत्मनिर्भर बनने अलग क्षेत्रों में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि शेष बचे हुए समूह को वे ऋण लेकर कार्य शुरू करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। सलाहकार समिति की बैठक में एमडी जहीर अब्बास, रोहित कुमार धनकर, डॉ. सीमा साहू, जमुना ठाकुर, सारिका साहू, रमा साहू व सविता ढवस उपस्थित थे।

# निगम क्षेत्र में बनेगा भिलाई बिजनेस टॉवर महापौर परिषद ने दी सैद्धांतिक स्वीकृति



पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा जी.ई. रोड के किनारे संजय नगर सुपेला में वर्क नियर होम के उद्देश्य को लेकर भव्य भिलाई बिजनेस टॉवर का निर्माण करने की महापौर परिषद द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान कर शहर के विकास में एक नये अध्याय कि शुरूवात की है।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं परिषद के सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में अधीक्षण अभियंता, दीपक जोशी ने जानकारी देते हुए बताया कि जोन एक के संजय नगर वार्ड नौ जी.ई.रोड के किनारे रिक्त तीन एकड़ की भूमि मे से 30 हजार वर्गफीट भूमि पर निगम द्वारा स्टील्डि पार्किगं सहित 6 तलों का भव्य वाणिज्यिक भवन के रूप में भिलाई बिजनेस टॉवर के निर्माण का प्रस्ताव एम.आई.सी के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। महापौर नीरज पाल के द्वारा सदस्यों को योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करने के निर्देश पर जोशी ने बताया कि प्रस्तावित भवन में मिटिंग हॉल, ऑफिस, सी.ए., आई.टी. प्रोफे शनल, अधिवक्ता, पेशेवर डिजाईनर, लाईब्रेरी, व्यायम शाला, कैफे एरिया, डाटा सेंटर, लॅच रूम, कैन्टीन, सेन्ट्रल स्टोर, हाउस किपिंग, शौचालय, सहित शहर की आवश्यकतानुसार अन्य सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी। भवन का निर्माण 160.68 करोड़ की कुल लागत से होगा। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भवन की विशेषताओ को समझने के उपरांत परिषद द्वारा प्रस्ताव पर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। प्रस्ताव को सामान्य सभा एवं राज्य शासन को भी प्रेषित किया जायेगा।

बैठक में कुल 10 प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये, जिनमें से विकास कार्य हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर पुनः निविदा आर्मत्रित किये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

वहीं सुरक्षा गार्ड की भर्ती के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव पर औचित्य के साथ प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये गये है। बैठक में महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य लक्ष्मीपति राजू, एकांश बंछोर, सी.जू एन्थोनी, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, लाभचंद वर्मा, चन्द्रशेखर गंवई, श्रीमती मालती ठाकुर, रीता गेरा, नेहा साहू, मिरा बंजारे सहित उपायुक्त रमाकांत साहू, जोन आयुक्त ऐशा लहरे, एन.आर.रत्नेश, कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, टी.पी. रणदिवे, संजय बागड़े, परियोजना के अजय गौर, निगम सचिव जीवन वर्मा उपस्थित थे।

# कुसुमटोला शाला का जायजा लेने पहुचे मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी व्यवस्था दुरुस्त करने दिए दिशा निर्देश



पायनियर संवाददाता ◂ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

आदिवासी ब्लॉक डौंडी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम कुसुमटोला के शासकीय प्राथमिक शाला में गुरुवार को हुई बारिश से स्कूल प्रांगण में पानी का जमाव कमर भर से अधिक ऊपर हो गया था जिससे की बच्चों को उठाकर एक भवन से दूसरे भवन ले जाना पड़ा । इस खबर के मामले पर संज्ञान लेते हुए क्षेत्र के विधायक एवं मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी मौके पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के साथ शाला पहुंचे । मंत्री प्रतिनिधि पीयूष सोनी ने शाला का जायजा लेने के बाद तुरंत संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर पहाड़ों से आने वाले बारिश के पानी निकासी की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करवाई गई ,साथ ही साथ शाला प्रभारी को फटकार भी लगाई की ऐसी कोई भी घटना होती है तो पहले अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करे,जिस पर शाला प्रभारी ने कहा दुबारा ऐसी पुनरावृति नहीं होगी इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

# स्वच्छ्ता का संदेशः 250 महिलाओं ने स्वच्छता के नारों के साथ गली-गली घूमकर दिया संदेश

- घर में सूखा कचरा एवं गीला कचरा अलग-अलग एकत्रित करे

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम।राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन दुर्ग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत दुर्ग को स्वच्छ बनाने की दिशा में महापौर धीरज बाकलीवाल, निगम आयुक्त हरेश मंडावी के मार्गदर्शन में वार्ड 35 में महिला भवन में स्वच्छता की जागरूकता हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें में 30 महिला प्रतिभागियों ने भाग लिया। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने घर में वेस्ट टू बेस्ट की कलाकृति में पुराने कपड़े से पैरदान प्लास्टिक के झूमर,पुराने अनुपयोगी सामानों से आकर्षण सजावटी डिजाइन इत्यादि प्रदर्शित किया गया 250 महिलाओं द्वारा वार्ड 35 में स्वच्छता संबंधी नारों की तख्तियां लेकर गली-गली भ्रमण करते हुए घर में सूखा कचरा एवं गीला कचरा को अलग-अलग करने की जानकारी दी गई।





स्वच्छता हेतु लोगों को संदेश देने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में वार्ड पार्षद श्रीमती इंद्रानी कुलेश्वर साहू का विशेष योगदान रहा इस दौरान वार्ड प्रभारी समुदायिक संगठन अंजनी वर्मा, सीआरपी सुषमा राजपूत, लीला साहू, पूर्णिमा राजपूत, सुशीला कसेर, सुलोचना निषाद, मीना गजेंद्र , अनू कसार सहित सभी सभी सामुदायिक संगठक उपस्थित रहे सभी महिलाओं को स्वच्छता संबंधी शपथ भी दिलवाई गई।

# नेशनल हॉकी टूर्नामेंट के लिए बेमेतरा की तुलसी का चयन

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



महिला शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए नेशनल सिविल सर्विसेज हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष भोपाल में किया जा रहा है । इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बारगांव बेरला का चयन हुआ है। तुलसी सिविल सर्विसेज नेशनल हॉकी टूर्नामेंट खेलने वाली बेमेतरा जिला की एकमात्र शासकीय कर्मचारी हैं ।

तुलसी की इस उपलब्धि पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन दुर्ग संभाग के पूर्व प्रवक्ता विद्याभूषण दुबे सहित शाला के प्राचार्य तीक्ष्ण कुमार साहू शिक्षक कविता मिश्रा ,डीजी रानी साहू, पूर्णिमा साहू, देवधर देवांगन, श्यामसुंदर साहू, हिमाचल प्रसाद साहू, संजय बंछोर, भीष्म देव साहू, हरीश साहू, महेश बांदे, अंकित यादव, दौलत राम साहू और भीष्म साहू आदि ने बधाई दी है। बेमेतरा की तुलसी साहू के अलावा बागबाहरा की भावना गुप्ता जगदलपुर से शारदा मंडावी माया यादव रीटा साहू, अनुपमा ठाकुर चौकी, चंद्रवती गिरे कुकुर बेड़ा, मोनिका वैरागडे अंजुम रहमान सविता चंद्राकर सविता पाठक चितेश्वरी ध्रुव , संजू साहू , श्वेता शिंदे सुमन यादव, चेतना ध्रुव, हर्षा साहू, यामनिश शुक्ला सभी रायपुर से का चयन हुआ है।

# 98 लाख रुपये से होगा उमदा रोड मुक्तिधाम का उन्नयन महापौर कोसरे ने श्रीफल तोड़कर किया कार्य का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई -3
www.dailypioneer.com

उमदा रोड भिलाई -3 स्थित मुक्तिधाम का जीर्णोद्धार शुरू हो गया है। नगर निगम भिलाई - चरोदा ने इस मुक्तिधाम को 98 लाख रुपए की लागत से बेहतर स्वरूप प्रदान करने का बीड़ा उठाया है। महापौर निर्मल कोसरे ने श्रीफल तोड़कर यहां होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया।

उमदा रोड पर स्थित मुक्तिधाम की दशा और दिशा बदल जाएगी। महापौर निर्मल कोसरे ने शुक्रवार को एक संक्षिप्त कार्यक्रम में पूजा अर्चना के पश्चात श्रीफल तोड़कर कार्य प्रारंभ कराया। निगम द्वारा 98 लाख रुपए की लागत से यहां पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मुक्तिधाम के चारों ओर बाउण्ड्रीवाल बनाकर शव दाह



शेड का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। इसके अलावा जन सुविधा की दृष्टि से प्रतीक्षालय, पीने के पानी सहित अन्य जरूरी व्यवस्था यहां पर की जाएगी। महापौर निर्मल कोसरे ने बताया कि भिलाई -3 में एकता नगर में भी एक सर्वसुविधायुक्त मुक्तिधाम है। शहर के विस्तार के साथ ही उमदा रोड के मुक्तिधाम को भी विकसित करने का निर्णय नगर निगम ने लिया है। यहां पर सुविधाओं के अभाव से अंतिम संस्कार में आने वालों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले दिनों में सभी तरह की दिक्कत खत्म हो जाएगी।

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग प्रभारी संतोषी निषाद, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, एम. जॉनी, एस. वेंकट रमना, मनोज डहरिया, पार्षद संतोष तिवारी, टेनेन्द्र ठाकरे, डे साहब वर्मा, मनीष वर्मा, भूपेंद्र वर्मा, आशीष वर्मा, लावेश मदनकर, बी. एन. राजू, भागीरथी निर्मलकर, युवराज कश्यप, इंद्रजीत यादव आदि उपस्थित थे।

# बुज़ुर्गों के लिए वरदान बनकर आई मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना

- खुर्सीपार के फकीर मल्हा ने साझा किया अपना अनुभव

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com

मेरी उम्र 85 साल हो गई है। घर में अकेले ही रहता हूँ। अस्पताल तक पहुंचने का कोई साधन नहीं। तबियत खराब हो तो किसे कहता। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की सरकार आई और बड़ी चिंता से मुक्ति मिल गई। उन्होंने एक बस शुरू कर दी है। इस बस में पूरा अस्पताल चलता है। बस के अंदर घुसो तो ऐसा लगता है कि अस्पताल में आ गये हैं। डाक्टर बिठाते हैं और विस्तार से जानकारी लेते हैं। फिर जरूरी पड़ने पर टेस्ट कराते हैं और दवा दे देते हैं। किसी तरह की तकलीफ हो तो दवा निःशुल्क मिल जाती है। यह कहना है कि खुर्सीपार के चंद्रशेखर आजाद नगर निवासी फकीर लम्हा का। श्री लम्हा ने बताया कि दो बातें बहुत अच्छी हुई हैं इस बस के आने से।



पहला तो ये कि अस्पताल जाने का झंझट नहीं, लाइन लगने का भी झंझट नहीं। घर के पास दो कदम चलो और अस्पताल की सुविधा मिल गई। दूसरा दवाइयों का खर्च बच गया। उन्होंने बताया कि एक बात और भी अच्छी हुई जिसे मैं कहना भूल रहा था वो ये कि जांच करने लैब नहीं जाना पड़ता।

# स्कूल बसों की जांच पुलिस परेड मैदान में आज

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

स्कूल बस एवं उनके चालक-परिचालकों के लिए रविवार 26 जून को सवेरे 11 बजे से स्थानीय पुलिस परेड मैदान में जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में परिवहन विभाग के साथ-साथ यातायात पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री बेक ने जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं के प्रबंधक एवं प्राचार्यों को पत्र जारी कर शिविर में अनिवार्य रूप से वाहन सहित उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि शिविर में स्कूल बसों की मेकेनिकल एवं जरूरी दस्तावेजों की जांच की जायेगी। चालक एवं परिचालकों की नेत्र एवं अन्य जरूरी स्वास्थ्य जांच भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जायेगी।

# बलिदान दिवस पर वीरांगना रानी दुर्गावती को दी गई श्रद्धांजलि

- रानी दुर्गावती के बलिदान को समाज को याद करना चाहिए शिक्षा, संस्कार, एकता समाज के प्रगति के लिए आवश्यक हैं: विधयाक
- शक्ति और साहस का प्रतीक थी वीरांगना रानी दुर्गावती: महापौर

पायनियर संवाददाता ◂ दुर्ग
www.dailypioneer.com



वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गोंडवाना साम्राज्य के गौरव रानी दुर्गावती विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग छग शासन उपाध्यक्ष आरएन वर्मा ने कसारीडीह सिविल लाइन स्थित साई मंदिर द्वार के सामने प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई तथा माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस कार्यक्रम में समाज के लोगो ने बलिदान दिवस के अवसर पर वीरांगना रानी दुर्गावती को याद किया। विधायक अरुण वोरा ने कहा शक्ति और साहस का प्रतीक थीं वीरांगना रानी दुर्गावती।

उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती के बलिदान को समाज को याद करना चाहिए उन्होंने कहा कि शिक्षा, संस्कार, एकता समाज के प्रगति के लिए आवश्यक हैं। समाज के सदस्यों ने मिलकर वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया। इस मौके पर विधायक व महापौर ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।उपस्थित सामाजिक लोगों ने रानी के जीवन पर प्रकाश डालता।स्वाधीनता और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों को अर्पण कर देने वाली महान वीरांगना महारानी दुर्गावती की आज पुण्यतिथि है। हर साल 24 जून को बलिदान दिवस के रूप में रानी दुर्गावती की पुण्यतिथि मनाई जाती है। आज महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर देश उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहा है।खुसरो परिवार,केंद्रीय गोड़ धमधागढ़ समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अति नक्सल प्रभावित ग्राम कबीरपथरा के क्रिकेट स्पर्धा में ग्राम आमापानी ने मारी बाजी

- मैन ऑफ द सीरीज विजेता टीम के खिलाड़ियों को कबीरधाम पुलिस द्वारा हेलमेट वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के निर्देशन में कबीरधाम पुलिस एवं ग्रामवासी कबीरपथरा के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत 6 जून से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन चिल्फी थाना अन्तर्गत अति नक्सल प्रभावित ग्राम कबीरपथरा में किया गया। जिसका समापन 23 जून गुरूवार को किया गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ग्राम आमापानी और दूसरा स्थान अतिनक्सल प्रभातिव ग्राम कबीरपथरा प्राप्त किया। अति नक्सल प्रभावित ग्राम कबीरपथरा के ग्रामीणों ने भारत माता की जय और वन्दे मातरम के नारे भी लगाएं। इस अवसर पर पुलिस विभाग द्वारा स्कूली बच्चो को शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी किया गया।



सामुदायिक पुलिसिंग के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन में कबीरधाम जिले के अति नक्सल प्रभावित गांव आमापानी, माचापानी, सुरतिया, बोककरखार, महलीघाट, कुंडपानी, बेलापाठ झुरगीदादर, छापाटोला, गाड़ाघाट की टीमों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त मध्य प्रदेश के कोकतीसराय, देवगांव, हर्राटोला की टीमों ने भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान ग्राम आमापानी को 3000 रूपए शील्ड मोमेंटो प्रदान किया गया। दूसरा स्थान ग्राम कबीरपथरा को 2000 रूपए एवं मेडल मोमेंटो प्रदाय किया गया। मैन ऑफ द सीरीज विजेता टीम के खिलाड़ियों को कबीरधाम पुलिस द्वारा हेलमेट प्रदान किया गया। आसपास से आए पूरी टीम के खिलाड़ियों को पुलिस विभाग द्वारा खेल सामग्री टी-शर्ट क्रिकेट किट वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल के अतिरिक्त आसपास से आए हुए ग्रामीण खिलाड़ी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने उपस्थित पुलिस टीम को अपने स्थानीय समस्या को अवगत कराया गया। उपाथित पुलिस टीम के द्वारा उक्त मांगों को अपने वरिष्ठ अधिकारी को अवगत कराकर समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया।

संपादकीय

## महाराष्ट्र की स्थिति उद्धव का संघर्ष

**महाराष्ट्र** में व्याप्त संकटपूर्ण परिस्थिति उद्धव ठाकरे के लिए एक झटका हो सकती है, लेकिन इससे उनका भविष्य का रास्ता बंद नहीं हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे बुधवार रात अपने आधिकारिक निवास 'वर्षा' से अपने पारिवारिक निवास 'मातोश्री' चले गए। इसे भले ही उनके कॅरियर की समाप्ति नहीं तो भी पार्टी पर उनके परिवार के कब्जे में गिरावट की तरह देखा जा रहा है जिसे उनके पिता बाल ठाकरे ने बनाया था। यह काफी भावनात्मक क्षण था और बड़ी संख्या में शिवसैनिक उनके साथ अपनी एकजुटता प्रदर्शित कर रहे थे। भावनाओं से भरे संभवतः अपने विदाई भाषण में मुख्यमंत्री ने कहा, 'यदि एक भी असंतुष्ट विधायक आकर मुझसे कहे कि वह मुझे मुख्यमंत्री के रूप में नहीं देखना चाहता है तो मैं मुख्यमंत्री का पद और आधिकारिक आवास छोड़ दूंगा।' कोरोनावायरस से संक्रमित होने के कारण उनका भाषण फेसबुक पर था। उन्होंने अपने भाषण में तीन मुख्य बिंदुओं पर जोर दिया। पहला, उन्होंने स्वयं को अलग किस्म के नेता की तरह पेश करते हुए कहा कि वे उन लोगों में नहीं हैं जो किसी भी कीमत पर सत्ता पर कब्जा करना चाहते हैं, 'मैंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे का पत्र तैयार रखा था और मैं किसी भी क्षण इसे दे सकता था।' दूसरा, पार्टी अब भी उनके साथ है, 'मुझे एकनाथ शिंदे के साथ गए विधायकों के फोन आ रहे हैं जो दावा कर रहे हैं कि उनको जबरन ले जाया गया है।' उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वे हिंदू राष्ट्रवाद के साथ हैं और 'शिवसेना को हिंदुत्व से अलग नहीं किया जा सकता है।' उनके अनुयायी व समर्थक उनसे सहमत हो सकते हैं, पर दूसरे लोग इस पर कुछ सवाल उठा सकते हैं। शिवसेना ने 2019 का विधानसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में लड़ा और जीता जिसमें भाजपा के देवेंद्र फडनवीस मुख्यमंत्री उम्मीदवार थे। फिर सवाल है कि शिवसेना ने देश में एकमात्र अन्य हिंदुत्ववादी शक्ति भाजपा को धोखा क्यों दिया तथा उन पार्टियों के साथ चली गई जो अंतर्निहित रूप से हिंदुत्व-विरोधी थीं?

क्या शिवसेना विधायक मासूम या बच्चे हैं जिनको जबरन सैकड़ों मील दूर ले जाया जा सकता है? यदि ऐसा है ता उद्धव ठाकरे को इस दोष से मुक्त नहीं किया जा सकता है कि आखिर उन्होंने पार्टी के सर्वोच्च नेता के रूप में इतने कमजोर लोगों को टिकट क्यों दिया। इसके बावजूद ऐसे नेता से कोई हमदर्दी जता सकता है जिसके अनुयायी उसे छोड़ कर चले गए हों, लेकिन इससे पार्टी व सरकार संचालित करने की उसकी क्षमता पर काफी सवाल स्वाभाविक रूप से उठते हैं। स्पष्ट रूप से वे अपनी पार्टी में विरोध की गहनता को ठीक से समझने में विफल रहे। यह इस तथ्य से भी स्पष्ट होता है कि उनके हर तीन में से दो विधायक शिंदे के साथ थे। विधायकों की भगदड़ जारी है। गुरुवार सवेरे शिवसेना के तीन और विधायक-दीपक केसाकर, मंगेश कुदालकर व सदा सारवंकर विमान से असम पहुंच गए जहां विद्रोही इकट्ठा थे। सवाल है कि क्या उद्धव या ठाकरे परिवार की राजनीति का अंत हो गया है? यदि ऐसा होता तो इसका अर्थ था कि एक राजनीतिक पार्टी उस परिवार से पल्ला झाड़ने में सफल हुई जिसने उसे जन्म दिया था। लेकिन अभी यह नतीजा निकालने का समय नहीं आया है कि ठाकरे परिवार का राजनीतिक कॅरियर समाप्त हो गया है। भले ही उसमें गिरावट आई हो, पर यह समाप्त नहीं हुआ है। यह स्थिति चिराग पासवान जैसी है जिनका लोजपा पर नियंत्रण समाप्त हो गया है, पर वे अभी भी राम विलास पासवान की विरासत का दावा करते हैं। देखें और प्रतीक्षा करें कि महाराष्ट्र में घटनाक्रम क्या मोड़ लेता है।

# कोविड के कारण रोजगार क्षेत्र में अस्थिरता

**कोविड-19 के कारण रोजगार क्षेत्र में अस्थिरता आई है। ऐसे में देश में बढ़ती श्रम शक्ति के लिए तत्काल ज्यादा बेहतर व उत्पादक रोजगार सृजन की आवश्यकता है।**



**बलवंत सिंह मेहता**
(इंस्टीट्यूट फार ह्यूमन डेवलपमेंट के निदेशक)



राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय-एनएसओ ने 14 जून को 2020-21 का पीरियाडिक लेबर फोर्स सर्वे-पीएलएफएस जारी किया। पहली नजर में वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट से रोजगार की स्थिति में सुधार दिखता है क्योंकि पिछले वर्षों की तुलना में महामारी वाले वर्षों में रोजगार में वृद्धि हुई है तथा बेरोजगारी दर में कमी आई है। पीएलएफएस सर्वे वर्ष जुलाई से जून तक कृषि वर्ष से जुड़ा है। यह पूरी तरह अप्रत्याशित है क्योंकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण गंभीर आर्थिक अव्यवस्था पैदा हुई थी।

सर्वे के परिणाम अनेक अन्य रिपोर्टों से अलग हैं जो संकेत करती हैं कि देश में रोजगार की स्थिति वैश्विक महामारी के बाद और खराब हो गई है। इस सर्वे रिपोर्ट के नतीजों ने बहुत से लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। यह गंभीर जांच का विषय है कि सर्वेक्षण के ये परिणाम विसंगतियां हैं अथवा इनसे संकेत मिलता है कि देश में रोजगार की स्थिति बदल रही है। इस लेख में पिछले तीन वर्ष की पीएलएफएस रिपोर्टों में पेश नतीजों का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। हमने कुछ प्रमुख श्रम बाजार संकेतकों के विश्लेषण के माध्यम से यह समझने का प्रयास किया है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी का क्या प्रभाव पड़ा।

आमतौर से श्रम शक्ति सहभागिता दर का आंकलन सर्वे के पहले 365 दिनों के संदर्भ से होता है। यह काम कर रहे, काम के लिए उपलब्ध या बेरोजगार लोगों का कुल योग है। इसकी चार साल में अधिकतम दर 41.6 प्रतिशत 2020-21 में थी। कामगार जनसंख्या अनुपात-डब्लूपीआर में वृद्धि हुई है जो 2018-19 में 35.3 से बढ़ कर 2020-21 में 39.8 प्रतिशत पहुंच गई। यह देश की जनसंख्या में रोजगार प्राप्त लोगों का प्रतिशत है। दूसरी ओर श्रम शक्ति में बेरोजगारों का प्रतिशत, यानी बेरोजगारी दर 2018-29 में 5.2 प्रतिशत से घट कर 2020-21 में 4.2 प्रतिशत रह गई है।

ग्रामीण-शहरी विभाजन पर गौर करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में डब्लूपीआर शहरी क्षेत्रों की तुलना में लगभग 2.5 गुना अधिक है। यह अच्छी तरह दस्तावेजीकृत है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर कोविड-19 का प्रभाव शहरी क्षेत्रों की तुलना में बहुत कम था जो सर्वे के परिणामों से स्पष्ट है।

काफी संख्या में लोगों, खासकर अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले प्रवासियों का रोजगार शहरी क्षेत्रों में महामारी के दौरान समाप्त हो गया। शहरी क्षेत्रों में रोजगार का कोई साधन न होने के कारण उनकी बड़ी संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में अपने मूल स्थानों पर वापस लौटी। वहां उनके परिवारी सदस्य, खासकर महिलायें स्थानीय रूप से उपलब्ध गतिविधियों जैसे कृषि व उससे जुड़े कामों में आजीविका के लिए लगे रहे। सर्वे परिणामों से यह भी स्पष्ट हुआ कि डब्लूपीआर में वृद्धि का कारण पुरुषों की तुलना में महिलायें थीं जिनकी संख्या में पुरुषों की तुलना में 2.54 प्रतिशत वृद्धि हुई। यह परिघटना ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा स्पष्ट थी जहां महामारी के वर्षों में महिला डब्लूपीआर में अपने शहरी समकक्षों की तुलना में 3.2 गुना वृद्धि हुई। यह 19 प्रतिशत से बढ़ कर 27.1 प्रतिशत हो गई, जबकि शहरों में यह 15 प्रतिशत से बढ़ कर 17 प्रतिशत हुई। इस प्रकार महामारी के वर्षों में रोजगार दर में वृद्धि अधिकांशतः ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में हुई। औद्योगिक ढांचा व्यापक रोजगार प्रवृत्तियां प्रदर्शित करता है। जहां भारत जैसे विकासशील देशों में कृषि में रोजगार आजीविका के रूप में देखा जाता हैऔर यह कम उत्पादक होता है, वहीं औद्योगिक व सेवा क्षेत्रों में गैर-कृषि रोजगार को ज्यादा उत्पादक माना जाता है। यह भी अच्छी तरह दस्तावेजीकृत है कि देश की प्रगति के साथ लोग ग्रामीण क्षेत्रों में कम उत्पादक कृषि क्षेत्र से शहरी क्षेत्रों में ज्यादा उत्पादक गैर-कृषि औद्योगिक व सेवा क्षेत्रों की ओर पलायन करते हैं। लेकिन भारत में रोजगार के औद्योगिक वितरण में एक प्रतिगामी प्रभाव दिखता है। हालिया वर्षों में कृषि क्षेत्र में दशकों लंबी गिरावट के बावजूद ज्यादा से ज्यादा लोग ग्रामीण क्षेत्रों के कृषि क्षेत्र में जा रहे हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार का हिस्सा 3 प्रतिशत बढ़ा है और यह 2018-19 में 57.8 प्रतिशत से बढ़ कर 2020-21 में 60.8 प्रतिशत हो गया है।

इस प्रवृत्ति से संकेत मिलता है कि लोगों को गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार पाने में कठिनाई हो रही है और वे मजबूरी में अन्य रोजगार विकल्प न होने के कारण आजीविका के लिए कृषि से जुड़ी गतिविधियों में शामिल होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग तीन-चौथाई महिलायें कृषि गतिविधियों में लगी हैं, जबकि इसमें पुरुषों का प्रतिशत 53.8 प्रतिशत है। इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि का महिलाओं के काम पर भारी प्रभाव पड़ता है जो महिलाओं की बढ़ती डब्लूपीआर से स्पष्ट है। इससे स्पष्ट होता है कि कृषि क्षेत्र में रोजगार में वृद्धि वैश्विक महामारी के कारण पैदा आर्थिक मंदी का नतीजा है।

शहरों से गांवों में विपरीत पलायन के कारण कृषि क्षेत्र पर ज्यादा कामगारों खासकर महिलाओं को समाहित करने का दबाव पड़ा है। इससे परेशानी में कोई भी रोजगार करने की प्रवृत्ति सामने आई है। 'स्टेटस आफ इम्प्लायमेंट' से व्यापक रूप से रोजगार की गुणवत्ता प्रदर्शित होती है जहां नियमित वेतन को स्वरोजगार या अनियमित श्रम की तुलना में बेहतर गुणवत्ता वाला काम माना जाता है। नियमित वेतनों के साथ काम की नियमितता तथा सामाजिक सुरक्षा लाभ जुड़े होते हैं, जबकि स्वरोजगार व अनियमित श्रम के साथ सामाजिक सुरक्षा प्राविधान आमतौर से शामिल नहीं होते हैं। पीएलएफएस सर्वे रिपोर्ट से पता चलता है कि स्वरोजगार प्राप्त लोगों का हिस्सा बढ़ा है और यह 2018-19 में 52.1 प्रतिशत से बढ़ कर 2019-20 में 55.6 प्रतिशत हो गया है। इसके साथ ही पिछले तीन साल में नियमित वेतन प्राप्त करने वालों में 23.8 प्रतिशत से 21.1 प्रतिशत तथा अनियमित श्रम में 24.1 प्रतिशत से 23.3 प्रतिशत की गिरावट आई है।

यह परिघटना ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा स्पष्ट है जहां स्वरोजगार प्राप्त लोगों के प्रतिशत में शहरी क्षेत्रों में 1.7 प्रतिशत की तुलना में 3.3 प्रतिशत वृद्धि हुई है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार के हिस्से में वृद्धि अधिकांशतः घरों में बिना वेतन काम करने वाले सहायकों की संख्या में वृद्धि के कारण है, जबकि अपने लिए श्रम करने व रोजगार देने वालों की संख्या में कमी आई है। इससे संकेत मिलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला डब्लूपीआर में वृद्धि अधिकांशतः सहायकों या घरेलू उद्यमों में बिना भुगतान वाले परिवारी कामगारों के कारण है। नीति आयोग की एक हालिया रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि भारत में बेरोजगारी की तुलना में 'परोक्ष रोजगार' या बिना भुगतान के परिवारों में काम करना ज्यादा गंभीर मुद्दा है। नियमित वेतन वाले कामगारों के हिस्से में कमी एक और गंभीर चिन्ता का विषय है। इससे रोजगार की खराब होती स्थितियों का संकेत मिलता है। हालिया वर्षों में वैश्विक महामारी के कारण कम गुणवत्ता वाले रोजगार में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि महामारी के वर्षों में रोजगार में वृद्धि परेशानी के कारण है और इसका देश में समग्र रोजगार स्थिति में सुधार से संबंध होना जरूरी नहीं है। इसे रिपोर्ट में श्रम शक्ति सहभागिता दर व कामगार-जनसंख्या अनुपात में वृद्धि तथा बेरोजगारी दर में गिरावट से प्रदर्शित किया गया है। यह उल्लेख भी जरूरी है कि हालिया वर्षों में कृषि व संबंधित क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि, खासकर ग्रामीण महिलाओं की रोजगार में वृद्धि मुख्यतः परेशानी के कारण है और यह उत्पादक या अच्छा रोजगार नहीं है। हालिया रिपोर्ट से स्पष्ट है कि महामारी के वर्षों में 2020-21 में अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार 68.4 प्रतिशत से बढ़ कर 71.4 प्रतिशत हो गई। अनौपचारिक क्षेत्र में अधिकांश कामगार किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के अधिकारी नहीं होते हैं और उनको राष्ट्रीय श्रम कानूनों व नियमों के क्षेत्र में भी नहीं आते हैं। ऐसे कामगारों पर किसी आर्थिक उथलपुथल का सर्वाधिक प्रभाव होता है, जैसा कोविड-19 के बाद आई आर्थिक उथलपुथल से स्पष्ट है।

कुल मिला कर पीएलएफएस सर्वे रिपोर्ट से देश में कोरोना महामारी के वर्षों में नए रोजगार सृजन का संकेत मिलता है, लेकिन अधिकांश रोजगार परेशानी के कारण पैदा अनौपचारिक किस्म के हैं, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के लिए। इस संदर्भ में देखें तो, देश में उभरती श्रम शक्ति के लिए तत्काल ज्यादा बेहतर व उत्पादक रोजगार पैदा करने की आवश्यकता है जो एसडीजी लक्ष्यों का आठवां लक्ष्य-वर्ष 2030 तक 'सबको अच्छा व उत्पादक रोजगार' प्रदान करने की दिशा में आगे बढ़े।

# डब्लूटीओ बैठक में नेता बनकर उभरा भारत



**पी. के. वासुदेव**
(लेखक, अंतरराष्ट्रीय व्यापार के पूर्व प्रोफेसर हैं)

विवादास्पद धाराओं को हटाकर भारत ने भारतीय मछुआरों को सब्सिडी देने के अपने अधिकार का बचाव किया। दशक में पहली बार, 164 सदस्य देशों के विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ)ने 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी12) में एक ऐतिहासिक समझौते को अंतिम रूप दिया है। चार दिवसीय इस सम्मेलन को दो दिनों के लिए बढ़ा दिया गया क्योंकि व्यापार मंत्रियों ने जिनेवा झील के बगल में डब्ल्यूटीओ मुख्यालय में रात भर बातचीत की और 18 जून की सुबह तक बातचीत जारी रही। भारत एमसी12 में डब्लूटीओ वार्ताओं के केंद्र में था। भारत विश्व खाद्य कार्यक्रम पर कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं लगाने के प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। लेकिन आंतरिक खाद्य सुरक्षा चिंताएं प्राथमिकता पर रहेंगी। कृषि पर कोई कार्य आयोजन नहीं है, जो भारत के लिए एक अच्छा परिणाम माना जा सकता है क्योंकि हमारी कृषि-सब्सिडी को किसी और जांच का सामना नहीं करना पड़ेगा। व्यापार से संबंधित बौद्धिक संपदा अधिकार (ट्रिप्स) छूट पर, केवल टीकों पर एक समझौता किया जा सकता है। अधिकारी ने कहा कि विकसित देशों की मांग के मुताबिक डायग्नोस्टिक्स और थैरेप्यूटिक्स के लिए बातचीत छह महीने में शुरू हो जाएगी। इसका मतलब है कि समझौते में डायग्नोस्टिक्स और थेरेप्यूटिक्स को शामिल करने की भारत की मांग को विकसित देशों का समर्थन नहीं मिला। अक्टूबर 2020 में, भारत, दक्षिण अफ्रीका और 63 सह-प्रायोजकों ने मध्यम व निम्न-आय वाले देशों को कोविड -19 टीकों और दवाओं तक पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए ट्रिप्स छूट का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, समझौते के संचालन की निगरानी के लिए जिम्मेदार निकाय ट्रिप्स काउंसिल में चर्चा गतिरोध की स्थिति में आ गई। मसौदा समझौता मूल प्रस्ताव से कमतर था और इसमें केवल टीके शामिल थे।


भारत ने कोविड -19 और भविष्य की महामारियों से लड़ने के लिए टीकों, चिकित्सा विज्ञान और निदान के लिए ट्रिप्स छूट का आह्वान किया था। भारत ने माना था कि अब बहुत देर हो चुकी थी यदि केवल टीकों को शामिल किया गया था क्योंकि महामारी ने अपना प्रारंभिक क्रम चलाया था। ई-कॉमर्स लेनदेन पर सीमा शुल्क के ऊपर स्थगन पर, देश इसे अगले दो साल तक बढ़ाने पर सहमत हुए। भारत ने पहले की तरह प्रतिक्रियाशील होने के बजाय विश्व व्यापार संगठन वार्ता के सभी स्तंभों में आक्रामक मसौदा ग्रंथों को रखा। भारत मत्स्य पालन, स्वास्थ्य और विश्व व्यापार संगठन के सुधारों, डिजिटल प्रौद्योगिकी, भोजन और पर्यावरण के भविष्य पर एक सर्वसम्मत समझौते के लिए सदस्यों को एक साथ लाया। विश्व व्यापार संगठन में भारत के सैद्धांतिक रुख ने वैश्विक स्तर पर गरीबों और कमजोर लोगों की आवाज को मजबूत किया। जिनेवा में हुआ समझौता इसे 2013 के बाली मंत्रिस्तरीय के बाद पहला व्यापार सौदा बनाता है, जहां सदस्यों ने खाद्य सुरक्षा उद्देश्यों के लिए सार्वजनिक स्टॉकहोल्डिंग पर शांति खंड और व्यापार सुविधा समझौते पर विश्व व्यापार संगठन के पहले व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। बहुपक्षीय व्यापार संगठन में सर्वसम्मति से संचालित, नियम बनाने की प्रक्रिया का मतलब है कि एक सदस्य भी अंतिम समय में किसी सौदे को विफल कर सकता है। छठे दिन तक पहुंची बातचीत के बाद, विश्व व्यापार संगठन के 164 देशों ने अंततः 18 जून को जिनेवा में भारत के साथ एक पैकेज डील अग्रसारित की। नौ वर्षों में पहले बड़े समझौते में, इस सौदे में विकासशील देशों के लिए महत्ता के छह प्रमुख मुद्दे शामिल हैं जिनमें खाद्य सुरक्षा, संतुलित परिणाम मत्स्य पालन सब्सिडी, महामारी की प्रतिक्रिया और कोविड -19 टीकों पर पेटेंट छूट शामिल हैं।




वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के वार्ता कौशल की परीक्षा लेने वाले सौदे ने मैराथन वार्ता की दो रातों के दौरान विकसित और विकासशील देशों के बीच कई व्यापार-समझौते देखे। गोयल ने समझौते के बाद कहा, ''लंबे समय से लंबित मुद्दों पर अच्छे नतीजे आए हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत ने मछुआरों और किसानों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की है। ''कुल मिलाकर, यह एक अच्छा पैकेज है। आज कोई मुद्दा नहीं है जिस पर हमें चिंतित होना है, चाहे वह एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) जैसा कृषि से संबंधित मुद्दा हो, या राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम या पीएम गरीब कल्याण योजना, ट्रिप्स छूट, ई-कॉमर्स स्थगन, कोविड और मत्स्य पालन की प्रतिक्रिया को पूरा करने के लिए सार्वजनिक स्टॉक होल्डिंग कार्यक्रम की प्रासंगिकता को मजबूत करना हो।'' भारत ने अंतिम समय में पाठ से विवादास्पद खंड हटा कर, भारतीय मछुआरों को सब्सिडी देने के अपने अधिकार का बचाव किया। बदले में, भारत इलेक्ट्रॉनिक आयात पर सीमा शुल्क पर स्थगन के 18 महीने के विस्तार के लिए सहमत हुआ, जिसका तर्क है कि यह अमीर देशों के पक्ष में है। हालांकि, अत्यधिक मछली पकड़ने, गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर सहमति बनती है, और इसमें अवैध, गैर-सूचित और अनियमित (आईयूयू) मछली पकड़ने को प्रस्तावित समझौते के जरिए संबोधित किया गया है।

''भारत के आग्रह पर, ईईजेड (विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र) पर संप्रभु स्थलों को मजबूती से स्थापित किया गया है। यह वास्तव में एक बड़ी उपलब्धि है,'' गोयल ने कहा कि विश्व व्यापार संगठन के 12वें मंत्रि-स्तरीय सम्मेलन द्वारा लिए गए इन 'ऐतिहासिक निर्णयों' से लाभान्वित होने वाले प्रमुख हितधारकों में मछुआरे, किसान, खाद्य सुरक्षा, बहुपक्षवाद, और व्यापार और व्यवसाय, विशेष रूप से डिजिटल अर्थव्यवस्था और एमएसएमई हैं। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से एमसी12 ने कई महत्वपूर्ण सफलतायें हासिल की है, स्पष्ट है कि बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। भारत ने आज विभिन्न मुद्दों पर फ्रंट फुट पर बल्लेबाजी की। यह 'न्यू इंडिया' के आत्मविश्वास का नतीजा था।

## फरमाया



**इस** वर्ष हम 7.5 प्रतिशत वृद्धि की आशा करते हैं जो हमें सबसे तेज विकसित होने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना देती है।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**अब** हमें सबसे नीचे पहुंचने के संकेत दिखने लगे हैं।

– **रनिल विक्रमसिंघे**
श्रीलंका के प्रधानमंत्री



**वन** रैंक वन पेंशन से यह सरकार नो रैंक नो पेंशन तक पहुंच गई है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## गुरुद्वारे पर हमला

**अफगानिस्तान** में गुरुद्वारा साहिब पर हमला उन पाखंडी सेक्युलरों व भाईचारा गैंग की सच्चाई खोलता है जो भगवा आतंकवाद व देश में डर के माहौल की वकालत करते हैं। कभी हिंदुकुश पर्वत श्रृंखलाओं तक फैली हिन्दू संस्कृति को कितनी बर्बरता के साथ कथित अमन व भाईचारे के मज़हब की दुहाई देने वालों ने कुचला और दमन किया था और कर रहे हैं। 2001 में उन्होंने ही बामियान में शान्ति के देवता महात्मा बुद्ध की विशाल मूर्ति को तोप लगाकर उड़ा दिया था। वह आज नुपुर शर्मा के एक बयान पर भारत के उन तमाम उपकारों को भूल गया जो अफगानिस्तान पर तब किये गए जब अमेरिका जैसी महाशक्ति भी उसे मंझधार में छोड़ चुकी थी। नूपुर को उस बयान के लिए शिवलिंग पर अशोभनीय टिप्पणी कर उकसाया गया था। इंसानियत के मज़हबी ठेकेदारों ने अफगानिस्तान में बचे एक गुरुद्वारे पर हमला कर अपनी घृणित मानसिकता का परिचय दे दिया। भारत में बैठे अनेक कथित उदारवादी व सेक्युलर क्या इस सवाल का उत्तर दे सकेंगे कि अफ़गानिस्तान, पाकिस्तान व बांग्लादेश में अल्पसंख्यक घटते क्यों जा रहे हैं?

–**डॉ नरेन्द्र**, मेरठ

## अग्निपथ का स्वागत

**सेना** में भर्ती की अग्निपथ योजना के विरोध में जिस प्रकार से देश के विभिन्न राज्यों में हिंसक प्रदर्शन हुए वह युवाओं में बढ़ रही विचार-शून्यता एवं अराजकता को दर्शाते हैं। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा कर कोई कैसे सैनिक बन कर देश की दुश्मन देशों से सुरक्षा का दावा कर सकता है? अग्निपथ के विरोध के पीछे कुछ सियासी राजनीतिक दलों की मंशा भी नेक नहीं कही जा सकती। अग्निपथ योजना भारत सरकार की ओर से देश के युवाओं के लिए एक शानदार अवसर है। योजना में सुधार की कुछ गुंजाइश हो सकती है। अग्नि वीरों को चार पांच साल की सेवा के पश्चात 11-12 लाख का पैकेज भी बुरा नहीं है। भूतपूर्व अग्नि वीरों को सेवाकाल के पश्चात अन्य विभागों में रोजगार प्रदान करने हेतु भी केंद्र एवं अनेक राज्य सरकारों का सकारात्मक प्रस्ताव उत्साह बढ़ाने वाला है। दुनिया के शक्तिशाली देश सेना में मैनपावर को कम करके हथियार गोला बारूद एवं आधुनिक मारक क्षमता पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। इसी नीति का अनुसरण भारत को भी करना होगा। सेना के बजट को संतुलित करने में एवं स्थापना खर्च घटाने में भी अग्निपथ योजना कारगर सिद्ध होगी।

–**ललित महालकरी**, इंदौर

## कथनी-करनी में अंतर

**कोई** देश अगर अमीर हो तो, उसके द्वारा किए गए गुनाह पर दुनिया कोई तवज्जो नहीं देती। अब मानवाधिकार के मामले में सऊदी अरब को ही ले लीजिये। उसके खिलाफकभी कोई देश बयानबाज़ी नहीं करता। 2018 में वाशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार जमाल खशोगी की हत्या, इस्ताम्बुल स्थित सऊदी वाणिज्य दूतवास के लोगों द्वारा, कर दी गयी थी। तमाम साक्ष्यों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। सिर्फ तुर्की ने सऊदी अरब के खिलाफ एक्शन लेने के बात की थी। जिसके चलते दोनों देशों के बीच संबंधों में दरार पड़ गयी थी। मगर अब सऊदी क्राउन प्रिंस सलमान के तुर्की का यात्रा पर जाने, फिर वहां राष्ट्रपति रिस्प टेयिप एरडोगान से गले मिलने को देख कर लग रहा था दोनों देशों के बीच कोई अनबन कभी थी ही नहीं। अब जमाल खशोगी की आत्मा को कभी शांति नहीं मिलेगी। तुर्की को इस समय सऊदी अरब से आर्थिक पैकेज की सख्त दरकार है। कथनी-करनी में अंतर इसी को कहते हैं।

–**जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

# मोबाइल मेडिकल यूनिट शहरी जरूरतमंदों के लिए बना वरदान, लोगों के लिए साबित हो रही संजीवनी

■ घर के पास इलाज की सुविधा मिलने से राजीम बाई और चितरेखा ने योजना को बताया अपने जैसे अनेक लोगों के लिए संजीवनी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को उनके घर के समीप स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाईल मेडिकल यूनिट शहरी जरूरतमंदो के लिए वरदान साबित हो रहा है। यह योजना खासकर मेहनत, मजदूरी करने वाले तथा निम्न व मध्यम वर्गीय कामकाजी लोगों को उनके मोहल्ले में ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध हो रहा है। इस योजना के कारण शहरी क्षेत्रों के लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ समय एवं पैसे की भी बचत हो रही है। मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से उनके घर के पास ही समुचित स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलने से जिला मुख्यालय बालोद के कुंदरूपारा वार्ड क्रमांक 17 की बुजुर्ग महिला राजीम बाई एवं चितरेखा ने इस योजना की मुक्तकंठ से सराहना की है।

**मोहल्ले में ही समुचित ईलाज की सुविधा मिल रही-** इस योजना की सराहना करते हुए 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला श्रीमती राजीम बाई ने कहा कि वह लम्बे समय से कमर व हाथ-पैर दर्द तथा कमजोरी की समस्या से ग्रसित थी। राज्य सरकार के द्वारा मोबाईल मेडिकल यूनिट प्रारंभ करने के पूर्व उसे इलाज हेतु अपने घर से दूर जिला चिकित्सालय एवं किसी विशेषज्ञ चिकित्सक के पास जाना पड़ता था। लेकिन घरेलू कार्यों की अधिकता एवं समय पर पैसों की व्यवस्था नहीं होने के कारण वे समय पर अपना ईलाज नहीं करा पाती थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा मोबाईल मेडिकल यूनिट की सुविधा प्रारंभ करने से आज उसे अपने कुंदरूपारा मोहल्ले में ही समुचित ईलाज की सुविधा मिल रही है। अब वह अपने घरेलू कामकाजों का निपटारा कर सुबह 8 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक किसी भी समय मोहल्ले के मोबाईल मेडिकल यूनिट में जाकर निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले रही हैं।

**जरूरतमंद लोगों के लिए संजीवनी-** इस योजना की सराहना कुंदरूपारा बालोद निवासी चितरेखा ढीमर ने भी की है। उन्होंने कहा कि वे पिछले कुछ समय से शारीरिक कमजोरी की समस्या से ग्रसित थी। कुंदरूपारा में उनके घर के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट के आगमन की सूचना मिलने पर वे अपने स्वास्थ्य जाँच एवं इलाज के लिए वहाँ पर गई। वहाँ पर उपस्थित चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी द्वारा उनके स्वास्थ्य जाँच के उपरांत उनके शारीरिक कमजोरी को दूर करने हेतु मल्टीविटामिन सिरप, कैल्शियम एवं आयरन की गोली आदि दवाईयाँ निःशुल्क दी गई। आज वे पूरी तरह स्वस्थ होकर मेहनत-मजदूरी के अलावा अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं। इन दोनो महिलाओं ने छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना की भूरी-भूरी सराहना करते हुए अपने जैसे अनेक जरूरतमंद लोगों के लिए संजीवनी बताया है। इसी तरह कुंदरूपारा निवासी श्रीमती कचरी बाई, श्रीमती संजू खरे आदि महिलाओं ने भी इस योजना की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार को हृदय से धन्यवाद दिया है।

# किसानों को समुचित मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने कलेक्टर महोबे ने कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि मौजूदा खरीफ सीजन में जिले के किसानों को किसी भी स्थिति में खाद-बीज की कमी की समस्या से जुझना ना पड़े, इसके लिए समय पूर्व सभी उपाय सुनिश्चित किए जाए। कलेक्टर महोबे जिले में उर्वरक व्यवस्था के संबंध में कृषि, जिला विपणन संघ एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में ली। उन्होंने कृषि एवं सम्बद्ध विभाग के अधिकारियों को जिले के किसानों को समुचित मात्रा में खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए हैं।

बैठक में कंपनी एवं राज्य स्तर से उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने डबल लॉक स्तर उपलब्ध उर्वरकों को यथाशीघ्र समितियों में भण्डारण करके समिति स्तर से कृषकों को वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिन समितियों में उर्वरक की कमी है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर उर्वरक भण्डारण करने हेतु नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक को समिति प्रबंधकों के माध्यम से आरओ, डीडी जारी करने हेतु सख्त निर्देश दिए।

## 60 हजार 900 मे.टन का लक्ष्य रखा गया

कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि सामान्यतः कृषकों द्वारा डीएपी उर्वरकों की मांग अधिक की जा रही है, जिसकी उपलब्धता के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। डीएपी की विकल्प के रुप में सुपर फास्फेट जिसमें सामान्यतः 16 प्रतिशत स्फूर (फारफोरस) एवं 11 प्रतिशत गंधक होता है, के उपयोग करने हेतु संबंधित अधिकारियों को कृषकों के मध्य तकनीकी प्रचार-प्रसार करने हेतु समझाईश दी गई। उन्होंने बताया कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार उर्वरकों की गुणवत्ता नियंत्रण, वि य हेतु पीएओएस मशीन की अनिवार्यता एवं निर्धारित दर पर उर्वरकों के वि य सुनिश्चित करने संबंध में समीक्षा भी की गई। उप संचालक ने बताया कि जिले के कृषि विकास में हाईयील्डिंग, प्रमाणित एवं हायब्रिड बीजों के कृषकों द्वारा उपयोग के साथ उर्वरकों की खपत में वृद्धि हुई है। मानसून के आगमन के साथ धान, दलहन एवं अन्य फसलों की फसल की बुआई प्रारंभ हो चुकी है, जिसमें अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए कृषकों द्वारा रसायनिक उर्वरकों की पूर्ति सहकारी एवं लायसेंसी निजी वि ेताओं द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि खरीफ वर्ष 2022-23 में सहकारिता 37 हजार 500 मे.टन, निजी 23 हजार 400 मे.टन कुल 60 हजार 900 मे.टन का लक्ष्य रखा गया है, जिसके विरुद्ध सहकारिता क्षेत्र में 29 हजार 43 मे.टन, (77.45 प्रतिशत) का भण्डारण एवं भण्डारण के विरुद्ध 22 हजार 941 मे.टन (78.99 प्रतिशत) का वितरण हो चुका है तथा वर्तमान 6 हजार 102 मे.टन उर्वरक सहकारी समितियों में उपलब्ध है। इसी प्रकार निजी क्षेत्र में 8 हजार 27 मे.टन (34.3 प्रतिशत) का भण्डारण एवं भण्डारण के विरुद्ध 4 हजार 306 मे.टन (53.64 प्रतिशत) का वितरण किया गया है, निजी लायसेंसी दुकानों में 3 हजार 720 मे.टन उर्वरक उपलब्ध है। इस प्रकार सहकारी एवं निजी क्षेत्र में 6 हजार 192 मे.टन यूरिया, 2 हजार 247 मे.टन सुपर फास्फेट, 448 मे.टन पोटास, 512 मे.टन डी.ए.पी., 424 मे.टन इफको (12:32:16 एन.पी.के.) कुल 9 हजार 822 मे.टन उर्वरक उपलब्ध है।

# डीईओ के निरीक्षण के दौरान कई शिक्षक नदारद

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा विकासखण्ड नवागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला हाथाडांडू, प्राथमिक शाला जूनाडांडू, नवागांव (ब), खैरी, छेरकापुर, खपरी, समेसर, झाल, पूर्व माध्यमिक शाला हाथाडांडू, समेसर, झाल विकासखण्ड बेमेतरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढोलिया तथा प्राथमिक शाला चारभाठा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला हाथाडांडू के अनिल कुमार जांगड़े सहा.शि. एवं श्रीमती सुचित्रा निषाद सहा.शिक्षक निर्धारित विद्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हाथाडांडू में मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था उपयुक्त नहीं पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी मिश्रा द्वारा व्यवस्था में सुधार करते हुए गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश प्रधान पाठक को दिए गए। शासकीय प्राथमिक शाला जूनाडांडू के निरीक्षण के दौरान पाठकान के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि श्री टेकराम साहू शिक्षक दो दिवस से बिना सूचना के अनुपस्थित हैं। शासकीय प्राथमिक शाला खैरी में निरीक्षण के दौरान किसी भी कक्षा में अध्यापन कार्य होते नहीं पाया गया इस पर शिक्षक श्री किशोर देवांगन को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा कक्षाध्यापन हेतु निर्देशित किया गया। डी.ई.ओ. श्री मिश्रा के द्वारा विद्यालय के बच्चों से उनकी कक्षा के अनुरूप सवाल पूछे गए बच्चों में कक्षानुरूप दक्षता में कमी पाई गई। उपस्थित शिक्षकों को बच्चों में कक्षा के अनुरूप दक्षता को प्राप्त करने हेतु उचित प्रयास किए जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिए गए। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला समेसर में सभी शिक्षक कक्षा में न होकर बाहर प्रांगण में बैठे पाए गए जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। शासकीय प्राथमिक शाला खपरी के शिक्षक जय प्रकाश सिंह बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गए।

# वीरांगना दुर्गावती के आदर्शो को आत्मसात करे समाज : आशीष छाबड़ा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वक्षेर्त्र ग्राम गोता में ध्रुव(गोंड)समाज द्वारा आयोजित विरागना महारानी दुर्गावती जयंती समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा थे। अतिथिगणों के द्वारा विरागना महारानी दुर्गावती के शैलचीत्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारभ किया। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि भारतीय इतिहास वीरांगनाओं के शौर्यगाथाओं से भरा हुआ है, इनमें से एक गोंडवाना साम्राज्य की रानी दुर्गावती ने अपने साहस और वीरता की मिसाल कायम की है,उन्होंने पति की मृत्यु के बाद धैर्य और कुशलता के साथ अपने साम्राज्य को सम्हाला और सम्पन्न बनाया, मातृभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिये और नारी शक्ति का प्रतिमान बनी, रानी दुर्गावती का बलिदान महिलाओं में हमेशा साहस जगाता रहेगा,अपनी वीरता के लिए जानी जाने वाली रानी दुर्गावती का युद्ध कौशल सराहनीय था, वहीं उनके शासन काल में मठ, मंदिर, कुएं, बाबड़ी, धर्मशाला सहित अनेक धार्मिक, सामाजिक संस्कारित कार्य हुए जो कि आज भी प्रेरणादायी हैं वीरांगना के आदर्शो का अनुसरण कर उनके बताए रास्ते पर चलने की अवशयकता है साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा जी कर कमलों से हुआ 05 लाख रुपए की लागत से होने वाले नवीन प्रा.शा.भवन जीर्णोधार का भूमिपूजन इस अवसर पर सूर्यप्रकाश शर्मा विधायक प्रतिनिधी, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,जितेंद्र साहू सदस्य जनपद पंचायत, गुलाब साहू सहित बड़ी सँख्या में ग्रामवासी सहित समाज के पदाधिकारीगण उपस्तिथ रहे।

# बोरी में मिली महिला की लाश का हुआ खुलासा

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



बोली में मिली लाश का पुलिस ने कुछ ही घंटों में मामले का खुलासा करने में कामयाबी हासिल की। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 23.जून को नगर पालिका निगम के सफाई कर्मियों को शिवपारा स्टेशन मरोदा मंगल भवन के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय के सेप्टिक टैंक की सफाई दौरान सैप्टिक टैंक के अंदर एक प्लास्टिक बोरी में भरी अज्ञात मानव शव दिखाई दिया जिसकी सूचना सफाई कर्मी सुपरवाईजर के द्वारा थाना नेवई को दी गई जिस पर थाना नेवई में मर्ग कमांक 41 / 2022 धारा 174 जाफौ कायम कर जांच में लिया गया । जांच दौरान मौके पर पहुंचकर बोरी में भरी शव को सैप्टिक टैंक से निकालकर शव की शिनाख्ती कराई गई शव की पहचान भाना बाई साहू पति रोहित उर्फ ईश्वर उम्र करीब 40 साल निवासी शिवपारा स्टेशन मरोदा शीतला तालाब के पास थाना नेवई जिला दुर्ग के रूप में हुई । शव पंचनामा दौरान मृतिका के सिर में कई जगह चोटों क निशान होना पाया गया शव का पीएम जिला अस्पताल दुर्ग से कराया गया । मर्ग जांच में मृतिका भाना बाई साहू की मृत्यु अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतिका की हत्या करने के नियत से किसी ठोस वस्तु से उसके सिर में कई बार वार करने से गंभीर चोट आना पाये जाने से अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ अभिषेक पल्लव के आदेशानुसार अति पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय कुमार ध्रुव एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर नसर सिद्धकी के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु निरीक्षक ममता अली शर्मा के नेतृत्व में थाना नेवई एवं एसीसीयु की संयुक्त टीम गठित की गई ।

# छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ने अग्निपथ योजना के विरुद्ध राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ दल्ली राजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का अध्यक्ष जनक लाल ठाकुर केंद्र सरकार अग्निपथ योजना के विरुद्ध राष्ट्रपति के नाम अनुविभागीय दंडाधिकारी डौंडीलोहारा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पूर्व विधायक जनक लाल ठाकुर ने बताया कि इस केंद्र की सरकार अग्निपथ योजना लाकर देश के नौजवानों को भटकाने का प्रयास कर रही है जो गरीब नौजवान गरीबी रेखा के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते तथा अपनी शारीरिक ऊर्जा को अंतरराष्ट्रीय सीमा पर देश की रक्षा करने के लिए 33-44 साल मेहनत करते हैं ताकि देश की सेवा के साथ-साथ उनका परिवार का भी भरण पोषण किया जा सके । परंतु मात्र 4 साल के लिए सेना में भर्ती लेकर 75प्रतिशत नौजवानों को अधर में छोड़ देना देश की सुरक्षा के साथ एवं नौजवानों के भविष्य के साथ कुठाराघात है। देश की जनता इस प्रकार की नीति व योजनाओं से हैरान व हतप्रभ है ।बहुमत के अहंकार में डूबी सरकार कई अनैतिक फैसले लेकर देश की जनता को आंदोलन में जाने के लिए मजबूर करती है ,जिससे देश का करोड़ों का नुकसान होते रहता है। बिना सोचे समझे कृषि कानून लाकर देश के किसानों को परेशान किया गया जनता के दबाव में आखिरकार उसे वापस लेना पड़ा अग्निपथ जैसी योजना लाकर देश में नौजवानों को आंदोलित किया गया है पूरा देश सरकार की इस योजना से हैरान है एवं इसे वापस लेने के लिए गोलबंद हो रही है।

# पुलिस ने चोरी गये बाइक सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस ने चोरी गए बाइक की पतासाजी कर आरोपी को मय माल बरामद कर गिरफ्तार किया। 23.जून.को प्रार्थी वेद राम साहू पिता बिसाहू राम साहू ग्राम सिंघोरी चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 जून को अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एल एक्स 3064 पैशन प्रो लाल रंग कीमती करीब 51000 हजार रूपये को ग्राम सिरसा हरियाणा बाड़ी मोड़ के पास रोड के पास लॉक करके खड़ी कर दिया था और दूर खेत में धान बुवाई कर रहा था कि शाम 4 बजे कोई अज्ञात चोर द्वारा मोटर सायकल को लॉक खोलकर चोरी कर ले गया की रिपोर्ट पर चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 379 भादवि के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के द्वारा चौकी देवरबीजा प्रभारी सउनि डी. एल. सोना एवं चौकी स्टाफ को माल मुल्जिम पता तलास करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में माल मुलजिम पतासाजी विवेचना के दौरान जरिए मुखबिर से सूचना पर आज दिनांक 24 जून 2022 को ग्राम सिंघोरी के ही संदेही विष्णु यदु को हिरासत में लेकर उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार करते हुये, देवरबीजा के सिरसा तिराहा के पास स्थित मंदिर के पीछे छुपाकर रखना बताया। आरोपी के पेश करने पर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एल एक्स 3064 पैशन प्रो कीमती करीब 51,000/- रूपये को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी विष्णु यदु पिता रज्जू यदु उम्र 19 साल साकिन सिंघोरी पुलिस चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा को आज दिनांक 24 जून 2022 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक डिग्री लाल सोना, प्रधान आरक्षक आनंद कोठारी, आरक्षक प्रवीण वर्मा, बसंत यादव, रामेश्वर पटेल एवं अन्य चौकी स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# चिखलाकसा में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एनयूएएस की टीम ने निरीक्षण किया



**दल्लीराजहरा।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के आदेशानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलाकसा में नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड एन यू ए एस की टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखला कसा में औषधि, लेब,जचकी वार्ड, प्रसव कक्ष ,इंजेक्शन रूम ,ओपीडी का एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ अस्पताल में दी जाने वाली सुविधा जैसे पेयजल, भोजन, पेशेंट राय, इनफेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन ,वेस्ट मैनेजमेंट, सामान्य प्रबंधन ,मरीज संतुष्टि प्रपत्र, रिकॉर्ड संधारण ,स्वास्थ्य से संबंधित आदि की निरीक्षण एवं समीक्षा किया गया।

# खाद नहीं मिलने से मोहभट्ठा के किसानों ने किया प्रदर्शन, कालाबाजारियो पर कार्रवाई की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खाद और बीज नहीं मिलने से नाराज मोहभट्ठा समिति के किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया । यहां किसानों ने शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । उल्लेखनीय है कि खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने की लगातार शिकायत के बाद किसान नेता योगेश तिवारी शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र की कई समितियों में पहुंचकर किसानों से रूबरू हुए । यहां किसानों ने किसान नेता को अपनी परेशानियों से अवगत कराया । किसानों ने खासकर खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के साथ बाजार में कालाबाजारी की शिकायत की ।

**हर स्तर पर लूटे जा रहे किसान, कालाबाजारी की शिकायत-** किसानों ने बताया कि किसान हर स्तर पर किसान लूटे जा रहे हैं । सेवा सहकारी समितियों से सरकार के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज मिलने की उम्मीद रहती है लेकिन हर बार किसानों को निराश लौटना पड़ता है । बाजार पहुंचने पर व्यापारी मनमानी करते हैं । निर्धारित दर से अधिक दाम पर खाद और बीज की बिक्री की जा रही है । सवाल पूछने पर खाद नहीं होनी की बात कहकर बैरंग लौटा दिया जाता है । ऐसी स्थिति में किसान को मजबूरन अधिक दाम पर खाद और बीज खरीदना पड़ रहा है ।

**समितियों में डीएपी का संकट, बैरंग लौट रहे किसान-** किसान नेता ने देवरबीजा, कंतेली और मोहभट्ठा समितियों का दौरा किया । मोहभट्ठा के किसानों ने बताया कि कई दिनों से खाद नहीं दिया जा रहा है । इस संबंध में समिति के कर्मचारियों का जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर किसान नेता योगेश तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । जहां उन्होंने कृषि कार्य के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराए जाने की मांग की है । किसानों ने बताया कि समिति में यूरिया और राखड ही मिल रहा है । पोटाश और डीएपी की उपलब्धता नहीं होने से किसान परेशान हैं । इसी प्रकार कंतेली समिति में भी डीएपी नहीं मिलने की शिकायत मिल रही है ।

**किसान नेता ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी-** किसान नेता योगेश तिवारी के अनुसार आने वाले दिनों में भी खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर समितियों का दौरा जारी रहेगा ।

# गोठान में मिल रहा महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण : निर्मल

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-3
www.dailypioneer.com



महापौर निर्मल कोसरे ने निगम के ग्रामीण वार्ड जरवाय में स्थित गोठान का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित वाशिंग पाउडर और फिनायल का अवलोकन किया। श्री कोसरे ने वाशिंग पाउडर व फिनायल के साथ मसाला निर्माण को महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण बताते हुए महिलाओं को शाबाशी दी। भिलाई - चरोदा नगर निगम के जरवाय में स्थित गोठान का संचालन कर महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही है। महापौर निर्मल कोसरे ने आज इसे देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। श्री कोसरे निगम के अधिकारियों सहित गोठान का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गोठान का संचालन कर रही मां सरस्वती महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित वाशिंग पाउडर व फिनायल का अवलोकन किया। कोसरे ने महिलाओं द्वारा निर्मित दोनों उत्पाद के गुणवत्ता की सराहना करते हुए समूह को शाबाशी दी। महापौर को महिलाओं ने समूह द्वारा मसाला निर्माण किए जाने की भी जानकारी दी।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

## // निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक-3410/NIT-8/2022-2023/ व ले लि — दिनांक : 21/06/2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 04/07/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 08/07/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदि खोलने की तिथि - 11/07/2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

**मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत निम्नलिखित सी.सी. पहुंच मार्गों का निर्माण कार्य-**

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम / No. of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 8 T0028 | पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बनराका पहुंच मार्ग | 19.70 15000.00 |
| 8 T0029 | बस्ती से प्राथमिक शाला घिरवी तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 19.89 15000.00 |
| 8 T0030 | ग्राम कुरूद में मेन रोड से आंगनबाड़ी केंद्र तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 18.74 14060.00 |
| 8 T0031 | ग्राम ओड़िया में मेन रोड से प्राथमिक शाला तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 19.70 15000.00 |
| 8 T0032 | ग्राम कन्हेरा में सेवा सह. समिति पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य | 19.84 15000.00 |
| 8 T0033 | ग्राम कारसेरा में मेन रोड से स्कूल स्टेंट बैंक तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 19.86 15000.00 |
| 8 T0034 | ग्राम गोपालपुर में मेन रोड से स्कूल पहुँच मार्ग से शौचालय तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 19.84 15000.00 |
| 8 T0035 | ग्राम दर्री में मेन रोड से प्राथमिक शाला पहुँच मार्ग व ग्राम कातलबोड़ मेन रोड से प्राथमिक शाला भवन पहुंच मार्ग | 19.97 15000.00 |
| 8 T0036 | ग्राम हेड्सपुर में मेन रोड से मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड एवं एक नग 900 एम.एम.डाया पुलिया निर्माण कार्य | 19.95 15000.00 |
| 8 T0037 | ग्राम गोडमर्रा में मेहर पारा से पूर्व माध्यमिक शाला भवन तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 19.26 15000.00 |
| 8 T0038 | ग्राम अकलवारा में मेन रोड से ग्राम पंचायत होते हुए मुक्तिधाम तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य | 19.33 15000.00 |
| 8 T0039 | ग्राम बुंदेली में मेन रोड से आंगनबाड़ी होते हुए स्कूल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 17.28 13000.00 |
| 8 T0040 | ग्राम जामगांव में मेन रोड से स्कूल होते हुए जैतखाम तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 19.96 15000.00 |
| 8 T0041 | ग्राम खाती में स्वास्थ्य केंद्र तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 19.96 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

G-92420/5

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि.(भ/स) संभाग, बेमेतरा

## भाजपा जांजगीर चांपा जिले का तीन दिवसीय जिला स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण आज से

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रशिक्षण विभाग के मार्गदर्शन में जांजगीर चांपा जिले का तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 26 जून को सुबह 10:00 बजे से जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के महामंत्री एवं जांजगीर-चांपा विधायक नारायण चंदेल तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के मंत्री एवं पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी होंगे, यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण पूर्णता आवासीय होगा तथा इस प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा जांजगीर-चांपा जिले में 4 सदस्यों की समिति बनाई गई है, जिसमें प्रशिक्षण वर्ग के जिला प्रभारी दिनेश सिंह, सह प्रभारी कृष्ण कुमार सिंहसर्वा, राजू महंत एवं संजय रामचंद्र हैं, तथा भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा सहित जिले के पदाधिकारी,सदस्य भी इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने में जुटे हुए है।

## अम्बिकापुर की डॉक्टर अंकिता गोयल ने एमआरसीओजी की परीक्षा में हासिल की सफलता

**सक्ति।** अंबिकापुर के प्रतिष्ठित संकल्प हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता गोयल ने एमआरसीओजी की परीक्षा में सफल होकर



एक नया मुकाम हासिल किया है। रॉयल कॉलेज ऑफ ऑब्सटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजी लंदन एक प्रतिष्ठित संस्थान है जो कि इंटरनेशनल मापदंड के मुताबिक परीक्षा के बाद प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों को एक उच्च शिक्षा में एडवांस डिग्री प्रदान करती है,यह उपलब्धि हर चिकित्सक के लिए एक गुणवत्ता की मिसाल कायम करती है। डॉक्टर अंकिता गोयल संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर में लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में विशेषज्ञ हैं। दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन में इनकी खास रूचि है एवं इसके लिए डॉ अंकिता गोयल ने महानगरों में प्रख्यात अस्पतालों से ट्रेनिंग प्राप्त करी है,वहीं डॉ. अंकिता गोयल ने एक भेंटवार्ता में बताया कि आधुनिक तकनीक से ऑपरेशन की सुविधा सरगुजा के मरीजों तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है।

## कलेक्टर ने किया शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सारधा का निरीक्षण



**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने विकासखंड मुख्यालय लोरमी के समीप ग्राम सारधा में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवकों की संख्या और संचालित ट्रेड के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर आईटीआई के प्राचार्य ने बताया कि कोपा में 24 बच्चो को और फिटर व इलेक्ट्रीशियन में 20-20 बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कलेक्टर ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चो से भी चर्चा की और मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने प्रेरित किया। उन्होंने लोरमी में निर्माणाधीन स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल और नया बस स्टैंड में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन के कार्यों का भी निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, एसडीएम श्रीमती मेनका प्रधान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय लोरमी में सुनी आमजनों की समस्याएं



**मुंगेली।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह विकासखंड लोरमी क्षेत्र के भ्रमण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय लोरमी में आमजनों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान वहां के नागरिकों ने शहर के नालियों की साफ सफाई, आवारा पशुओं को नगर पंचायत के गौठान में रखने आदि संबंध में चर्चा की। कलेक्टर डॉ सिंह ने उक्त संबध में आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने विभिन्न मीडिया के प्रतिनिधियों ने भी मुलाकात की और क्षेत्र के विकास के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर एसडीएम लोरमी श्रीमती मेनका प्रधान उपस्थित थी।

# शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्र व्यक्ति वंचित नहीं हो : कलेक्टर

- कलेक्टर ने ग्राम सरईपतेरा, हरदीबांध और सारिसताल में लगाई चैपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, कई समस्याओं का मौके पर हुआ निराकरण
- चौपाल में ग्राम हरदीबांध के मनोज यादव का तत्काल बना राशन कार्ड

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह का जिले के विभिन्न ग्रामों में लगातार चौपाल कार्यक्रम जारी है। इसी कड़ी में आज उन्होंने लोरमी विकासखंड के ग्राम सरईपतेरा, हरदीबांध और सारिसताल में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं एवं मांगो को गंभीरतापूर्वक सुनी। उन्होंने ग्राम में मूलभूत सुविधाएं राशन, पेंशन, पानी, बिजली, शौचालय, सामाजिक व निराश्रित पेंशन, खाद-बीज की उपलब्धता आदि की जानकारी ली।

इस दौरान उन्होंने ग्राम सरईपतेरा में मुक्तिधाम निर्माण, ग्राम सारिसताल के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तार फेंसिंग सह वृक्षारोपण करने और ग्राम हरदीबांध में अतिरिक्त विद्युत ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम हल्दीबांध के ग्रामीण मनोज यादव को तत्काल राशन कार्ड बनाकर उपलब्ध कराया गया। कलेक्टर ने ग्राम हल्दीबांध के 15 किसानों द्वारा धान की बोनस राशि नहीं मिलने की जानकारी को गंभीरता से लिया और शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से ग्राम पंचायत में सचिव, पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की उपस्थिति की भी जानकारी और प्रति सप्ताह निर्धारित दिन और समय में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याओं को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि राज्य शासन द्वारा आम लोगो के समुचित विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं से वंचित नहीं होगा। उन्होने पात्र व्यक्तियों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लेने हेतु आगे आने की बात कहीं । इस अवसर पर उन्होंने ग्राम सरईपतेरा के लोगों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए शीघ्र ही जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देश दिये। ग्रामीणों द्वारा पेयजल की समस्या की जानकारी देने पर जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की बात कहीं और उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्राम में जारी जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसी दौरान ग्राम हरदीबांधा के श्रीमती मेघाइया बाई ने अपने बच्चो द्वारा देखरेख नही करने की शिकायत पर कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लिया और भरण-पोषण अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, एसडीएम लोरमी श्रीमती मेनका प्रधान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

## नवदुर्गा फ्यूल्स के फर्नेस में ब्लास्ट अलार्म बजने से बाल-बाल बचे मजदूर



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के पूंजीपथरा क्षेत्र स्थित नवदुर्गा फ्यूल्स फैक्ट्री में गुरुवार को फर्नेस में ब्लास्ट होनें के कारण आग लग गई। घटना के समय मौके पर करीब दो दर्जन कर्मचारी कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि समय पर अलार्म बज जाने के कारण लोग बाल-बाल बच गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा स्थित नवदुर्गा फ्यूल्स फैक्ट्री में गुरूवार को पूर्वान्ह के समय फर्नेस में आग लग गई, और फर्नेस धु-धु कर जलने लगा। बताया जा रहा है कि इस फैक्ट्री में फर्नेस में आग लगने की घटना पहले भी हो चुकी है। जिसके कारण कंपनी प्रबंधन द्वारा फर्नेस अधिक गर्म होनें की स्थिति में अलार्म सिस्टम लगाया गया था। प्रत्यक्षदर्शी सूत्रों के मुताबिक ऐन वक्त पर अलार्म बज जाने के कारण घटना के समय फर्नेस में काम कर रहे 20 से 25 मजदूरों की जान बच गई। अलार्म बजते ही फर्नेस में काम कर रहे मजदूर फर्नेस से बाहर की ओर आनन-फानन में भागे। इसी दौरान लोहे के राड से टकराकर गिरने से एक मजदूर के घायल होने की खबर है। जिसे एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया गया है। हमारे संवाददाता ने इस संबंध में पूंजीपथरा थाना प्रभारी ए.के. सिंह से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि नवदुर्गा फ्यूल्स फैक्ट्री के फर्नेस में ब्लास्ट जरूर हुआ है। मगर कोई भी इस घटना में हताहत या घायल नही हुआ है। हां जरूर भागने के दौरान एक मजदूर को मामूली चोट आई है।

## कलेक्टर ने प्रदान किया सुदूर वनांचल के ग्राम पंचायत महामाई के 12 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने लोरमी विकासखंड के सुदूर वनांचल के ग्राम पंचायत महामाई के 12 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड प्रदान किया। इससे हितग्राहियों की राशन संबंधी समस्या दूर हो गई। अब उन्हें प्रतिमाह शासकीय उचित मूल्य की दुकान से पात्रतानुसार राशन मिलेगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि विगत दिनों ग्राम महामाई में आयोजित चैपाल के दौरान कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत इन हितग्राहियों ने नवीन राशन कार्ड की मांग की थी। जिसे कलेक्टर डॉ सिंह ने गंभीरता से लिया और पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर डॉ सिंह के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए इन हितग्राहियों को तत्काल नवीन राशन कार्ड बनाया गया। कलेक्टर डॉ. सिंह के हाथों नवीन राशन कार्ड मिलने से सभी हितग्राही काफी खुश हुए। ग्राम महामाई के सेवा एक्का, चितरंजन एक्का और साबूनाथ कुजूर ने बताया विगत दो साल से राशन कार्ड बनवाने के लिए काफी प्रयास कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव को कई बार आवेदन भी दे चुके थे। फिर भी राशन कार्ड नहीं बन पाया था। इस कारण उन्हें राशन के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विगत दिनों ग्राम महामाई में आयोजित चौपाल में कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। आज कलेक्टर के हाथों नवीन राशन कार्ड मिलने से हमारी राशन संबंधी समस्या को दूर हो गई। इन हितग्राहियों ने इसके लिए कलेक्टर डॉ सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, एसडीएम मुंगेली अमित कुमार, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत और प्रभारी जिला खाद्य अधिकारी देवेन्द्र बग्गा मौजूद थे।

## फेसबुक में महिलाओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी, एक नामजद पर एफआईआर

**रायगढ़.** सोशल मीडिया फेसबुक में महिलाओं पर आपित्तजनक कमेंट्स करने के मामले में जूटमिल पुलिस ने नामजद लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रकरण को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजीव गांधीनगर भजनडीपा में रहने वाले व्यक्ति द्वारा पुलिस चैकी जूटमिल में कैदीमुडा जूटमिल के व्यक्ति के विरूद्ध 18 जून को फेसबुक पर महिलाओं पर आपत्तिजनक कमेंट्स करने की लिखित शिकायत किया गया है। इस संबंध में पुलिस चैकी जूटमिल में धारा 505(ख) भादवि, 67 आईटी एक्ट के तहत कमेंट्स करने वाले व्यक्ति पर नामजद एफआईआर किया गया है। चैकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस रिपोर्टकर्ता एवं फेसबुक के उस कमेंट्स पर प्रतिक्रिया प्रकट करने वालों से पूछताछ कर संबंधित मोबाइल के आईपी एड्रेस को चेक किया जा रहा है।

## 01 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगेगा प्रतिबंध

- शहर में दुकानदार अब भी कर रहे धड़ल्ले से उपयोग

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



क्षेत्र में 80 प्रतिशत गंदगी प्लास्टिक की वजह से होती है इसे देखते हुए सीपीसीबी ने आखिरी चेतावनी जारी की है। सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पाबंदी के लिए सरकार ने 2021 में ही आदेश जारी कर दिया था और निर्माता कंपनियों को अपने टेक्नोलॉजी में बदलाव कर सिंगल उपयोग प्लास्टिक के बजाय रिसायकल होने वाली सामग्रियों का उत्पादन प्रारंभ करने के लिए कहा गया था।

लेकिन अभी भी दुकानदारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल किया जा रहा है पाबंदी के बाद भी प्लास्टिक का यूज बहुत अधिक मात्रा में किया जा रहा है इससे पर्यावरण को काफी हानि पहुंच रही है। जिसकी वजह से 1 वर्ष बाद जुलाई माह 2022 से प्लास्टिक वस्तुओं के इस्तेमाल पर सीपीसीबी द्वारा बैन करने का आदेश दिया गया है।सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पाद अभी भी दुकान व बाजारों में दिखाई दे रहे हैं और इसे रोकने के लिए सीपीसीबी नगर निगम और पर्यावरण विभाग ने साथ मिलकर चरणबद्ध तरीके से प्लास्टिक बैन पर रोक लगाने के उपाय तैयार किए हैं।

सीपीसीबी और पर्यावरण विभाग द्वारा दिए गए सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल पर प्रतिबंध के आदेश का पालन ना होने पर इसके लिए जुर्माना भी लगाया जाएगा। 1 जुलाई के बाद यदि कोई भी दुकानदार या बाजार में सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पाद देखे जाते हैं तो उनके साथ शक्ति के साथ साथ पेनाल्टी भी लगाई जाएगी। यह नियम 1 जुलाई से लागू किए जाएंगे।

### लगेगा जुर्माना

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों के लिए जुर्माना भी निर्धारित कर दिया है. पहली बार अगर कोई इसका इस्तेमाल करते हुए पकड़ा गया तो 500 रुपये, दूसरी बार 1000 और तीसरी बार दो हजार तक जुर्माना लगाया जाएगा. 1 जुलाई 2022 से जो चीजें प्रतिबंधित होने वाली हैं उनमेंगुब्बारों की स्टिक, लॉलीपॉप की डंडी, थर्माकोल के सजावटी सामान, प्लेट्स, कप, गिलास, चम्मच, स्ट्रॉ, सिगरेट पैकेट, 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक, मिठाई बॉक्स में यूज होने वाली क्लिंग रैप्स आदि शामिल है।

## धरमजयगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल व सिविल अस्पताल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





कलेक्टर ने धरमजयगढ़ स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि स्कूल भवन में सुविधाएं अच्छी की जा रही है। अब आप सभी खूब मेहनत करो और अच्छे अंक लाओ।

कलेक्टर ने यहां विभिन्न कक्षाओं एवं लाईब्रेरी व लैब को देखा। कक्ष निरीक्षण के दौरान ब्लेक बोर्ड की गुणवत्ता सही नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए तुरंत बोर्ड बदलने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने लाईब्रेरी में पर्याप्त किताबें एवं हिन्दी, अंग्रेजी अखबार रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से शिक्षकों द्वारा अध्यापन के बारे में फीडबैक भी लिया। चर्चा के दौरान शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के बाद भी स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम में शिक्षकों की पर्याप्त प्रतिनियुक्ति नहीं होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने जल्द स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम में शिक्षकों की पर्याप्त शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बॉयोलैब में उपस्थित कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों से लैब सुविधाओं की जानकारी ली।

### अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश

इसी क्रम में कलेक्टर ने सिविल अस्पताल धरमजयगढ़ का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने अस्पताल में नवनिर्मित भवनों का निरीक्षण के साथ विभिन्न वार्ड का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वार्ड के निरीक्षण के दौरान बेडशीट के गंदे होने पर नाराजगी जताते हुए तुरंत बदलने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नए बेडशीट की खरीदी की जाए। कलेक्टर ने बारिश के मद्देनजर अस्पताल प्रांगण में पेवर ब्लाक बिछाने एवं अस्पताल के मुख्य द्वार से शेड निर्माण के निर्देश दिए। जिससे मरीजों को अस्पताल आवागमन में सुविधा हो। कलेक्टर श्री सिंह टॉयलेट की स्थिति को देखते हुए तुरंत वहां सफाई करवाने तथा वाशबेसिन को बदलने के निर्देश दिए। कलेक्टर नए टॉयलेट आवश्यकता को देखते हुए जगह चिन्हांकित कर टॉयलेट निर्माण के निर्देश दिए।

## चिटफंड मामले में अदालत का बड़ा फैसला, टिशा एग्रो के दो डायरेक्टर्स को 5-5 साल कैद व अर्थदंड की सजा

**रायगढ़.** रजनीश श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश, रायगढ़ (अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005) द्वारा आज थाना चक्रधरनगर के धोखाधड़ी सहित चिटफंड मामले में अभियुक्त कंपनी ÷टिशा एग्रो प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड कंपनी को आर.बी.आई एवम् भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से मान्यता प्राप्त नहीं होना कंपनी के दो संचालक द्वारा रायगढ़ के 17 निक्षेपकों से कंपनी के लुभावन स्कीम बताकर निवेश के लिये उकसाये और छल कर 16,26,790 रूपये संग्रहण कर निक्षेपकों को रूपये नहीं लौटाना पाये जाने पर धारा 420 प्च्ब् एवं छ.ग. निक्षेपकों के हितों का सरंक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 में दोषी पाते हुए सश्रम कारावास एवं अर्थदंड की सजा दिया गया है। थाना चक्रधरनगर में प्रार्थी राजकुमार साहू एवं अन्य 16 व्यक्तियों द्वारा दिशा प्लेनेट रियलिटी प्रोजेक्ट कंपनी एवं टिशा एग्रो प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड के स्थानीय शाखा के एजेंटों द्वारा कम समय में ज्यादा लाभ मिलने का प्रलोभन देकर रूपये जमा करने तथा कंपनी की शाखा बंद कर फरार हो जाने का लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

## नगर पंचायत अड़भार के खुले बोरवेल को नगर पंचायत कर्मचारियों ने जेसीबी से करवाया बंद

पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन एवं जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर द्वारा विगत दिनों मालखरौदा विकासखंड के पिहरिद में हुई बोरवेल में राहुल साहू के गिरने की घटना के पश्चात सख्त रूप से सभी खुले बोरवेल को बंद करने के आदेश जारी किए है।

इसी श्रृंखला में नवीन शक्ति जिले के मालखरौदा विकासखंड के नगर पंचायत अड़भार में भी शेख रज्जब जायसी के खाली प्लाट में एक बोरवेल खुला पड़ा हुआ था, जिसकी जानकारी नगर पंचायत को लगने पर तत्काल नगर पंचायत के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर निकाय की जेसीबी वाहन द्वारा वहां उसे पूरी तरह पाटकर बंद करवाया तथा प्लाट मालिक शेख रज्जब जायसी को भी इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए,इस दौरान नगर पंचायत अड़भार के उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन, सफाई प्रभारी एवं लेखापाल विकास देवांगन,निर्देश तिवारी, धीरज तिवारी, अनूप कटकवार,जगजीवन टंडन एवं पुष्पेंद्र श्रीवाससहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे, इस संबंध में नगर पंचायत के उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन ने बताया कि शासन द्वारा सख्त रूप से निर्देश जारी किए गए हैं जिसके तहत किसी के भी मकान या की जमीन में बोर खुला नहीं रहना चाहिए तथा पिहरिद की घटना के पश्चात शासन ने काफी सख्ती के साथ इस मामले को लेते हुए निर्देश जारी किया है,एवं हमारे द्वारा भी जानकारी लगने पर तत्काल नगर पंचायत क्षेत्र के उपरोक्त खुले बोरवेल को बंद करवाया गया है।

## ससुर के खिलाफ बहु ने लिखाई छेड़छाड़ की रिपोर्ट

**रायगढ़.** भूपदेवपुर थाना में स्थानीय महिला ने अपने ससुर के विरूद्ध छेड़खानी करने का लिखित आवेदन लेकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। संवेदलशील मामले में भूपदेवपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अमित शुक्ला द्वारा तत्काल अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने बताया कि वर्ष 2018 में सामाजिक रिती रिवाज से शादी हुई है और एक बेटा भी है। करीब 3 साल से पति का स्वास्थ्य ठीक नहीं है, इसका फायदा उठाकर घरवालों की अनुपस्थिति में मार्च 2022 को एक दिन ससुर (53 वर्ष) गंदी नियत से छेड़खानी किया, लोक लाज से किसी को नहीं बताई। उसके बाद भी अकेली पाकर छेड़खानी करता, मना करने पर भी अपनी आदत नही सुधारा तब पति और भाई को बताई और बच्चे को लेकर अपने मायके चली गई।

## श्री रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट का चुनाव हुआ सम्पन्न, विजय लक्ष्मी बोहरा को 11 ट्रस्ट्रियों के ट्रस्ट मण्डल में सर्वाधिक 231 वोट मिले



पायनियर संवाददाता < सक्ति
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के ऐतीहासिक दर्शनीय स्थल स्वंयभू बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर बुढ़ातालाब के पास श्री रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट रायपुर के ट्रस्ट्रीयों के चुनाव की प्रक्रिया मतदान के माध्यम से रविवार 19 जून को शुरू हुई जिसका परिणाम की घोषणा मुख्य चुनाव अधिकारी एडव्होकेट राधेश्याम व्यास के द्वारा अर्धरात्रि को की गई। समाज के सदस्यों ने परिणाम की प्रतीक्षा में रात 1 बजे तक इंतजार किया,ज्ञात हो कि रायपुर पुष्टिकर समाज ट्रस्ट द्वारा पहली बार मतदान के माध्यम से ग्यारह ट्रस्ट्रीयों का चुनाव किया गया है, इसके पूर्व में हमेशा समाज के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मती से ट्रस्ट्रीयों का मनोनयन होता आया था, सम्पन्न हुए चुनाव में 11 ट्रस्ट्रीयों को चुनाव के माध्यम से चुना जाना था उसके लिये 19 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए थे,सुबह 12 बजे से 4 बजे तक मतदान हुआ, शाम 6 बजे शुरु हुई वोटो की गिनती रात 12 बजे तक चली। उसके पश्चात् चुनाव के मुख्य अधिकारी एडव्होकेट राधेश्याम व्यास के द्वारा निर्वाचित 11 उम्मीदवारों को जीत कर ट्रस्ट्री बने जाने का प्रमाण पत्र सौंपा, प्रथम ग्यारह उम्मीदवारों कोवरीयता क्रम में मिले वोटों केआधार पर चुनें गये ट्रस्ट्री-231 विजय लक्ष्मी बोहरा, 207 कृष्ण कुमार पुरोहित, 201 शेफाली पुरोहित, 193 चन्द्रप्रकाश व्यास 176 जयकिशन जोशी, 174 राजकुमार पुरोहित, 168 आनंदव्यास, 157 विजय शंकर व्यास 152 धर्मेन्द्र ओझा,147 मनीष वोरा 131 राजेश व्यास प्रमुख है, शेष 8 उम्मीदवार वरीयता क्रम में कम वोट मिलने पर ट्रस्ट्री बनने से हुए वंचित हुए जिनमे-128 राजकुमार व्यास, 124 श्रीकांत वोरा 122 परेश कल्ला, 120 संजय पुरोहित, 119 महेश बिस्सा 116 यशवन्त पुरोहित, 080 रमेश पुरोहित, 070 नागेन्द्र बोहरा शामिल है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बोड़ला, जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2021-22

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका **श्रीमती अहिल्या बाई चंद्रवंशी पति लोकचंद्र चंद्रवंशी निवासी ग्राम मानिकपुर तहसील बोड़ला जिला कबीरधाम** के द्वारा अपने नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि मानिकपुर प.ह.नं. 19 तहसील बोड़ला स्थित भूमि ख.नं 361/22(362/22) रकबा 0.276 हे, भूमि को कृषि प्रयोजन से औद्योगिक प्रयोजन (राईस मिल) हेतु व्यपवर्तित कराये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत तिथी 08.07.2022 तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.08.2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**जारी दिनांक - 22.06.2022**
**पेशी दिनांक - 08.07.2022**

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बोड़ला**

# स्वस्थ होकर राहुल गृहग्राम पिहरीद लौटा, ग्रामीणों ने किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

राहुल जिंदाबाद, राहुल वेलकम...हमर राहुल बेटा, मोर दुलरवा...। कुछ ऐसे ही नारों के बीच ग्राम पिहरीद में आज राहुल को देखने और स्वागत करने गांव का हुजूम उमड़ पड़ा। गांव के बच्चे, महिलाएं, पुरूष, बुजुर्ग सभी राहुल को एक झलक देखने और उनका अभिनंदन करने आतुर दिखे। जाति, समाज और धर्म से परे होकर पिहरीद गांव के लोगों ने राहुल के लिए एकजुटता और भाईचारे की मिसाल कायम कर दी। चट्टानों के बीच बोरवेल में 105 घण्टे तक जिंदगी और मौत के संघर्ष के बीच मौत को मात देकर लौटा राहुल अस्पताल में स्वस्थ्य होकर जब हंसता और मुस्कुराता हुआ गांव लौटा तो शायद उन्हें भी महसूस हुआ होगा कि अब यह पूरा गांव मेरा परिवार बन गया है।

जांजगीर-चाम्पा जिले के मालखरौदा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पिहरीद में 10 जून को दोपहर में खेलते हुए अचानक से 11 वर्षीय राहुल साहू के बोरवेल में नीचे गिरकर 60-62 फीट की गहराइयों में फस जाने के बाद देश का सबसे बड़ा रेस्क्यु अभियान चलाया गया। 105 घण्टे तक चले इस रेस्क्यु अभियान में राहुल को बाहर निकालने भारी जद्दोजहद करनी पड़ी थी। मानसिक रूप से कुछ कमजोर और पूरी तरह से ठीक से स्पष्ट बोल नहीं सकने की वजह से राहुल को रस्सी के सहारे ऊपर लाना संभव नहीं हुआ तो 65 फीट नीचे सुरंग बनाने और राहुल तक पहुँचने में जिला प्रशासन, एनडीआरएफ एसडीआरएफ सेना, एसईसीएल सहित अन्य टीम को बचाव के लिए जूझना पड़ा था। आखिरकार 14 जून देर रात्रि में राहुल को लगभग 20 फीट से अधिक सुरंग बनाकर बाहर निकाल लिया गया। यहां से तत्काल उन्हें मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर बेहतर उपचार के लिए अस्पताल भी ले जाया गया। अस्पताल में उचित देखरेख और उपचार के बाद लगभग 11 दिनों बाद राहुल साहू आज दोपहर लगभग सवा 2 बजे अपना गांव लौटा। गांव में परिजनों के अलावा ग्रामीणों ने राहुल का स्वागत किया।




## ग्रामीणों में था उत्साह का माहौल

ग्राम पिहरीद में ग्रामीणों में राहुल के आने की खुशी में बहुत उत्साह का माहौल था। ढोल बाजे के साथ कीर्तन मंडली व ग्रामीणों ने राहुल का स्वागत किया। पटाखे फोड़े। घर में उनकी बुआ ने पसन्द के विविध व्यंजन बनाये थे, वहीं रिश्तदारों ने आरती की थाल सजाकर राहुल की न सिर्फआरती उतारी,उनका भव्य स्वागत भी किया। गांव के सरपंच किरण डहरिया और रेस्क्यु ऑपरेशन में चट्टानों को काटने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अंजीर र ाकर, सुरीत महिलांगे और ग्राम बर भांठा की सरपंच श्रीमती रानी र ाकर ने भी ग्रामीणों के साथ राहुल का स्वागत किया। पिता रामकुमार साहू सहित उनकी दादी श्याम बाई साहू और अनेक रिश्तेदारों ने राहुल का विशेष स्वागत किया। आसपास के गाँव से भी लोग राहुल की झलक पाने आए थे। राहुल के आने पर उन्हें गाँव में घुमाया गया। जगह-जगह लोग राहुल को देखकर स्वागत करने के साथ उनकी हिम्मत की सराहना करते रहे। इस दौरान कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला के निर्देश पर सीएमएचओ व डॉक्टरों की टीम ने राहुल के स्वास्थ्य की जांच की। राहुल को फिलहाल आराम करने और उनके खान पान पर सावधानी बरतने कहा गया है। मौके पर एसडीएम श्रीमती रेना जमील, जनपद सीईओ, तहसीलदार सहित पुलिस के अधिकारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने राहुल के स्वास्थ्य की जाँच के दिए निर्देश

कलेक्टर जितेंद्र कुमार शुक्ला ने अपोलो अस्पताल बिलासपुर पहुँचकर राहुल साहू के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उपचार के बाद लगभग पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उन्होंने स्वागत के साथ राहुल को अपने जिले जांजगीर-चाम्पा के ग्राम पिहरीद के लिए रवाना किया। इस दौरान जिले के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी मौके पर उपस्थित थे। कलेक्टर ने राहुल के परिजनों से भी बात की और कहा कि पूरा जिला प्रशासन आपके साथ है। राहुल के लिए किसी प्रकार की आवश्यकता होने पर हर सम्भव मदद की जाएगी। उन्होंने राहुल का बेहतर तरीके से देख रेख करने का भी आग्रह किया। कलेक्टर ने राहुल साहू के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई व्यवस्था पर उनके प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन, बिलासपुर कमिश्नर,आईजी, कलेक्टर व टीम को भी राहुल के बेहतर उपचार और आवश्यक व्यवस्था के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को भी राहुल के स्वास्थ्य की जानकारी समय-समय पर लेने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने रेस्क्यु के लिए खोदे हुए गड्ढे को भी पाटने के निर्देश दिए हैं।

# रायपुर स्मार्ट सिटी लि. और इंडसइंड बैंक के बीच हुआ करार



■ रायपुर के सभी घरों में लगेगा डिजिटल डोर नंबर, महापौर, आरएससीएल एमडी, इंडसइंड बैंक के अधिकारी रहे उपस्थित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्मार्ट सिटी मिशन के स्थापना दिवस पर आज रायपुर स्मार्ट सिटी और इंडसइंड बैंक के बीच रायपुर शहर के सभी 3.15 लाख घरों पर डिजिटल कोर नंबर लगाने हेतु करार हुआ। महापौर एजाज़ ढेबर की उपस्थिति में रायपुर स्मार्ट सिटी के एम डी मयंक चतुर्वेदी और इंडसइंड बैंक के नेशनल हेड ज्योति रंजन प्रधान ने इस प्रोजेक्ट के करार पर हस्ताक्षर किए।

डिजिटल डोर नंबर के एम ओ यू के उपरांत महापौर एजाज़ ढेबर ने कहा कि रायपुर में डिजिटल डोर नंबर पूरे शहर को हाई टेक करने की दिशा में बड़ा कदम है ।डिजीटल डोर नंबर के माध्यम से मकान मालिक को ई गवर्मेन्स मॉड्यूल से जुड़ी 26 सेवाएँ घर पर लगे यूनिक डिजिटल प्लेट को स्कैन करने से बड़ी आसानी से प्राप्त होगी ।रायपुर स्मार्ट सिटी और इंडसइंड बैंक जल्द ही इस परियोजना पर कार्य प्रारंभ करेंगे।

रायपुर स्मार्ट सिटी के एमडी मयंक चतुर्वेदी ने बताया कि डिजीटल डोर नंबर के माध्यम से शहर के सभी 3.15 लाख मकानों का एक यूनिक नंबर तैयार कर क्यू आर कोड के साथ प्लेट के रूप में घर-घर लगाया जाएगा। इस यूनिक नंबर से संपत्तिकर, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, नल कनेक्शन, नामांतरण, भवन अनुज्ञा, नियमितीकरण सहित 26 जरूरी सेवाओं के साथ-साथ, पुलिस,एम्बुलेंस, फ़ायर ब्रिगेड की आपातकालीन सेवाएँ घर बैठे सुगमता पूर्वक मिलेगी।घर की स्पष्ट पहचान होने से डोर टू डोर डिलीवरी सुविधा भी इससे आसान हो जाएगी। इसके अलावा इस डिजीटल नंबर के माध्यम से सभी संपत्ति मालिकों को अपना संपत्ति आईडी भी प्राप्त होगा।

परियोजना को वित्त पोषित कर रहे इंडसइंड बैंक के नेशनल हेड ज्योति रंजन प्रधान ने बताया कि परियोजना पर अतिशीघ्र काम शुरू किया जा रहा है ।

# हिमालया वैलनेस कंपनी ने ग्राहकों की सेहत को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करते हुए नया इक्विटी कैम्पेन प्रस्तुत किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के अग्रणी वैलनेस ब्रांड्स में से एक, हिमालया वैलनेस कंपनी ने एक नया ईक्विटी कैम्पेन लॉन्च किया है, जो हर आयु समूह के लोगों को सेहत व स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित कर रहा है। यह कैम्पेन ''वैलनेस इन एवरी होम, हैप्पीनेस इन एवरी हार्ट'' (हर घर में सेहत, हर दिल में खुशी) के हिमालया के उद्देश्य को जीवंत करता है। पिछले नौ दशकों में हिमालया सेहत व स्वास्थ्य के लिए काम कर रहा है, जो पूरी दुनिया के ग्राहक चाहते हैं। हिमालया का मानना है कि यदि हर व्यक्ति अपनी सेहत और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देगा, तो दुनिया में खुशी बढ़ जाएगी। इस नए कैम्पेन में हमारी जीवनशैली में हुए परिवर्तन और अच्छी सेहत व स्वास्थ्य के लिए प्रिवेंटिव हैल्थकेयर के महत्व की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है।

इस नए अभियान के बारे में, राजेश कृष्णमूर्ति, बिज़नेस डायरेक्टर - कंज़्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीज़न, हिमालया वैलनेस कंपनी ने कहा, '' हिमालया में हमारा मानना है कि सेहत में ही असली खुशी है। इस ब्रांड फिल्म स्वस्थ व प्रसन्न जीवन के लिए सेहत के महत्व के प्रति जागरुकता बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। हिमालया ने ग्राहकों के लिए सिर से पैर तक संपूर्ण देखभाल करने के लिए अनेक उत्पादों का अन्वेषण व विकास किया है, जिससे हर घर में सेहत, हर दिल में खुशी पहुँचाने का हमारा उद्देश्य प्रदर्शित होता है।''

# स्कोडा ऑटो के भारत में 205 से ज्यादा कस्टमर टचपॉइंट्स हुए

**रायपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने 2022 की पहली छमाही कई उत्पादों की पेशकश की। इसमें नई कोडियाक, ऑल न्यू स्लाविया और नई कुशाक मोंटे कार्लो शामिल हैं। उत्पादों की यह श्रृंखला इंडिया 2.0 का पहला चरण लेकर आई या और परियोजना का दूसरा चरण ग्राहकों की संतुष्टि में सुधार लाना है।। दूसरे चरण ने भी तेज गति पकड़ रखी है और देश के सभी चार क्षेत्रों के 123 शहरों में कंपनी के 205 से ज्यादा कस्टमर टचपॉइंट्स हो गये हैं। इस उपलब्धि पर अपनी बात रखते हुए, स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्राण्ड डायरेक्टर जैक हॉलिस ने कहा, हमारे उत्पाद हमारे हीरो हैं और इंडिया 2.0 का मतलब सभी मोर्चों पर अपने ग्राहकों के करीब जाने से है। अपने कस्टमर टचपॉइंट्स को तेजी से बढ़ाकर और अपने नेटवर्क का विस्तार करके हमने भारत में स्कोडा ब्राण्ड की सबसे बड़ी मौजूदगी हासिल की है। हमने न केवल परिमाण में विस्तार किया है, बल्कि अपने क्रांतिकारी डिजिटाइज्ड शोरूम्स के साथ गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया है। 2021 के अंत तक स्कोडा ऑटो इंडिया के 117 शहरों में 175 टचपॉइंट्स थे और 2022 के आखिर तक टचपॉइंट्स की संख्या बढ़ाकर 225 करने का लक्ष्य था। हालांकि नये लॉन्चेस के तुरंत सफल होने से विस्तार में तेजी आई और अब कंपनी ने 2022 के अंत तक 250 टचपॉइंट्स तक पहुंचने का लक्ष्य तय किया है। स्कोडा ऑटो इंडिया भारत के हर ज़ोन में लगभग 10 से ज्यादा टचपॉइंट्स की योजना के साथ तेजी से विस्तार जारी रखेगी। इस विस्तार के साथ, स्कोडा मेट्रो और नॉन-मेट्रो केन्द्रों को शामिल करते हुए मुख्य रूप से बाजार के लिये महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गहराई से उतरने पर केन्द्रित है। पूर्वी क्षेत्र में, नागालैण्ड के दीमापुर में स्कोडा का पहला टचपॉइंट खुलेगा और असम के डिब्रूगढ़ में भी एक टचपॉइंट होगा।

# जेके ऑर्गेनाइज़ेशन ने आयोजित की रक्तदान शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

जेके ऑर्गेनाइज़ेशन के पूर्व अध्यक्ष हरि शंकर सिंघानिया की 89वीं जयंती के उपलक्ष्य में जाने-माने ओद्यौगिक समूह ने अपने विभिन्न प्लांट्स एवं कार्यालयों में 'रक्त दान शिविरों' का आयोजन किया।

समूह कई तरह से सामाजिक सेवाओं में सक्रिय है। स्वर्गीय हरी शंकर सिंघानिया को श्रृद्धांजली देने के लिए विशेष रूप से रक्त दान शिविरों का आयोजन किया गया, जो खुद हमेशा समाज के लिए कुछ करना चाहते थे। 'पद्म भूषण' पुरस्कार विजेता स्वर्गीय हरी शंकर सिंघानिया ने कई नए उद्यमों की स्थापना तथा देश-विदेश से कंपनियों के अधिग्रहण द्वारा जेके ऑर्गेनाइज़ेशन के विकास में सक्रिय भूमिका निभाई। जेके ऑर्गेनाइज़ेशन के 5500 से अधिक कर्मचारियों ने इस मानवतावादी कार्य के लिए पंजीकरण किया और रक्त दान अभियान में हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। रक्त दान से पहले सभी डोनर्स के ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वज़न आदि की जांच की गई। हर डोनर को अभियान में हिस्सा लेने के लिए एक




प्रमाण पत्र भी दिया गया। इस मौके पर भरत हरि सिंघानिया, चेयरमैन, जेके ऑर्गेनाइज़ेशन ने कहा, ''हमारे संस्थापकों के दृष्टिकोण के अनुसार समाज को कुछ देने के प्रयास में जेके ऑर्गेनाइज़ेशन पिछले 100 सालों से सभी को गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वर्गीय हरी शंकर सिंघानिया की जयंती के पावन अवसर पर जेकेओ ग्रुप कंपनीज़ में आयोजित यह रक्त दान अभियान बड़ी संख्या में लोगों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, जो ज़रूरतमंद मरीज़ों को रक्त देकर उन्हें नया जीवन दे सकता है।'' जेके ऑर्गेनाइज़ेशन की सभी ग्रुप कंपनियों- जेके टायर, जेके पेपर, जेके लक्ष्मी सीमेंट, जेके एग्री जेनेटिक्स, जेके फेन्नर, उमंग डेयरीज़ लिमिटेड, ग्लोबल स्ट्रैटेजिक टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड, क्लिनीआरएक्स टेंजेंट रीसर्च लिमिटेड, इंडिका ट्रेवल्स, पीएसआरआई हॉस्पिटल एवं जेके लक्ष्मीपत युनिवर्सिटी ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

# पुलिस इंस्पेक्टर के तबादला आदेश पर रोक

**बिलासपुर।** खोखराभाठा , जांजगीर निवासी गायत्री शर्मा , जिला-कोरबा में पुलिस निरीक्षक ( इंस्पेक्टर ) के पद पर पदस्थ थीं । पुलिस स्थापना बोर्ड , रायपुर की अनुशंसा के पश्चात् पुलिस महानिदेशक ( डीजीपी ) रायपुर द्वारा पुलिस इंस्पेक्टर गायत्री शर्मा का ट्रान्सफर जिला- कोरबा से जिला-बालोद कर दिया गया । उक्त ट्रान्सफर आदेश से क्षुब्ध होकर गायत्री शर्मा द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं घनश्याम शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर कर ट्रान्सफर आदेश को चुनौती दी गई । अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं घनश्याम शर्मा द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष य तर्क प्रस्तुत किया गया कि छत्तीसगढ़ शासन , सामान्य प्रशासन विभाग , रायपुर द्वारा वर्ष 2019 में जारी ट्रान्सफर पॉलिसी के तहत् यदि पति एवं पत्नी छत्तीसगढ़ शासन के अधीन शासकीय सेवा में है तो जहां तक संभव हो उनका एक जिले या एक ही स्थान पर स्थानांतरण का प्रयास किया जायेगा , चूंकि याचिकाकर्ता इंस्पेक्टर गायत्री शर्मा के पति दिनेश शर्मा जिला-जांजगीर-चांपा में सब इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ है , चूंकि कोरबा एवं जांजगीर-चांपा नजदीकी जिले है , जिसमें याचिकाकर्ता अप-डाउन कर अपने पारिवारिक जीवन एवं बच्चों की देखरेख आसानी से कर ले रही है परंतु जिला-बालोद में ज्वाईनिंग के पश्चात् याचिकाकर्ता को पारिवारिक कर्तव्यों के निर्वहन में परेशानी होगी तथा यह स्थानांतरण नीति 2019 का घोर उल्लंघन है ।

# जिले में अवैध शराब बिक्री करने एवं तस्करी करने वाले पर की जा रही लगातार कार्यवाही



**जांजगीर-चांपा।** मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि सत्यनारायण बनर्जी अवैध शराब बिक्री कर रहा है जिस पर तत्काल बलौदा पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर सत्यनारायण बनर्जी उम्र 30 वर्ष निवासी हरदी विशाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से विक्रय करने हेतु रखे 32 पाव देशी प्लेन शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना बलौदा में धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध किया गया।

आरोपी सत्यनारायण बनर्जी उम्र 30 वर्ष निवासी हरदी विशाल को दिनांक 24.06.22 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज गया आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक विवेक पाण्डेय, प्र.आर. राजमणी द्विवेदी, म.प्र.आर. रामकुमारी मार्को, आर. संतोष रात्रे, जयराम बिंझवार, हेमंत साहू एवं जितेन्द्र कुर्रे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# महापौर और सभापति ने पी एम आवास के हितग्राहियों को बांटे पट्टे और रजिस्ट्री पत्र



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सबको मिलेगा मकान नगर निगम इसी तर्ज पर काम कर रहा है । महापौर रामशरण लगातार इस प्रयास में है कि गरीबो का उनका आवास आसानी से मिल जाये। हितग्राही विवाद में और अफवाह में पड़ कर अपने आवास से वंचित न हो इसके लिए वे लगातार लोगो को समझा रहे है ।इसकी वजह से कई गरीबों को आसानी से आवास उपलब्ध हो गया है। शनिवार को महापौर रामशरण यादव और सभापति शेख नजरुदीन ने 29 हितग्राहियों को पट्टा दिया इसमे से चार गरीबों को रजिस्ट्री का पेपर भी दिया गया । अशोक नगर में आवास और मोर भुइयां मोर ज़मीन के तहत अवासीय पट्टा दिया गया ,सरकार की इस योजना से गरीबो को सहारा मिल रहा है । नगर निगम के दृष्टि सभा कक्ष आयोजित सभा कक्ष में एक सादे कार्यक्रम में हितग्राहियों का सम्मान करके उनको अधिकार पत्र दिया गया।

# छड़ चोरी करने वाले 2 आरोपी चढ़े थाना चंद्रपुर पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** प्रार्थी रामेश्वर पटेल उम्र 36 वर्ष निवासी मण्डीपारा द्वारा थाना चंद्रपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने घर के बाहर 06 बंडल लगभग 50 किलो छड़ रखा था जिसे दिनांक 23. जून को सुबह देखा तो कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा रात्रि में चोरी कर ले गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना चंद्रपुर मे धारा 379, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना मिली की रहीम खान छड़ को चुराकर ले गया है। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर रहीम खान को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जिनके द्वारा अपने दोस्त सुरतीक सारथी के साथ मिलकर दिनांक 22.06.22 के रात्रि रामेश्वर पटेल के घर के सामने से चोरी कर अपने घर के आंगन मे रखना स्वीकार किया।

# शहर के विवाहित जोड़े को शादी के 22 साल बाद विशिष्ट आईवीएफ प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हुआ संतान सुख

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शादी के 22 साल बाद एक विवाहित जोड़े को इंदिरा आईवीएफ रायपुर सेंटर की उन्नत तकनीक और डोनर ऊसाइट की मदद से गर्भधारण में सफलता मिली। सरिता, 44 (काल्पनिक नाम) और उसके पति, रघु (काल्पनिक नाम) की 22 साल पहले शादी हुई थी। तब से वो बच्चे के लिए कोशिश कर रहे थे, लेकिन 12 राउंड के आईयूआई के बाद भी वो असफल रहे। फिर उन्होंने शहर स्थित इंदिरा आईवीएफ सेंटर से संपर्क किया।

इंदिरा आईवीएफके मूल्यांकन से पता चला कि महिला साथी को पतले एंडोमेट्रियम एवं कम ओवेरियन रिजर्व (अंडों की अपर्याप्त संख्या) के साथ सेकंडरी अमेनोरिया (मासिक धर्म का न आना) था। इसके साथ ही, सरिता को एप्ला पॉजिटिव (एएनए बढ़ा हुआ, एलए नॉर्मल, एंटी कार्डियो लिपिन नॉर्मल) की हिस्ट्री भी थी और 2016 में बाइलैटरल ट्यूबल ब्लॉक के लिए उनका डायग्नोसिटिक लैप्रोस्कोपी किया जा चुका था। उसने कोच्स को देखते हुए छह महीने तक एटीटी लिया था। इससे पहले भी वे अन्य क्लीनिकों में बारह असफल आईयू उपचार से गुजर चुके थे, इसलिए किसी भी उपयोगी परिणाम के बारे में आशंकित थे। हालांकि, इंदिरा आईवीएफके अनुभवी डॉक्टरों ने परामर्श दिया और उन्हें उपचार प्रक्रिया शुरू करने के लिए प्रेरित किया। कपल के मामले में पता चला कि उनके स्वयं के अंडाणुओं की कम संख्या के चलते गर्भधारण का सेल्फ साइकिल संभव नहीं हो सकेगा, और उन्हें डोनर एग साइकल का सहारा लेना होगा।

सरिता की हिस्टेरोस्कोपिक लैटरल वॉल मेट्रोप्लास्टी की गई जो गर्भाशय पर की जाने वाली रिकंस्ट्रक्टिव प्रक्रिया है, स्कार टिश्यूज रिलीज किए गए। इसके बाद उसे एंडोमेट्रियम प्रीप्रेशन के लिए हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी दी गई। उसे प्लेटलेट युक्त प्लाज्मा थेरेपी के इंजेक्शन की तीन खुराक भी दी गई।

# आयकर बार एसोसिएशन की स्वर्णजयंती वर्ष की वार्षिक सामान्य सभा आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आयकर बार एसोसिएशन की इस वर्ष 50वीं वार्षिक सामान्य सभा आयोजित की गई । बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव रविन्द्र प्रधान ने सदस्यों का स्वागत कर, वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा । अपने अध्यक्षीय भाषण में गुलाब केडिया ने सदस्यों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वर्ष भर उनकी टीम के सदस्यों ने एकमत होकर लगन के साथ कार्य किया एवं कोरोना जैसी महामारी के समय भी वरिष्ठ सदस्यों के सहयोग से ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित किये गए । उन्होंने सी. ए. ब्रांच रायपुर, फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ इनकम टैक्स बार एसोसिएशन और मीडिया के प्रति भी सहयोग हेतु आभार प्रकट किया । कोषाध्यक्ष मनोज केसवानी ने वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया । कार्यक्रम में बारहवीं, कॉमर्स स्नातक, लॉ स्नातक एवं सी. ए. के एग्जाम में सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्र/छात्राओं




को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए । बार के विभिन्न कार्यक्रमों के वक्ताओं, कमेटी के चैयरमेन तथा स्पोर्ट्स में विजेताओं एवं उपविजेताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान किये गए । चुनाव अधिकारी संजय बिल्थरे ने वर्ष 2022-23 की कार्यकारिणी घोषित की जो इस प्रकार है - अध्यक्ष - साक्षीगोपाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रथम - हरीश बजाज, उपाध्यक्ष द्वितीय - सिद्धार्थ पारख, कोषाध्यक्ष - पवन अग्रवाल, सचिव - प्रवीण जैन, सह सचिव प्रथम - निखिल अग्रवाल, सह सचिव द्वितीय - रविशंकर अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य - महेंद्र पंसारी, दीपक राठी, विक्रम बिंदल और प्रदीप केसरिया ।

# मामा बालेश्वर दयाल राष्ट्रीय अवार्ड -2022 बस्तर के डॉ राजाराम त्रिपाठी को

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली में गांधी पीस फाउंडेशन में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 158 वीं जयंती समारोह में 9 जुलाई को सम्मानित होंगे डॉक्टर त्रिपाठी, जनजातीय समुदायों के लिए दीर्घकालिक उल्लेखनीय सेवा कार्यों के लिए दिया जाता है यह प्रतिष्ठित सम्मान, प्रतिष्ठित बैंक के उच्चाधिकारी के पद से त्यागपत्र देकर तीन दशकों से आदिवासियों के बीच जैविक तथा हर्बल खेती के नवाचारों में लगे हैं, डॉ त्रिपाठी, हिंदी के प्रथम आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की 158वीं जयंती के उपलक्ष्य में राइटर्स एंड जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन, दिल्ली और आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी राष्ट्रीय स्मारक



समिति, के तत्वावधान में 09 जुलाई 2022 को गांधी शांति प्रतिष्ठान, आईटीओ, नई दिल्ली में सायंकाल 5:00 बजे से एक समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह बड़ा सुयोग है कि इसी साल आचार्य स्मृति अभियान का रजत जयंती वर्ष भी आरंभ हो रहा है। जिसकी पहली कड़ी यह समारोह है। इसके पश्चात देश के अन्य हिस्सों में साल भर अन्य कई आयोजन होंगे। इस भव्य राष्ट्रीय समारोह में साहित्य जगत तथा मीडिया जगत की देश की गणमान्य विभूतियां शामिल होंगी। समारोह में साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में देश की सात चयनित महानुभावों को सम्मानित किया जा रहा है। दोनों संस्थाओं के पदाधिकारियों की ओर से तय शीर्ष निर्णायक मंडल ने ÷ मामा बालेश्वर दयाल पुरस्कार-2022 से छत्तीसगढ़ कोंडागांव के डॉ राजाराम त्रिपाठी को सम्मानित करने का फैसला किया है। यह अवार्ड उनके द्वारा विगत तीन दशकों में कृषि क्षेत्र में जनजातीय समुदायों के जीवन में उन्नयन के लिए किए गए सतत अनूठे और अनुकरणीय कार्यों के लिए दिया जा रहा है। बस्तर के ही आदिवासी वन ग्राम ककनार में जन्में तथा पले बढ़े राजाराम के अपने मन में अपनी मातृ-भूमि बस्तर के लिए कुछ कर गुजरने की बचपन से ही ठान ली थी।

# कलयुगी बेटे ने पिता को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता ◄ केशकाल
www.dailypioneer.com

केशकाल अनुविभाग के धनोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हाटचपई में एक कलयुगी बेटे ने अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी है। शराबी पिता द्वारा आए दिन शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी व घर के अन्य सदस्यों से मारपीट करने के कारण उसके बेटे का आक्रोशित होना इस हत्या का कारण बताया जा रहा है। फिलहाल धनोरा पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विशेष टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी करते हुए आरोपी युवक को चंद घण्टो में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मसाय ने धनोरा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करवाया था दिनांक 23 जून की रात 9 बजे उसका पति रैनूराम नशे की हालत में घर आया। वह खाना ठीक नहीं बनने की बात को लेकर प्रार्थिया से मारपीट करने लगा। मारपीट होती देख उसका



बेटा अस्सीराम आकर बीच बचाव करने लगा। पिता द्वारा आए दिन शराब के नशे में घर आकर झगड़ा करने से आक्रोशित बेटे ने लोहे के धारदार से अपने ही पिता के सिर में दो बार मारकर उनकी हत्या कर दी। प्रार्थिया के रिपोर्ट पर धनोरा पुलिस ने आरोपी का कृत्य अपराध धारा 302 भा.द.वि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ततपश्चात वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी भूपतसिंह धनेके पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह पुजारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये थाना धनोरा से टीम गठित कर आरोपी पता तलाश हेतु रवाना की गई।

# निजी निर्माण के बाद संकरा हुआ नाला, विकल्प नहीं खोजा तो पूरे मानसून में जलभराव से जूझेंगे सैकड़ों परिवार, जिला अस्तपाल में भी बनी रहेगी समस्या

## निगम ने कभी विकल्प तलाशा ही नहीं, अब बढ़ी परेशानी, लोहाबाड़ी में नाले की चौड़ाई सिर्फ 5-7 फीट, यही पानी निकासी में समस्या आ रही

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानसून के शुरुआती दौर ने ही शहर में निगम की कागजी तैयारियांध्वस्त हो गई है। शुक्रवार की देर रात तक हुई बारिश में बसंतपुर स्थित जिला अस्पताल के भीतर वार्डों तक नाले का पानी घुस आया। वहीं निचली बस्तियों में भी पानी भर गया। हर साल इस तरह की दिक्कत पेश आती है लेकिन इससे सबक लेकर सुधार कभी नहीं किया गया। हालफिलहाल में निगम अफसरों ने बारिश की तैयारियों के चलते नाली-नाला की सफाई के दावे किए लेकिन ये फेल ही नज़र आ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि राजीव नगर, इंदिरा नगर होकर जाने वाले नाला का आगे का मुहाना संकरा होने के चलते इन दो वार्डों के लिए पानी भराव की समस्या और बड़ी हो गई है। इंदिरा नगर, राजीव नगर में इस नाले की चौड़ाई 20-25 फीट है। बताया जा रहा है कि इससे आगे इंदिरा नगर के लोहाबाड़ी इलाके में जहां निजी भूमि से यह पानी निकल जाया करता था वहां अब महज 5 फीट चौड़ा नाला बनाकर भवन निर्माण कर दिया गया है। जिसके चलते बारिश के पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। निगम अमले की बदइंतजाती और लापरवाह रवैया के चलते कई वर्ष बीतने के बावजूद नाला के लिए न ही विकल्प की तलाश की गई और न ही लोहाबाड़ी में निर्माण को विकल्प तैयार किए जाने तक रुकवाया गया। अब इस लापरवाही का नतीजा सैकड़ों परिवार भुगत रहे हैं। बताया जा रहा है कि पूरे मानसून होने वाली बारिश से बार-बार इन इलाकों में जलभराव की स्थिति बनेगी।



### घुटने तक जलभराव, लोग परेशान

इंदिरा नगर, राजीव नगर इलाके में भी जलभराव से रहवासियों को रात भर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। राजीव नगर में तो घुटने तक पानी भर गया। कई लोगों के घरों में भी पानी घुस आया जिससे उन्हें काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। अंदेशा है कि आगे समस्या जस की तस बनी रहेगी। स्थानीय रहवासी व मोहन सिन्हा, दुर्गेश कुमार, नरेश सारथी, राहुल समेत अन्य लोगों ने बताया कि हर साल बारिश में नाले का पानी उफन कर बस्ती में भर जाता है। नाले की सफाई नहीं होने के कारण सारा कचरा पानी के साथ इलाके में फै ल जाता है। राजीव नगर पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि, नाला के संकरा होने के चलते पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। अगर जल्द ही कोई विकल्प तैयार कर व्यवस्था नहीं बनाई गई तो पूरा

### अस्पताल के वार्ड तक पहुंचा पानी



तेज बारिश के बीच जिला अस्पताल के सामने स्थित नाले का पानी पूरे परिसर में भर गया। दोनों प्रवेश द्वारा पानी के चलते बंद हो गए। यही नहीं यह पानी वार्डों तक चला आया। आधी रात तक मरीज और स्टॉफ इस परेशानी से दो चार होते रहे। बारिश बंद होने के बाद पानी तो उतर गया लेकिन अस्पताल में गंदगी का ढेर लग गया। लोगों को काफी देर तक परेशान होना पड़ा।

### शहर में नाले की लंबाई सौ किमी

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार शहर में नार कन्हैया नाला, निराली नाला, राजीव नगर, इंदिरा नगर, चिखली, शांति नगर, जीई रोड, गायत्री मंदिर से कलेक्ट्रेट, फुलवारी नाला मोतीपुर, बरबटी कुआ नाला और 18 एकड़ मिलाकर कुल 11 बड़े नाला है। लगभग 12 वर्ग किलोमीटर में बसे राजनांदगांव शहर में लगभग 100 किलोमीटर नाले की लंबाई है। जिन्हें बारिश के पूर्व ही नहीं बल्कि 12 महीने नियमित सफाई की आवश्यकता है। लेकिन इसकी सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। सफाई कर्मचारियों की बात करें तो नगर निगम में 163 रेगुलर सफाई कर्मी है। इसके अलावा 18 मस्टर रोल कर्मी, 113 प्लेसमेंट और 304 ठेका सफाई कर्मी है। इसके बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है।

# भाजपा ने भूपेश सरकार पर लगाया कालाबाजारियों को शह देने का आरोप



- खाद संकट को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

डीएपी खाद के लिए तरस रहे किसानों के पक्ष में शनिवार को भाजपा नेताओं ने तहसील कार्यालय में धावा बोल दिया। डीएपी खाद का संकट के लिए भाजपा ने खुले तौर पर सरकार पर कालाबाजारियों को शह देने का आरोप लगाते कहा कि किसानों को सोसायटियों के बजाय सरकार के इशारे पर बाजार से खाद मिल रहा है। स्पष्ट रूप से पूरा मामला कमीशनखोरी से जुड़ा हुआ है। भाजपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र को खाद संकट के लिए दोषी ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं को यह बात अच्छी तरह पता है कि केंद्र द्वारा आबंटित खाद का सोयायटियों में भंडारण करने का जिम्मा राज्य सरकार का होता है। राज्य सरकार ने बड़ी चालाकी से बाजार से कम मात्रा में सोसायटियों में खाद की आपूर्ति की है। जिससे किसान सरकारी दाम पर मिलने वाले खाद से महरूम हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार व्यापारियों के हितों का विशेष ख्याल रख रही है। जिसके चलते सोसायटियों में ऐन खेती के समय किसान लंबी कतारों में खड़े नजर आ रहे हैं। खाद के लिए किसानों में मारामारी की स्थिति है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के खाद वितरण पर एक तरह से राज्य सरकार ने अडंगा डाला है। उन्होंने मांग करते कहा कि सोसायटियों में तत्काल खाद की किल्लत को दूर करना जरूरी है अन्यथा किसानों के हित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नीलू शर्मा, तरूण लहरवानी, गोलू गुप्ता, राजू वर्मा, सज्जन ठाकुर, आशू कसार, आकाश चोपड़ा, मिथलेश्वरी वैष्णव, पारूल जैन, शिव वर्मा, मुकेश शर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# टप्पा के स्कूलों में आयोजित हुआ संयुक्त प्रवेशोत्सव

- जिपंसदस्य, जनपद पंचायत सदस्यगण हुए सम्मिलित

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को पाठ्य पुस्तक, गणवेश तथा कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्राचार्य जेके सिंह द्वारा अपने पिता स्वर्गीय कृष्ण शरण सिंह की स्मृति में ईयर बुक तथा पेन प्रदान कर पुरुस्कृत करते हुए सम्मानित किया।

समारोह में मुख्यअतिथि बतौर जागृति यदु सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव सम्मिलित हुई। अध्यक्षता छत्रपाल चंद्रवंशी सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव ने की। विशिष्ट अतिथि राधिका अंधारे सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, निर्मला सिन्हा सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव, मीना साहू सरपंच ग्राम पंचायत टप्पा, जितेंद्र कुमार सिंह प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला टप्पा व टुमन साहू समाजसेवी उपस्थित थे। समारोह दरम्यान व्याख्याता हीरा लाल साहू ने आगामी वर्षों में कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत करने संकल्प लिया। समारोह में शासकीय हायर सेकेंडरी, हाईस्कूल, मिडिल एवं प्रायमरी स्कूल टप्पा के शिक्षक शिक्षिकाएं आरएल साहू, हेमंत साहू, हीरा लाल साहू, वीरेंद्र कुमार रंगारी, डैनीराम वर्मा, त्रिभुवन वर्मा, मोनिका नायक, नम्रता बावनकर, स्वालेहा खानम शेख, चंद्रिका भारद्वाज, रेखा कड़वे, भगवती यारदा, बख्श मैडम, हुमन लाल जोशी, मालती ठाकुर, सूर्यकांत ठाकुर, शान्ति लाल कंवर सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हेमंत साहू व आभार आरएल साहू ने किया।

# तेज बारिश में हादसे का शिकार हुए घायलों को देर रात खुज्जी विधायक ने पहुंचाया अस्पताल

- ग्राम जंतर से बम्हनी के बीच हुआ सड़क हादसा, विधायक छन्नी साहू ने की मदद

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



देर रात तेज बारिश के बीच सड़क दुर्घटना में घायल पड़े युवकों को खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू ने अस्पताल पहुंचाया। घटना शुक्रवार रात तकरीबन 9.30 बजे की है। छुरिया इलाके के ग्राम जंतर से बम्हनी भांठा के बीच सड़क के नीचे गड्ढे पर पड़े घायलों को कांग्रेस के पदाधिकारियों व पीएसओ की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां उनका ईलाज हुआ।

शुक्रवार की रात अपने दौरा कार्यक्रम से गृहग्राम वापस लौट रही विधायक के काफीले को बीच सड़क पर बाईक गिरी नज़र आई। गाड़ी से उतरकर आसपास देखने पर सड़क के नीचे गड्ढे पर कुबराडीही निवासी अशोक सिन्हा व बनियाटोला निवासी जागेश्वर साहू घायल अवस्था में मिले। दोनों डोंगरगांव से घर की ओर लौट रहे थे लेकिन अंधेरे और तेज बारिश के चलते वे गढ्डे में जा गिरे थे।

इस घटना में अशोक को काफी चोट आई थी और वह उठने-बैठने में भी सक्षम नहीं थे। विधायक छन्नी चंदू साहू ने तत्काल सहयोगियों के साथ घायलों को गढ्डे से बाहर निकाला। इस बीच 112 और 108 की मदद ली गई। एंबुलेंस के साथ ही विधायक खुद भी छुरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और उन्होंने ड्यूटी डॉक्टर भाटिया को उचित उपचार के लिए निर्देशित किया। अभी घायल की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही।

उक्त मौके पर घटना स्थल में ललित कुमार साहू, भूपेश जंघेल, उत्तम साहू ,मनहरण वर्मा तथा ब्लाक अध्यक्ष रितेश जैन, जिला प्रवक्ता राहुल तिवारी व महामंत्री संजीव गुप्ता ने स्वास्थ्य केंद्र में घायल के इलाज के लिए मदद की। साथ ही एम्बुलेंस व डायल 112 के स्टाफ ने भी बेहतर कार्य किया।

# फरहद तालाब से मर रहीं है मछलियां पानी हो चुका है हरा और दूषित

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम फरहद स्थित तालाब के पानी की लंबे समय से निस्तारी न हो पाने के कारण तालाब का पानी हरा और दूषित हो चुका है। तालाब की मछलियां इसके दूषित पानी से मरने लगी है। अब तो मवेशी भी इसके पानी को पीने से कतराने लगे हैं। जिसके चलते इसके जहरीले हो जाने की भी पूरी संभावना है। लंबे समय से पानी के ठहराव के चलते डेंगू और मलेरिया के मच्छर भी पनपने लगे हैं। साथ ही संक्रामक बीमारियों के फै लने का खतरा भी मंडराने लगा है। अगर उक्त तालाब के दूषित पानी की निकासी कर दी जाए तो इन सारी समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। गौरतलब हो कि, ग्राम फरहद चौक में स्थित तालाब निजी भूमि पर निर्मित है। यह कोई शासकीय तालाब नहीं है और न ही शासकीय भूमि में निर्मित है। न ही निस्तारी के लिए ही इसका उपयोग किया जाता है। यह एक निजी संपत्ति की भूमि है। भूमि खाली पड़ी होने की वजह से भूमि स्वामी ने ग्रामीणों के उपयोग के लिए तालाब का निर्माण करा दिया था।

# सीएससी केंद्र में डॉक्टर अस्थाना ने किया जांच एवं परीक्षण

पायनियर संवाददाता < गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कल शुक्रवार को गंडई सीएससी केंद्र के अंतर्गत आने वाले गर्भवतियोंकोप्रसव पूर्व जांच एवं उपचार की सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए गंडई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजन कर जांच एवं मॉनिटरिंग की गई।

इस दौरान सी एस सी केंद्र के अंतर्गत आने वाली गर्भवतियों को स्वस्थ्य एवं शिशु को स्वस्थ्य रखने संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही उनकी जरूरी जांच की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से अधिकृत एवं आदेशित प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुपमा अस्थाना की नियुक्ति गंडई सी एस सी के लिए किया गया है। जो माह में 9 एवं 24 तारिक को वालंटियर सेवाएं देकर उपस्थित रहकर जांच एवं आवश्यक गाईड लाइन देंगेतथा जाँच प्रतिवेदन सीएचएमओ कार्यालय में जमा करेंगे। नियुक्ति में आदेशीत डॉक्टर अस्थाना ने बताया कि प्रसव पूर्व जाँच जटिलताओ की सम्भावना अधिक होती है। उस गर्भावस्था को हाइ रिस्क प्रेग्नेंसी या उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था में रखा जाता है। इसका पता लगाने के लिए प्रशिक्षित डॉक्टर्स द्वारा प्रसव पूर्व तीन सम्पूर्ण जांच करना बहुत जरूरी होता है। जिससे समय रहते इसका पता लगाकर इससे होने वाली खतरों से गर्भवती को बचाया जा सकता है जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

बता दे कि सुंदरा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. अनुपमा अस्थाना स्त्री एवं हाई रिस्क प्रसूति विशेषज्ञ एवं उनकी टीम दुलेश्वरी साहू द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए बेहतर इलाज सुविधा, एवं स्वयं के रख रखाव हेतु जरूरी दवाई एवं विशेष सलाह दी गई, इस दौरान गंडई में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अभिनव पंचारी ,आर एम ए शबाना खान उपस्थित रहे।

# धनेश सिन्हा को मिला अक्षय अलंकरण प्रबोधक अवार्ड

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



राज्य और देश मे विभिन्न सम्मानों से सम्मानित धनेश सिन्हा को विगत दिनों रायगढ़ के अंश इंटरनेशनल होटल में अक्षय अलंकरण समिति की ओर से अजय शिक्षक प्रबोधक अवार्ड से सम्मानित किया गया। सिन्हा को यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनवरत प्रयास के लिए प्रदान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलसचिव डॉ केके तिवारी, विशिष्ट अतिथि सुपसिद्ध चिकित्सक डॉ सुचित्रा त्रिपाठी, प्रसिद्ध शिक्षाविद जया षड़ंगी, रामचन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे। मुंगेली जिला के जिला शिक्षा अधिकारी सतीश पांडेय ने धनेश सिन्हा को सम्मनित किया। इसके पूर्व भी सिन्हा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा ग्लोबल अवार्ड, भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा गवर्नर अवार्ड, उच्च शिक्षा आयोग द्वारा अचीवमेंट अवार्ड जैसे अनेक सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। सिन्हा को उनके इस सम्मान पर शिक्षकों व मित्रों ने बधाई संदेश प्रेषित किया है जिनमे खोरबाहरा राम साहू, हेमराज सहारे, मोहन लाल बोगा, डॉ मधु कामरा, डॉ चन्द्रशेखर शर्मा, डॉ हरप्रीत कौर गरचा, डॉ अनिता शंकर, डॉ रमेश भोगे, डॉ ओमप्रकाश तिवारी, डॉ प्रमोद शुक्ला, प्रोफे सर ए. सिंह, डॉ एन. मिश्रा, प्रो. डी. धुर्वे, एचके खिलारी, अजय देवांगन, निखिल जाम्बुलकर, तरुण देवांगन, कामिनी साहू, चमेली पटेल, पुष्पा सिन्हा, कु. आस्था सिन्हा, ताम्रध्वज यादव, धरम सिन्हा आदि शामिल है।

## भाजपा ने किसानों को खाद बीज के लिए सौंपा ज्ञापन

# डोंगरगांव नगर में 28 जून को धरना सभा का ऐलान

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



बोनी के पहले किसानों को पर्याप्त खाद बीज मुहैया कराने की मांग को लेकर भाजपा ने शनिवार को ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेताओं ने किसानों को शीघ्र खाद बीज मुहैया नहीं कराये जाने पर किसान आंदोलन की चेतावनी दी है। भाजपा ने आगामी 28 जून को स्थानीय पुराने बस स्टैंड परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का ऐलान भी किया है।

मुख्यमंत्री के नाम सौपें गए ज्ञापन में भाजपाईयों ने कहा है कि मानसून की दस्तक के साथ खरीफ सीजन के धान बुआई की शुरुवात हो गई है, किंतु कांग्रेस सरकार के कुप्रबन्धन के चलते सोसायटियों में अब तक खाद बीज का पर्याप्त भंडारण नहीं हो पाया है। सरकार की अक्षमता के चलते किसानों को खुले बाजार से महंगे दाम में खाद बीज लेना पड़ रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा है कि भाजपा के शासन काल में बोनी बुआई के पहले ही खाद बीज का भंडारण और वितरण कर दिया जाता था। अब कांग्रेस सरकार में प्रदेश के किसान भटक रहे हैं। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला भाजपा महामंत्री दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ नीरेंद्र साहू, स्वरुपचंद जैन, रामकिशन माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, जागृति यदु, इंदुमती साहू, निवेदन साहू, बीरेंद्र साहू, जितेंद्र सिन्हा, अजय वैष्णव, दिनेश साहू, रमेश सोनी, अंजू त्रिपाठी, प्रवेश ठाकुर, कोमल साहू, अश्वनी ठाकुर, प्रवेश ठाकुर, लक्ष्मीनारायण सेन व विजय जैन सहित भाजपाई मौजूद थे।

### मोदी सरकार ने कम किया छग के कृषि खाद का कोटा



जिले में खाद की कमी की शिकायतों को लेकर जिला किसान कांग्रेस ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। जिला मुख्यालय स्थित पुराना रेस्ट हाऊस में जिला अध्यक्ष की मौजूदगी में किसान कांग्रेस की बैठक में कई गंभीर विषयों पर चर्चा हुई। किसान कांग्रेस ने जिले व प्रदेश में खाद संकट की स्थिति के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मोदी सरकार को किसान विरोधी करार दिया है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि किसान कांग्रेस जिले के सभी क्षेत्र में किसानों के हितार्थ काम कर रही है। किसानों को किसी भी तरह की समस्या होने पर हम उनकी सहायता करेंगे। उन्होंने कहा कि, मौजूदा समय में मांग अनुरुप खाद की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। केंद्र सरकार ने रासायनिक उर्वरकों की मांग अनुरूप आपूर्ति नहीं की, जिसका असर खेती में पड़ रहा है। जिला किसान कांग्रेस ने बैठक में चर्चा कर किसानों को खाद की सुगम उपलब्धता और निजी विक्रेताओं द्वारा सही दाम में बिक्री सुनिश्चित कराने सहित कालाबाजारी व जमाखोरी पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

# खैरागढ़ को जिला बनाने की घोषणा बाद आसमान पर जमीन के दाम

पायनियर संवाददाता < खैरागढ़
www.dailypioneer.com

खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव सम्पन्न के बाद मुख्यमंत्री के द्वारा खैरागढ़ को अलग जिला के घोषणा के बाद से अंचल में जमीन के दाम बढ़ गए हैं बता दें कि पहले खेती करने की जमीन खैरागढ़ से 8-10 किलोमीटर के दूरी में 5 से 7 लाख रुपये प्रति एकड़ की जमीन हुआ करती थी अब उस इलाके में 10 से 15 लाख रुपये प्रति एकड़ कृषि करने योग्य जमीन की रेट हो गई है वही दूसरी ओर जमीन के कारोबारी भी नगर को छोड़कर खैरागढ़ से जालबांधा रोड एवं खैरागढ़ से अतरिया रोड में अधिक फोकस कर रहे हैं क्योंकि अभी की स्थिति में यह इलाका डेवलप क्षेत्र माना जा रहा है वही सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खैरागढ़ से जालबांधा रोड में प्लाट के लिए आये दिन खरीदी बिक्री होती है जिससे यह कयास लगाया जा रहा है कि आने वाले समय में इस क्षेत्र में जमीन लेना आम आदमी के लिए बहुत ही कठिनाई हो सकता है सूत्र बताते हैं कि खैरागढ़ से जालबांधा रोड में राजनादगांव, भिलाई सहित राजधानी के अनेक डेवलपर्स अपने लिए उपयुक्त जमीन की खोज कर रहे हैं एवं जालबांधा में बड़ी फैक्ट्री खुल जाने से क्षेत्र में अनेक कारोबारी जमीन की तलाश में लगे हुए हैं जानकारी अनुसार कई कारोबारी इस रोड के किनारे जमीन लेकर अपने करोड़ो रूपये इन्वेस्ट भी कर चुके हैं गौरतलब है कि खैरागढ़ नगर के रहवासी भी जालबांधा एवं अतरिया रोड में अधिक बसाहट हो रहे हैं विश्वत सूत्रों के अनुसार खैरागढ़ जिला के घोषणा बाद से ही जमीन के दामो में दुगुनी कीमत की वृद्धि हो गई है जिससे आम आदमी के बजट में जमीन लेना काफी हद तक महंगा हो गया है।

# ग्वादर में चीन बना रहा इंटरनेशल एयरपोर्ट, सितंबर 2023 तक हो जाएगा तैयार

**बीजिंग।** चीन द्वारा पाकिस्तान के बलोचिस्तान प्रदेश के ग्वादर में बनाए जा रहे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम 15 सितंबर 2023 तक पूरा होने की संभावना है। यह रिपोर्ट चीनी सरकार समाचार एजेंसी ने दी है। न्यू ग्वादर इंटरनेशनल एयरपोर्ट चीन की रणनीति के हिसाब से बेहद अहम है। ग्वादर एयरपोर्ट प्रोजेक्ट को चीन-पाकिस्तान इकॉनमिक कॉरिडोर के तहत बनाया जा रहा है।

### 1800 करोड़ की लागत से बन रहा एयरपोर्ट

2019 में शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट पर 1800 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। यह प्रोजेक्ट पूरी तरह से चीनी सरकार द्वारा फंड किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 18 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हुए बन रहा ग्वादर एयरपोर्ट पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा हवाई अड्डा होगा। एयरपोर्ट पर दो रनवे बनाए जा रहे हैं। अब तक प्रोजेक्ट का 40 फीसद से अधिक काम पूरा किया जा चुका है और टर्मिनल आकार ले रहा है।

### ग्वादर में चीनी प्रोजेक्ट्स को किया जा रहा टारगेट

ग्वादर बलोचिस्तान की आजादी की मांग कर रहे लड़ाकों के लिए केंद्र रहा है। पिछले कुछ सालों में क्षेत्र में बढ़ी चीनी गतिविधियों के कारण चीन से जुड़े प्रोजेक्ट्स और चीनी कर्मचारियों को आतंकी गुटों द्वारा निशाना बनाया गया है। हाल ही में पाक के पीएम शहबाज शरीफ ने ग्वादर के लोगों से बलोचिस्तान के विकास के लिए निवेश कर रहे विदेशी निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।



### इमरान खान ने रखी थी एयरपोर्ट की आधारशिला

पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान ने 29 मार्च 2019 को न्यू ग्वादर इंटरनेशल ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट की आधारशिला रखी थी। नए एयरपोर्ट में मॉडर्न टर्मिनल के साथ ही एक कार्गो टर्मिनल भी होगा जिसकी शुरुआती क्षमता 30 हजार टन सालाना होगी। ग्वादर एयरपोर्ट एयरबस,380 और बोइंग 747-8 जैसे वाइड बॉडी एयर ाफ्ट को भी आसानी से संभालेगा। न्यू ग्वादर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के कंस्ट्रक्शन का काम चाइना कम्युनिकेशंस कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है और इसके सितंबर 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है।

# अमेरिकी महिलाएं अब कैसे कराएंगी गर्भपात, प्रग्नेंसी को खत्म करने के लिए बढ़ेगा पिल्स का इस्तेमाल?

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने रो बनाम वेड मामले में दिए गए फैसले को पलटते हुए गर्भपात के लिए संवैधानिक संरक्षण को समाप्त कर दिया है। शुक्रवार को हुए इस घटनाक्रम से लगभग आधे राज्यों में गर्भपात पर प्रतिबंध लगने की उम्मीद है। यह निर्णय कुछ साल पहले तक अकल्पनीय था। उच्चतम न्यायालय का फैसला गर्भपात विरोधियों के दशकों के प्रयासों को सफल बनाने वाला है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह उन राज्यों में गर्भपात संबंधी नियमों के मद्देनजर महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण के लिए अपनी क्षमतानुसार हरसंभव प्रयास करेंगे, जहां इन्हें प्रतिबंधित किया जाएगा। बाइडन ने कहा कि राजनेताओं को उन फैसलों में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं दी जाएगी जोकि एक महिला और उसके चिकित्सक के बीच होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अदालती फैसले को गलत करार दिया है। उन्होंने गर्भपात के लिए संवैधानिक सुरक्षा की वकालत करने वालों से अपील की कि वे केवल शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन करें।




### इन राज्यों की महिलाएं गर्भपात के लिए क्या करेंगी?

गर्भपात विरोधी कानून राष्ट्रीय नहीं है। कुछ डेमोक्रेटिक-नेतृत्व वाले राज्यों जैसे कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क ने प्रजनन अधिकारों का विस्तार किया है। ऐसे में प्रतिबंध वाले राज्यों में गर्भवती महिलाओं को गर्भपात की सुविधा के लिए सैकड़ों मील की यात्रा करनी पड़ेगी या फिर दवा व अन्य तरीकों का उपयोग करके घर पर ही गर्भपात करना होगा।

रिसर्च से पता चलता है कि वैध हो या नहीं, लोग गर्भपात कराते हैं। जिन देशों में गर्भपात की पहुंच सीमित या गैरकानूनी है, वहां महिलाओं को संक्रमण, अत्यधिक रक्तस्राव और गर्भाशय वेध जैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन लोगों को गर्भावस्था को पूर्ण अवधि तक ले जाना चाहिए, उनमें गर्भावस्था से संबंधित मौतों की संभावना अधिक होती है।

### क्या अबॉर्शन पिल्स पर भी लगेगा बैन?

अमेरिका में अबॉर्शन पिल्स के जरिए गर्भावस्था को समाप्त करने का सबसे आम तरीका रहा है। कोरोना वायरस महामारी के दौरान इसमें और भी अधिक तेजी आई है। इस दौरान खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से इन दवाओं की आपूर्ति भी बढ़ाई गई है। कई राज्य जो गर्भपात को प्रतिबंधित करते हैं, वे दवा के जरिए भी गर्भपात को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में इन दवाओं की उपलब्धता को रोकना भी चुनौती होगी। हालांकि, अभी तक इस पर कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

### डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना की

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय के फैसले की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह फैसला प्रत्येक व्यक्ति के हित में है। यह फैसला संविधान का पालन और अधिकारों को बहाल करने जैसा है, जोकि बहुत पहले आ जाना चाहिए था। उधर, इस फैसले के खिलाफउच्चतम न्यायालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन की आशंका के चलते पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस का कहना है कि वाशिंगटन में अन्य स्थानों पर भी सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जा रहा हैं और ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की जा रही है, जहां व्यापक विरोध-प्रदर्शन होने की आशंका है।

# स्पेन में घुसने के लिए मची भगदड़ में 18 प्रवासियों की मौत

**रबात।** स्पेन में घुसने की कोशिश के दौरान देश के उत्तर अफ्रीकी एन्क्लेव मेलिला से सटी मोरक्को की सीमा पर शुक्रवार को बाड़ के पास मची भगदड़ में कम से कम 18 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों पुलिसकर्मियों समेत कई अन्य घायल हो गए। मोरक्को के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कुल 133 प्रवासी शुक्रवार को मोरक्को के नाडोर शहर और मेलिला के बीच की सीमा को पार करने में सफल रहे। पिछले महीने स्पेन और मोरक्को के बीच राजनयिक संबंधों में सुधार के बाद पहली बार इतनी बड़ी संख्या में लोगों के सीमा पार करने की घटना सामने आई है।

मेलिला में स्पेन सरकार के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि लगभग 2,000 लोगों ने सीमा पार करने का प्रयास किया, लेकिन कई को स्पेनिश सिविल गार्ड पुलिस और मोरक्को के सुरक्षाबलों ने बाड़ के दोनों ओर रोक दिया। मोरक्को के गृह मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि लोहे की बाड़ पर चढ़ने की कोशिश के दौरान भगदड़ मच गई, जिससे पांच प्रवासियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि लगभग 76 प्रवासी और मोरक्को के 140 सुरक्षा अधिकारी घायल हो गए।



मोरक्को की आधिकारिक समाचार एजेंसी एमएपी ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि घायल प्रवासियों में से 13 की बाद में अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 18 हो पर पहुंच गई। हालांकि, मोरक्को के मानवाधिकार संघ ने घटना में 27 लोगों की मौत होने का दावा किया है।

वहीं, स्पेन के अधिकारियों ने कहा कि 49 सिविल गार्ड्स को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि कुछ प्रवासियों ने पत्थर फेंके, जिससे पुलिस के चार वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारियों के अनुसार, जो लोग सीमा पार करने में सफल रहे, वे एक स्थानीय प्रवासी केंद्र पहुंचे, जहां प्राधिकारी उनकी परिस्थितियों का मूल्यांकन करने में जुटे हैं। गरीबी और हिंसा की वजह से अफ्रीका से पलायन करने वाले लोग कभी-कभी यूरोप में घुसने के लिए बड़े पैमाने पर उत्तरी अफ्रीकी तट, मेलिला और स्पेन के अन्य क्षेत्रों तक पहुंचने का प्रयास करते हैं।

प्रवासियों को सीमा से दूर रखने के लिए स्पेन ज्यादातर मोरक्को पर निर्भर रहा है। स्पेन के अधिकारियों के मुताबिक, मार्च की शुरुआत में दो दिनों में 3,500 से अधिक लोगों ने मेलिला में लगे छह मीटर ऊंचे अवरोधक को पार करने की कोशिश की थीऔर लगभग 1,000 इसे पार करने में सफल भी रहे थे। मार्च में स्पेन और मोरक्को के बीच संबंधों में सुधार के बाद शुक्रवार को प्रवासियों द्वारा सीमा लांघने का यह पहला प्रयास था।

### मुंबई हमले के साजिशकर्ता को पाकिस्तान में लगभग 15 साल की सजा

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने 2008 के मुंबई हमले के एक साजिशकर्ता को आतंकवाद के वित्तपोषण के एक मामले में 15 साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है। लश्कर-ए-तैयबा और जमात-उद-दावा के नेताओं के आतंकवाद वित्तपोषण के मामलों से जुड़े एक वरिष्ठ वकील ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''इस महीने की शुरुआत में लाहौर में एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े साजिद मजीद मीर को 15 साल की जेल की सजा सुनाई है। पंजाब पुलिस का आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी), जो मीडिया को ऐसे मामलों में दोषसिद्धि की जानकारी साझा करता है, ने आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में मीर की दोषसिद्धि की सूचना नहीं दी थी।

# पाकिस्तान की यूनिवर्सिटीज में लस्सी और सत्तू की खपत बढ़ाने का फरमान

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के हायर एजुएकेशन कमीशन ने अब चाय के आयात पर खर्च में कटौती के लिए एक नया तरीका सुझाया है। एजुकेशन बॉडी ने कुलपतियों से लस्सी और सत्तू जैसे स्थानीय पेय की खपत को बढ़ावा देने के लिए कहा है। एचईसी का कहना है कि इस कदम से न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि देश में चल रहे आर्थिक संकट के बीच जनता के लिए आय भी पैदा होगी।

उच्च शिक्षा आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष ने पाकिस्तान के सामने आने वाले आर्थिक संकट का हवाला दिया। उन्होंने 'नेतृत्व की भूमिका' निभाने और निम्न आय वालों को राहत देने के लिए नए तरीकों के बारे में सोचने को कहा। सुझाए गए उपायों में से एक में स्थानीय चाय बागानों को बढ़ावा देना और स्थानीय रूप से निर्मित व स्वस्थ पेय जैसे लस्सी और सत्तू शामिल हैं। आयोग ने कहा कि इस कदम से इन पेय पदार्थों के निर्माण में आय की भागीदारी और रोजगार भी पैदा होगा।



### चाय का सेवन कम करने की अपील

पाकिस्तान के योजना मंत्री की ओर से देश के लोगों से चाय का सेवन कम करने की अपील के कुछ दिनों बाद यह बयान आया है। दरअसल, पाकिस्तान को चाय आयात करने के लिए पैसे उधार लेने पड़ रहे हैं। मंत्री ने एक वायरल वीडियो में कहा, ÷मैं देश से चाय की खपत में 1-2 कप की कटौती करने की अपील करता हूं, क्योंकि हम कर्ज पर चाय का आयात करते हैं। पाकिस्तान में नकदी संकट और अस्थिर अर्थव्यवस्था समेत कई आर्थिक चुनातियों से पार पाने की कोशिशें लगातार जारी हैं।

इसी सिलिसले में देश के बड़े उद्योगों पर 10 प्रतिशत की दर से सुपर टैक्स लगाने का फैसला हुआ है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफने शुक्रवार को सीमेंट, इस्पात और वाहन जैसे उद्योगों पर दस प्रतिशत की दर से कर लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस कदम से देश को लगातार बढ़ रही मुद्रास्फीति और नकदी संकट का सामना करने में मदद मिलेगी।

## तबाह हो चुके इलाकों को छोड़कर सुरक्षित ठिकानों की ओर बढ़ रही है यूक्रेन की सेना



**कीव।** कई सप्ताह की भीषण लड़ाई के बाद यूक्रेन की सेना ने देश के पूर्वी हिस्से में तबाह हो चुके इलाकों को छोड़कर अपने गढ़ माने जाने वाले इलाकों की ओर जाना शुरू कर दिया है। यूक्रेन की सेना के एक क्षेत्रीय अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के लुहांस्क क्षेत्र के प्रशासनिक केंद्र माने जाने वाले सिविएरोदोनेत्स्क शहर पर रूसी सेना की भीषण बमबारी के कारण औद्योगिक शहर के अधिकतर इलाके तबाह हो चुके हैं। रूसी हमले से पहले शहर की आबादी करीब 10 लाख थी, जो अब घटकर मात्र 10 हजार रह गयी है। बड़ी संख्या में लोग शहर से पलायन कर चुके हैं। सिविएरोदोनेत्स्क शहर के बाहरी इलाके में बने विशाल अज़ोत रासायनिक कारखाने की ओर लौटने से पहले यूक्रेन के सैनिकों ने रूसी सेना का डटकर मुकाबला किया। यूक्रेन के सैनिकों ने शहर के भूमिगत ठिकानों में रहकर रूसी सेना का मुकाबला किया। इन ठिकानों में करीब 500 आम लोगों ने भी शरण ली हुई थी।

हाल के दिनों में यूक्रेनी सेना को घेरने के प्रयास में रूसी सैनिकों ने सिविएरोदोनेत्स्क और पड़ोसी शहर लिसिचन्स्क के अधिकतर इलाकों पर कब्जा कर लिया है। रूस ने पूरे डोनबास क्षेत्र पर कब्जा करने के उद्देश्य से सिविएरोदोनेत्स्क और लिसिचन्स्क शहर को प्रमुख रूप से निशाना बनाया था और इन दोनों ही शहरों पर भीषण हमले हुए थे। डोनबास के लुहांस्क क्षेत्र का 95 प्रतिशत इलाका रूस के कब्जे में आ चुका है। इसके अलावा, डोनबास के दूसरे प्रांत दोनेत्स्क के आधे हिस्से पर भी रूसी सेना और अलगाववादियों का अधिकार हो चुका है।

### नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में Gay Bar में हुई गोलीबारी 2 की मौत 14 से ज्यादा घायल

**ओस्लो.** नॉर्वे के ओस्लो में एक गे बार और नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मीडिया ने नार्वे के अधिकारियों के हवाले से खबर दी है कि यह घटना शनिवार तड़के हुई। सीबीएस न्यूज ने ओस्लो पुलिस डिस्ट्रिक्ट के हवाले से बताया कि लंदन पब नाइट क्लब में कई गोलियां चलाई गईं।

नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में एक नाइट क्लब और आसपास की सड़कों पर हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और 14 घायल हो गए। पुलिस ने संवाददाताओं को बताया कि एकमात्र अपराधी माने जाने वाले एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता टोरे बरस्टेड ने समाचार पत्र आफ्टेनपोस्टेन को बताया कि अपराध स्थल लंदन पब से एक पड़ोसी क्लब से होते हुए पास की एक गली तक फैला हुआ है जहां संदिग्ध को शूटिंग शुरू होने के कुछ मिनट बाद पकड़ा गया था। लंदन पब ओस्लो के केंद्र में एक लोकप्रिय समलैंगिक बार और नाइट क्लब है।सार्वजनिक प्रसारक एनआरके के पत्रकार ओलाव रोनेबर्ग ने बताया, मैंने देखा कि एक आदमी एक बैग के साथ आता है, उसने एक बंदूक उठाई और गोली चलाना शुरू कर दिया।यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि हमले का मकसद क्या था।

अमेरिकी सीनेट ने गुरुवार रात को संयुक्त राज्य अमेरिका में बंदूक हिंसा को संबोधित करने के लिए एक द्विदलीय विधेयक पारित किया, जो लगभग 30 वर्षों में संघीय बंदूक सुधार का पहला बड़ा टुकड़ा है। अंतिम वोट 65 से 33 था, जिसमें 15 रिपब्लिकन डेमोक्रेट्स में शामिल होकर उपाय के समर्थन में शामिल हुए, जो अमेरिका में सबसे विवादास्पद नीतिगत मुद्दों में से एक पर एक महत्वपूर्ण द्विदलीय सफलता का प्रतीक था।

### सोना खरीदने का शानदार मौका! 1,000 रुपये सस्ता मिल रहा गोल्ड

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की खरीदारी करने वालों के लिए अच्छी खबर है। शादी के इस सीजन में सोने के दाम कम हो गए हैं। लगातार बढ़त के बाद सोने की कीमतों में राहत मिली है। एमसीएक्स पर पिछले सप्ताह के हाई लेवल से लगभग ?1,000 कम होकर ?50,603 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया। हाजिर सोना 1826 प्रति औंस के स्तर पर बंद



हुआ। एमसीएक्स चांदी की कीमतों में पिछले सप्ताह 1.95 की तेजी से सुधार हुआ और 59,749 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुआ। एमसीएक्स पर चांदी 2.57 फीसदी की गिरावट के साथ 21.11 डॉलर प्रति औंस के स्तर पर बंद हुई। **क्या कहते हैं जानकार?:** सर्राफा विशेषज्ञों के अनुसार, हाजिर सोने की कीमत को तत्काल समर्थन 1810 प्रति डॉलर औंस के स्तर पर है जबकि मजबूत समर्थन 1770 डॉलर के स्तर पर है। हाजिर चांदी की कीमत को तत्काल समर्थन 20.50 डॉलर के स्तर पर है जबकि हाजिर चांदी के लिए मजबूत समर्थन 20 डॉलर के स्तर पर है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत को तत्काल समर्थन ?49,900 के स्तर पर है जबकि मजबूत समर्थन ?49,200 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है।

सोने की कीमत में गिरावट के कारणों पर बोलते हुए, रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विश्लेषक विपुल श्रीवास्तव ने कहा, ÷हाल के हफ्तों में कई बढ़त के बाद सोने की कीमतों में राहत मिली है। केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि, इंडस्ट्रियल मेटल्स के साथ एनर्जी की कीमतों में गिरावट से कुछ राहत मिलने की संभावना है। ग्लोबल आर्थिक मंदी की टेंशन से कीमती धातु में गिरावट देखने को मिल रही है।

# रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने देगा केंद्रीय बैंक : आरबीआई डिप्टी गवर्नर

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा ने शुक्रवार को कहा कि रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हाल के समय में अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट सबसे कम रही है। 'वैश्विक स्तर पर संकट का प्रभाव और भारतीय अर्थव्यवस्था' विषय पर आयोजित संवाद सत्र में पात्रा ने कहा कि भारत के पास करीब 600 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है जो काफी अधिक है और यही वजह है कि रुपये की विनिमय दर में बहुत अधिक गिरावट नहीं आई। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री के कार्यक्रम में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा, ''हम इसकी (रुपये की) स्थिरता के लिए प्रयास करेंगे और यह प्रक्रिया लगातार चल रही है...। हम अव्यवस्थित तरीके से उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे, निश्चित ही बहुत तेजी से उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे...।'' पात्रा ने कहा कि यदि रुपये की विनिमय दर में कमी को देखेंगे तो पाएंगे कि यह उन मुद्राओं में शामिल है जिनमें दुनिया में मूल्य ह्रास सबसे कम हुआ है।

इसका कारण इसके पीछे 600 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार की ताकत है। बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 78.32 पर बंद हुआ था। हालांकि शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में यह डॉलर के मुकाबले 12 पैसे चढ़कर 78.20 पर खुला।

# कर्ज में डूबी पावर कंपनी को खरीदने की रेस में अडानी और जिंदल आमने-सामने, 2016 से बंद हैं प्लांट

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी की कंपनी अडानी पावर और नवीन जिंदल की कंपनी जिंदल पावर दिवालिया कंपनी थर्मल पावर प्लांट इंड-बाराथ थर्मल पावर को खरीदने की रेस में आमने-सामने हैं। अडानी ग्रुप और जिंदल ग्रुप इस कंपनी पर अपना दांव लगाना चाह रही है और इसे खरीदने की दिलचस्पी दिखाई है। यह बात इकोनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है।

### बिजली कंपनियों में बढ़ी है रुचि

जेपीएल और अडानी पावर दोनों ने इस कंपनी को खरीदने के लिए रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की है और बोली लगाने के लिए मूल्यांकन कर रहे हैं। बोलीदाताओं को भेजे गए एक नोट ने कहा गया है कि संभावित खरीदार को प्लांट को फिर से शुरू करने के लिए लगभग 75 करोड़ रुपये का निवेश करने की आवश्यकता हो सकती है। बता दें कि दिग्गज उद्योगपतियों में इलेक्ट्रिसिटी की कमी के कारण संकटग्रस्त बिजली कंपनियों में रुचि बढ़ी है। सरकार भी मदद के लिए राज्य के स्वामित्व वाले बैंकों को उन्हें फाइनेंस देने के लिए कहा है।



### *तमिलनाडु की है यह कंपनी*

Ind-Barath तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित है। यहां 150 मेगावाट की दो पूर्ण इलेक्ट्रिसिटी प्रोडक्शन यूनिट हैं, लेकिन वित्तीय स्थिति खराब होने के कारण ये प्लांट साल 2016 से बंद हैं। बता दें कि Ind-Barath Thermal इनसॉल्वेंट कंपनी है जिस पर भारी भरकम कर्ज है। कंपनी पर लेनदारों का 2,148 करोड़ रुपए बकाया है जिसमें से 21 फीसदी पंजाब नेशनल बैंक का, स्टेट बैंक ऑफइंडिया का 18 फीसदी और बाकी बचा कर्ज बैंक ऑफ़बड़ोदरा एक्सिस बैंक और केनरा बैंक की ओर से दिया गया है।

# 80 वर्षीय किसान अर्जुन के घर सीएम ने किया भोजन बैंग भाजी खाकर कहा यह खाना रेस्टोरेंट से भी बढ़िया

## कंवर समाज के ऐतिहासिक राधाकृष्ण मंदिर में दर्शन करने पहुंचे सीएम बघेल






पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को जशपुर जिला के कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम पमसाला पहुंचे। यहां पहुंचकर मुख्यमंत्री ने कंवर समाज द्वारा निर्मित राधा कृष्ण मंदिर के दर्शन किए। ईब नदी के तट पर बसा राधा कृष्ण मंदिर कंवर समाज का ऐतिहासिक मंदिर है। यहां पर मकर संक्रांति के दिन कंवर समाज का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर सामूहिक विवाह तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत विवाह भी संपन्न कराए जाते हैं। मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री ने आम के पौधे लगाए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम पमशाला में भेंट-मुलाकात किया और उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ लेने की बात कही। मुख्यमंत्री ने यहां किसानों, मजदूरों और अन्य योजना के लाभान्वित हितग्राहियों से बातचीत की।

**ग्रामीणों से सुनी उनकी बातें :** भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में अपनी बात रखते हुए साजबहार के दीपक ने वन अधिकार पट्टा की मांग की, इस पर मुख्यमंत्री ने जांच को आदेश दिया और कार्रवाई का भरोसा। सितरेंगा के रजनी कुजूर ने कहा कि राशन कार्ड के लिए आवेदन किया है, जिस पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को जल्द राशनकार्ड बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों से की बात-चीत। फरसाबहार आत्मानन्द स्कूल के छात्र नूतन कुमार ने बताया कि स्कूल में पढाई अच्छी होती है। स्कूल में लैब और लाइब्रेरी आदि की सभी सुविधाएं हैं। स्कूल में अभी 500 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। बच्चों ने स्कूल दूर होने के कारण बस सुविधा की मांग की, मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को बस की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

**खाना खाकर आया आनंद :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि गांव के किसान के घर खाना खाकर जो आनंद की अनुभूति हुई वो किसी रेस्टोरेंट में खाकर भी नही आता। शुद्ध देशी और छतीसगढ़िया खाना का यह स्वाद हमेशा याद रहेगा। घर आगमन पर घर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का परम्परागत तरीके से आत्मीय स्वागत्व किया। 80 वर्षीय किसान अर्जुन सिंह मुख्यमंत्री के साथ भोजन कर बेहद खुश है। उन्होंने कहा कि यह मेरा और मेरे परिवार का सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री आज मेरे घर भोजन पर आए। भोजन के दौरान विधायक यू डी मिंज भी मौजूद थे। खाना के पश्चात मुख्यमंत्री ने घर के सदस्यों को उपहार भी भेंट किया।

**आंगनबाड़ी पहुंचे सीएम :** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पतराटोली स्थित आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया और सुविधाओं का जायज़ा लिया। इस अवसर पर बच्चो ने मुख्यमंत्री को कागज़ के पुष्प भेंट किए। मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी में हितग्राहियों से बात की, उन्होंने पूछा कि क्या क्या खाने में मिलता है। निरीक्षण के पश्चात मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट एवं महिलाओं को सुपोषण कीट का वितरण किया।

**फरसाबहार में 67 स्थानों पर देवगुड़ी के लिए दो करोड़ की स्वीकृति :** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जशपुर जिले में फरसबहार विकासखण्ड में भेंट-मुलाकात कार्यक्रम की शुरूआत पमशाला में ईब नदी के तट पर स्थित कंवर समाज के मंदिर राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ की। मुख्यमंत्री ने ईब नदी के तट पर आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्राम कोल्हेजहारिया में प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रावास तथा पुलिस चौकी की स्थापना, तपकरा में नायब तहसीलदार कोर्ट की घोषणा की। उन्होंने फरसाबहार के हाथी प्रभावित क्षेत्र में हाई मास्ट लाइट लगाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने तपकरा में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोलने, फरसाबहार में सहकारी बैंक प्रारंभ करने, पमशाला के हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन, फरसाबहार में 67 स्थानों पर देवगुड़ी के सौंदर्यीकरण के लिए दो करोड़ की स्वीकृति की घोषणा की। पमशाला पहुंचने पर वहां मुख्यमंत्री का स्वागत पगड़ी और साफा पहनाकर किया गया।

### पारंपरिक अंदाज में सीएम का स्वागत

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी पैकेजिंग और प्रोसेसिंग से लघु वनोपजों का मूल्यवर्धन हो रहा है। सरकार लघु वनोपजों को प्रोत्साहन दे रही है, इससे लोगों को आर्थिक लाभ भी मिल रहा है। सबसे पहले जशपुर में ही महुआ से बनाया गया सेनेटाइजर जिसे विदेशों तक भेजा गया। पमशाला भेंट -मुलाकात में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ईब नदी के तट पर बने पंडाल में लोगों से भेंट की। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर भेंट- मुलाकात की शुरुआत की। इस अवसर पर पमशाला में पारंपरिक पगड़ी और साफा पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

### पमशाला में भेंट-मुलाकात

मुख्यमंत्री कुनकुरी विधानसभा के ग्राम पमशाला में भेंट-मुलाकात करने के पश्चात अगले पड़ाव के लिए पतराटोली पहुंचे। सीएम बघेल ने किसान अर्जुन दीवान के घर दोपहर का भोजन किया। सीएम ने कटहल, कुल्थी दाल,बैंग भाजी अरसा और महुआ गुड़ा का लिया स्वाद। उन्होंने स्थानीय कटहल की सब्जी, आमटी भाजी, बैंग भाजी, कुल्थी की दाल, कोयनार, सुनसुनिया भाजी, महुआ गुड़ा, मुनगा भाजी, साखी कांदा, अरसा और आलू बड़ी, मड़ुवा हलुवा का लिया स्वाद लिया। इस अवसर पर कुनकुरी विधायक श्री यू. डी. मिंज भी मुख्यमंत्री के साथ थे।

## पुरी शंकराचार्य का आज प्राकट्य महोत्सव

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



हिन्दुओं के सार्वभौम धर्मगुरु एवं हिन्दू राष्ट्र के प्रणेता श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वती जी महाराज का राष्ट्रोत्कर्ष अभियान यात्रा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रवास में धर्मसंघ पीठपरिषद, आदित्य वाहिनी आनन्द वाहिनी संगठन द्वारा समस्त सनातनी धर्मावलंबियों एवं सर्वसमाज की सहभागिता से शंकराचार्य जी का 80 वॉं प्राकट्य महोत्सव राष्ट्रोत्कर्ष दिवस के रूप में आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी तिथि को आज भाटापारा के गुरुकुल स्कूल परिसर में आयोजित है । इस अवसर पर प्रातः 09 बजे से सामूहिक रुद्राभिषेक तथा 11 बजे से मंचीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाराज श्री का दिव्य दर्शन एवं आशीर्वचन सुलभ होगा जिसका सीधा प्रसारण आस्था भजन चैनल पर उपलब्ध हो रहा है । राष्ट्रोत्कर्ष दिवस विभिन्न प्रांतों तथा छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रत्येक जिले में रुद्राभिषेक, सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसापाठ, वृक्षारोपण, ध्वजारोहण, सहस्त्रार्चन , सत्संग संगोष्ठी, विभिन्न सेवा प्रकल्पों का कार्यक्रम सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ संकल्प के साथ तथा पूज्य शंकराचार्य महाभाग के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की मंगल कामना के साथ संगठन द्वारा गोवर्धन मठ पुरी ओडिसा तथा शंकराचार्यजी द्वारा स्थापित होशियारपुर पंजाब में श्री विम्लाम्बा शक्ति संस्थान तथा वाराणसी में दक्षिणामूर्ति मठ , श्रीहरिहर आश्रम वृंदावन , प्रयागराज में दिव्य शिव गंगा आश्रम , श्रीसुदर्शन संस्थानम् रायपुर एवं मधुबनी बिहार में मनसा देवी प्रांगण हरिपुर बख्शी टोल में भी आयोजित हो रहा है । पुरी शंकराचार्य जी के द्वारा आगामी वर्षो में भारत को हिन्दू राष्ट्र के रूप में उद्घोषित करने, हिन्दू द्वीप की अवधारणा के संदेशों से पूरे राष्ट्र में सभी सनातनियों में अद्भुत उत्साह तथा आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ है ।

## सोनिया और राहुल माफी मांगें : विष्णुदेव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने गुजरात दंगों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुप्रीम कोर्टसे क्लीन चिट मिल जाने पर कहा है कि सत्य कभी पराजित नहीं होता। जान बूझकर लगाए गए आरोप देश की सबसे बड़ी अदालत में टिक नहीं पाए। गुजरात दंगों में मोदी का नाम घसीटकर राजनीति करने वालों का झूठ बेनकाब हो गया है। कांग्रेस की कायज़्वाहक अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्वअध्यक्ष राहुल गांधी और उनके उन सभी चाटुकारों को माफी मांगनी चाहिए जो इतने सालों से मोदी के खिलाफ साजिश रच रहे थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस नेता मोदी को गुजरात दंगों के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें मौत का सौदागर कहते नहीं थक रहे थे। मुख्यमंत्री रहते हुए मोदी ने एसआईटी का बेधड़क सामना किया। मोदी को एसआईटी से क्लीन चिट मिली तो विरोधियों को रास नहीं आई। सुप्रीम कोर्टचले गए तो वहां सच की जीत होनी ही थी। सुप्रीम कोर्टने न्याय कर दिया है। अब ओछी राजनीति करने वाले कांग्रेस नेताओं में रत्ती भर भी नैतिकता बाकी बची हो तो वे बिना शर्त माफी मांगें।

## कोलंबिया ग्रुप ने किया सघन वन वृक्षारोपण का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनिकी विश्वविद्यालय से सम्बंधित कोलंबिया ग्ररुप ऑफ़ इंस्टीटूशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयो द्वारा सघन वन वृक्षारोपण का आयोजन 25 जून 2022 को कोलंबिया कॉलेज के कैंपस में किया गया, जहा करीब 1560 स्क्वायर फ़ीट जगह पर 390 पौधों को रोपित किया गया। विदित हो की यह कार्यक्रम करीब एक महीने से सुचारु रूप से चल रहा था' जिसे जिसे पूर्ण रूप दिया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन आर्मी सदस्य अमलीडीह जोन गुरदीप सिंह टुटेजा, मोनिका बगरेजा, डॉ भारती श्रीवास्तव एवं डॉ विजय जैन, रोटरी क्लब के सदस्य संकल्प वरवंडकर , मनीष अग्रवाल, राज दुबे, यंग इंडियन सदस्य श्रेया अग्रवाल तथा कोलंबिया ग्रुप के चेयरमैन किशोर जादवानी, सेक्रेटरी हरजीत सिंह हूरा, कॉलेज के सभी प्राध्यापक व छात्र छात्राये मौजूद थे।

## शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में प्रवेश उत्सव, वाटर कूलर का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल चंगोराभाठा रायपुर में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शिक्षकों ने नवप्रवेशीत विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

इस प्रवेश उत्सव को और अधिक शानदार तरीके से मनाने के लिए शाला समिति की ओर से विद्यार्थियों की सुविधा हेतु वाटर कूलर की स्थापना की गई जिसका उद्घाटन सौम्या नितिन गुप्ता के हाथों संपन्न हुआ । कार्यक्रम में स्कूल के संचालक मुकेश गुप्ता जी स्कूल की संचालिका ज्योति गुप्ता मैडम एवम इनकी माताश्री, शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल बोरियाकला के डायरेक्टर नितिन गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी सौम्या गुप्ता मैडम स्कूल के डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता जी , प्राचार्य बंशीलाल सुर्गे इंचार्ज नंदनी शर्मा, एवम स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अविनाश ग्रुप लाया है मानसून ऑफर, हर बुकिंग पर उपहार में टीवीएस जुपिटर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रियल एस्टेट सेक्टर में जाना-माना नाम अविनाश ग्रुप प्रॉपर्टी खरीदारों के लिए लेकर आया है, 'मानसून ऑफर'। इस ऑफ़र के तहत प्रत्येक प्रॉपर्टी की बुकिंग पर उपहार में टीवीएस जुपिटर पाया जा सकता है। ऑफर रायपुर के अलावा भिलाई और जगदलपुर स्थित उनके विभिन्न रेजीडेंशियल प्रोजेक्ट्स में प्रॉपर्टी की बुकिंग पर दिया जा रहा है। ग्रुप के प्रोजेक्ट्स में खरीदारों को हर तरह की प्रॉपर्टी प्लॉट, अपॉर्टमेंट और विला के श्रेष्ठ विकल्प मिलेंगे। ऑफर के फ़ायदे के साथ जरूरत, पसंद और बजट के मुताबिक प्रॉपर्टी खरीदने का अच्छा मौका है। अविनाश ग्रुप के मुताबिक मानसून ऑफ़र का फ़ायदा रायपुर में उनके प्रोजेक्ट अविनाश ट्विनसिटी, अविनाश स्मार्ट सिटी, अविनाश न्यू काउंटी, अविनाश वाटिका, अविनाश कैपिटल-2, अविनाश सनसिटी, अविनाश गार्डन सिटी में दिया जा रहा है।

## एनआईटी में तीन दिवसीय शोध सम्मेलन 28 से



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में पीएचडी शोधर्थियों के लिए तीन दिवसीय शोध सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । यह आयोजन संस्थान द्वारा 28 से 30 जून 2022 तक किया जाएगा । इस कार्यक्रम के आयोजन से शोधर्थियों के लिए उनके शोध निष्कर्ष को प्रस्तुत करने, युवा शोधर्थियों को प्रोत्साहित करने व और विभिन्न क्षेत्रों में त्वरित अनुसंधान और नवाचार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रस्तुत करने हेतु एक मंच प्रदान किया जाएगा 7 शोध समस्या की पहचान करने और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और मानविकी के क्षेत्रों की वर्तमान प्रवृत्तियों और भविष्य की प्रगति से संबंधित विविध विषयों के विचारों को इस सम्मेलन के माध्यम से साझा किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक डॉ. ए.एम. रावाणी, निदेशक, एनआईटी रायपुर होंगे और इसकी अध्यक्षता डॉ. पी. दीवान, डीन (आर एंड सी), एनआईटी रायपुर द्वारा की जाएगी। आयोजक मंडल मैं डॉ. अनामिका यादव, एसोसिएट प्रोफेसर, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग, डॉ अवनीश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, और डॉ तीरथ प्रसाद साहू असिस्टेंट प्रोफेसर, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग शामिल होंगे । कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं मैं सुवीरा श्रीवास्तव, प्रकाशन निदेशक, जर्नल स्प्रिंगर नेचर, मैथमेटिक्स, फिजिकल एंड एप्लाइड साइंसेज, साउथ ईस्ट एशिया, साउथ एशिया एंड पैसिफिक और डॉ सुनील कुमार सतपथी, डिप्टी लाइब्रेरियन, एनआईटी रायपुर होंगे।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403